CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, शनिवार, 16 सितंबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –138 । पृष्ठ –12 मूल्य – 4.00






कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का महंगाई के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर कटाक्ष — पृष्ठ 3

अभिमत
■ जनता के सवालों के लिए शाहरुख ने बॉलीवुड में बनाई नई राह — पृष्ठ 4

■ चीन यात्रा के दौरान शी से मिलेंगे नेपाल के पीएम प्रचंड
■ किम जोंग उन का नाम यूक्रेनी वेबसाइट पर देश के दुश्मन की सूची में — पृष्ठ 9

इंग्लैंड की नट साइवर-ब्रंट ने अपने 100वें वनडे में रिकॉर्ड शतक लगाया — पृष्ठ 10


# प्रदेश में झमाझम बारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त

## निचली बस्तियों में भरा पानी, नदी-नाले उफान पर







**रायपुर/अमेरा/बलौदाबाजार,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में मानसूनी सक्रियता के कारण इन दिनों प्रदेश के अनेक स्थानों में तेज और अच्छी बारिश हो रही है। झमाझम बारिश से प्रदेश में अनेक स्थानों पर नदी-नाले उफान पर है। वहीं कई शहरों में निचली बस्तियों में पानी भरने से लोगों का जीवन प्रभावित हो गया है। शहर में सड़कों की खुदाई के कारण लोगों का आना-जाना भी दूभर हो गया है। कुल मिलाकर वर्तमान में हो रही बारिश लोगों के लिए मुसीबत साबित हो रही है। मौसम विभाग की माने तो फिलहाल आगामी 48 घंटों तक हालात ऐसे ही बने रहेंगे। जिला प्रशासन के साथ ही एनडीआरएफ की टीम भी बारिश में फंसे लोगों के बचाव में जुटी हुई है।

राजधानी रायपुर से तो भारी बारिश के बाद धनेली नाला और सेजबहार इलाके में बाढ़ का पानी घरों में घुस गया> कमर तक पहुंच गए सजल स्तर के बीच फंसे लोगों को निकालने के लिए एसडीआरएफ की टीम को बुलाना पड़ा। टीम में शामिल जवानों ने घरों में फंसे लोगों को नाव में बिठाकर सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया।

**कौवाडीह नाला उफान पर, घरों में भरा पानी**

बलौदाबाजार में इन दिनों मानसून की जबरदस्त बारिश शाम रात को हो रही है, जिसकी वजह से समीप ग्राम कौवाडही नाला के आसपास रहने वाले लोगों की हालात खराब हो गए हैं। नाला ऊफान पर आने से लोगों के घरों में पानी भर गया है। जिससे लोगों का जीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। लोग घर अंदर पानी जाने से लोग रात भर जगते रहे। बारिश के कारण आसपास अशोक पटेल, परदेशी जोशी, भुनेश्वर अन्य लोगों के घरों में पानी भर जाने से रतजगा करते रहें। अमेरा से दतान, कोसमंदी की ओर जाने वाले अहम बायपास रास्ता है। रोजाना हजारों लोग इस रूट से आना जाने करते हैं। ज्यादा बारिश में नाला की ऊंचाई कम होने के कारण ज्यादातर ऊफान में आ जाता है। लोगों ने नाले की ऊंचाई करने की मांग की हैं। कई लोग जान जोखिम में डालकर नाले को पार कर रहे हैं। जिससे हानि होने की संभावना बनी रहती है।

इसी तरह बिलासपुर में भी लगातार भारी बारिश की वजह से जगह-जगह जलभराव की खबर आ रही है। इंद्रावती और महानदी भी ऊफान पर है। बेमेतरा जिले में भी भारी बारिश का कहर देखने को मिल रहा है. जिले के तमाम नदी-नाले उफान पर हैं. इसके साथय् ही शिवनाथ नदी का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है. नगर पंचायत नवागढ़ में मोहरंगिया नाला के उफान में आने से बस स्टैंड में पानी भर गया है।

कवर्धा जिले का भी बारिश की वजह से हाल-बेहाल है. लगातार तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से जिले भर में नदी-नाले उफान पर है। वहीं निचली बस्तियों में रहने वालों के घरों में बारिश का पानी घुस गया है, जिससे गरीबों के दैनिक उपयोगी की सामग्री तक खराब हो गई है। पंडरिया में भी हरी नाला उफान पर है, जिसकी वजह से नेशनल हाइवे 130 (बिलासपुर से कवर्धा) पूरी तरह बंद है।

भाजपा की परिवर्तन यात्रा में शामिल हुए जेपी नड्डा

# मोहब्बत की दुकान में बिकता है नफरत का सामान : नड्डा



**जशपुर**, 15 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा की परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जशपुर पहुंचे। कार्यक्रम में विशेष जनजाति के पहाड़ी कोरवा के लोगों ने परंपरागत धनुष बाण देकर कार्यक्रम में उनका स्वागत किया। इसके बाद जेपी नड्डा ने जनसभा को सबोधित कर परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाई। संबोधन के दौरान जेपी नड्डा ने कांग्रेस सरकार और आई.एन.डी.आई.ए. पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने लोगों से पूछते हुए कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में जो कहा गया वो मिला क्या ? नड्डा ने कहा कि हम परिवर्तन यात्रा इसलिए निकाल रहे हैं कि पहले भी हमने आप सबकी सेवा की है, आगे भी करेंगे, मोदी जी ने गरीब कल्याण की जो योजनाएं चलाई है, उसका लाभ लोगों तक पहुंचाएंगे।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंच से कहा कि जशपुर आकर भगवान बालाजी से प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए जो परिवर्तन यात्रा निकाल रहे हैं वो सफल हो इसकी प्रार्थना की है। आगे कहा कि स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव महान नेता के साथ-साथ महान समाज सुधारक थे। वे देश को एकसूत्र में पिरोने वाले थे। 2003 में दिलीप सिंह जूदेव ने कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार को उखाड़कर फेंकने की अपनी मूंछ दांव पर लगाया, आज वो जहां भी होंगे उनकी आत्मा चाहती होगी कि प्रदेश में फिर से बीजेपी की सरकार बने।

वहीं जेपी नड्डा ने सीएम भूपेश बघेल पर कटाक्ष करते हुए लोगों से पूछा कि मेनिफेस्टो में जो कहा गया था वो मिला क्या ? क्या 4 मुफ्त सिलेंडर मिला। क्या भूमिहीनों को जमीन मिली ? भूपेश बघेल के हाथी दांत खाने के और दिखाने के और हैं। हम परिवर्तन यात्रा इसलिए निकाल रहे कि पहले भी हमने आप सबकी सेवा की है, आगे भी करेंगे। पीएम मोदी ने गरीब कल्याण की जो योजनाएं चलाई है, उसका लाभ लोगों तक पहुंचाएंगे। परिवर्तन यात्रा के समापन में पीएम मोदी बिलासपुर आएंगे, उनका आशीर्वाद मिलेगा। कोरोना और यूक्रेन की लड़ाई के कारण दुनियाभर में आर्थिक मंदी है, लेकिन हम लगातार बेहतर स्थिति में हैं। भारत में अतिगिरीबी 1 प्रतिशत से कम हुई है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गांव गरीब की तस्वीर बदलने का काम हुआ है। 13.5 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं। हर घर जल योजना में हर घर में पीने का शुध्द पानी पहुंचा रहे हैं, प्रधानमंत्री आवास योजना में 4 करोड़ घर बन रहे है। 12 लाख घरों के कागजातों को सीएम भूपेश बघेल दिल्ली नहीं पहुंचने दे रहा। छत्तीसगढ़ में स्वच्छता अभियान के तहत 34.5 लाख बहनों को इज्जत घर देने का काम पीएम मोदी ने किया है। किसी को महिलाओं की चिंता नहीं थी। पीएम ने देश के 11 करोड़ बहनों को इज्जत घर दी है। इसके साथ ही उन्होंने सीएम भूपेश बघेल से सवाल पूछा है कि उनका सनातन पर क्या कहना है।

जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्षी गठबंधन आई.एन.डी.आई.ए. अलाइंस एक मई को मुंबई में बैठक करता है। स्टालिन का बेटा सनातन धर्म का निरादर करने में कोई कसर नहीं छोड़ता। फिर प्रियांक गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे भी सनातन धर्म का अपमान करते हैं। राहुल गांधी चुप है, सनातन धर्म का अपमान का एजेंडा माता सोनिया और राहुल गांधी को सौंपा ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**सार संक्षेप**

### प्रकाश पर्व आज

**अमृतसर।** श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश पर्व शनिवार को स्वार्ण मंदिर में मनाया जाएगा। इस दिन डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं के दरबार साहिब में माथा टेकने की संभावना है। सिखों के पांचवें गुरु श्री गुरु अर्जुन देव जी ने 164 में दरबार साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश किया था।

### मप्र-उप्र सहित सात राज्यों में ऑरेंज अलर्ट

**नई दिल्ली।** मानूसन ने वापस जाते-जाते पूरे देश को एक बार फिर से भिगो दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक, शुक्रवार को देश के लगभग सभी राज्यों में बारिश होगी। वहीं उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, राजस्थान और गुजरात के कुछ जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

### सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**चेन्नई।** चेन्नई सत्र न्यायालय ने तमिलनाडु के मंत्री सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी है। सेंथिल बालाजी को पुझल जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में पेश किया गया था। इससे पहले चेन्नई की एक कोर्ट ने जून में धनशोधन मामले में उनकी जमानत याचिका पर शुक्रवार को आदेश सुरक्षित रख लिया। फैसला 2 सितंबर तक के लिए सुरक्षित रखा गया है।

### नूंह हिंसा में कांग्रेस विधायक गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** हरियाणा के नूंह में 31 जुलाई को हिंसा फैलाने के आरोप में देर रात फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मामन खान को गिरफ्तार कर लिया है। विधायक मामन खान को राजस्थान के जयपुर से गिरफ्तार किया गया है। खान को शुक्रवार दोपहर को एसआईटी ने कोर्ट में पेश किया। जहां से विधायक को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। एसपी ने कहा कि नूंह के बडकली चौक पर हुई हिंसक घटना में मामन खान की भूमिका मिली है। इसके साथ ही खान दंगा फैलाने वालों के संपर्क में भी थे।

### आंध्र प्रदेश में सड़क दुर्घटना में पांच की मौत

**कडपा।** आंध्र प्रदेश में अन्नामय्या जिले के पास मातमपल्ली गांव में पेलुरु-कालक्का राजमार्ग पर शुक्रवार को वैन और लॉरी की भिंडत में पांच लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की सेवानिवृत्ति आयु 62 से बढ़ाकर की 65 वर्ष

- कार्यकर्ता के 5 प्रतिशत रिक्त पदों पर आंगनबाड़ी सहायिकाओं की होगी भर्ती
- भर्ती के लिए सहायिकाओं के 1 वर्ष के अनुभव को 5 वर्ष किया गया

**रायपुर.** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। महिलाओं तथा बच्चों के पोषण एवं टीकाकरण हेतु प्रदेश भर में संचालित 46 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को मानदेय वृद्धि के बाद एक और बड़ी सौगात मिली है। राज्य सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष कर दिया गया है। इसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों पर आंगनबाड़ी सहायिकाओं से पदपूर्ति को 25 प्रतिशत को बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। साथ ही भर्ती के लिए आवश्यक 10 वर्ष के अनुभव को कम करके 05 वर्ष कर दिया गया है। इस संबंध में मंत्रालय से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 14 सितंबर को आदेश जारी कर दिया गया है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री बघेल ने इस वर्ष प्रस्तुत 2023-24 के बजट में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# एडिटर्स गिल्ड के चार सदस्यों को राहत

**नई दिल्ली,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर के एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के चार सदस्यों की गिरफ्तारी पर दो हफ्ते तक रोक लगा दी। इस मामले में शुक्रवार 15 सितम्बर को सुनवाई हुई। साथ ही कोर्ट ने शिकायतकर्ता से जानना चाहा कि एडिटर्स गिल्ड के सदस्यों के खिलाफ समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने का अपराध कैसे बनता है। एडिटर्स गिल्ड ने छह सितम्बर को सुप्रीम कोर्ट से दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा की मांग करते हुए याचिका दायर की थी। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच सुनवाई कर रही है। मणिपुर सरकार ने एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। इसी ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



- सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर में दर्ज एफआई पर बढ़ाई सुरक्षा

**मणिपुर में अब तक 175 की मौत, 1108 जख्मी**

मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदाय के बीच तीन मई से हो रही सामुदायिक हिंसा में अब तक 175 लोगों की मौत हो चुकी हैं। राज्य में 1108 घायल हैं, 32 अभी भी लापता है, जबकि 96 लावारिस लाशें शवगृह में रखी हैं।

# हैदराबाद में जुटेंगे देशभर के कांग्रेस नेता

## सीडब्ल्यूसी की बैठक आज, मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे अध्यक्षता, सोनिया, मनमोहन व राहुल सहित कई वरिष्ठ नेता होंगे शामिल

- लोकसभा व विधानसभा चुनावों की रणनीति पर होगा जोर
- बेरोजगारी, मणिपुर हिंसा व जम्मू कश्मीर के हालात पर मोदी सरकार को घेरा विपक्ष



**इन विषयों पर होगी चर्चा**

कांग्रेस कार्य समिति की बैठक 16 सितम्बर को होगी और फिर इसके अगले दिन विस्तारित कार्य समिति की बैठक होगी। विस्तारित कार्य समिति की बैठक में कार्य समिति के सभी सदस्यों के अलावा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और कई अन्य वरिष्ठ नेता भाग लेंगे। कार्य समिति की बैठक के बाद 17 सितम्बर को हैदराबाद के निकट एक जनसभा भी होगी जिसे पार्टी के शीर्ष नेता संबोधित करेंगे। सूत्रों का कहना है कि इसमें आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सरकार को घेरने की रणनीति, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की एकजुटता को आगे ले जाने, संगठन को मजबूत करने तथा कई अन्य विषयों पर चर्चा होगी।

**रंगारेड्डी/तेलंगाना,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस की नई कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की पहली बैठक शनिवार को होगी जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आगे की रणनीति, विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की एकजुटता को आगे ले जाने, आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों तथा कई अन्य विषयों पर चर्चा होगी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सीडब्ल्यूसी बैठक की जानकारी देते हुए कहा हैदराबाद में पहली सीडब्ल्यूसी की बैठक करेंगे जिसमें आगामी चुनावों की तैयारियों पर चर्चा की जाएगी। 90 लोगों को आमंत्रित किया है, जिनमें से 84 लोग शामिल होंगे। कांग्रेस ने गत 20 अगस्त को अपनी कार्य समिति का पुनर्गठन किया था जिसमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और राहुल गांधी समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हैं। कार्य समिति में 39 सदस्य, 32 स्थायी आमंत्रित सदस्य और 13 विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल किए गए हैं। इस कार्य समिति में सचिन पायलट और शशि थरूर जैसे नेताओं को पहली बार जगह मिली है।

**विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर होगा मंथन**

सूत्रों का कहना है कि कार्य समिति की बैठक में 'इंडिया' गठबंधन को और मजबूत करने को लेकर चर्चा हो सकती है। कार्य समिति की इस बैठक में कुछ महीने बाद पांच राज्यों- मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर भी मंथन होगा। कांग्रेस की कोशिश है कि इन राज्यों के विधानसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करके लोकसभा चुनाव के लिए अपनी दावेदारी को और मजबूत किया जाए। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस कार्य समिति की इस बैठक में महंगाई, बेरोजगारी, अर्थव्यवस्था की स्थिति, चीन के ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# हिमाचल की मदद के लिए प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी को लिखा पत्र



**शिमला,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश से लौटने के बाद कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने प्रधानमंत्री से हिमाचल को आपदा की इस घड़ी में आर्थिक मदद देने का आग्रह किया और साल 2013 में केदारनाथ त्रासदी की तर्ज पर हिमाचल में भी राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग प्रधानमंत्री से की। उन्होंने कहा कि देवभूमि हिमाचल में प्राकृतिक आपदा से भारी तबाही हुई है। पहाड़ के लोग अभूतपूर्व संकट का सामना कर रहे हैं। प्रियंका ने लिखा कि पिछले दिनों वह शिमला, कुल्लू, मनाली और मंडी में आपदा पीड़ितों से मिली। हर तरफ हुई तबाही देखकर बहुत दु:ख हुआ। प्रियंका गांधी का यह पत्र वेस्ट उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल के ट्वीटर अकाउंट से भी पोस्ट किया गया है। अब तक इस आपदा में 428 लोगों ने जान चली गई है। कई ऐसे परिवार हैं जिनके सभी सदस्य इस आपदा में संसार छोड़ गए है।

# अनंतनाग में एक और शहादत

■ सुरेश एस डुग्गर

- गडूल कोकेरनाग में आतंकियों की तलाश में घेराबंदी

**जम्मू,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। कश्मीर में अनंतनाग के गडूल कोकेरनाग में चौथे दिन शुक्रवार को भी आतंकियों से मुठभेड़ जारी रही। बुधवार को आतंकियों की गोली लगने से एक जवान घायल जवान की भी मौत हो गई है। तीन दिनों से जारी जंग का खास पहलू यह है कि ऊंची पहाड़ियों पर काबिज आतंकियों से निपटने को सेना को पहली बार मध्यम रेंज के तोपखाने के साथ ही सबसे अधिक शक्तिशाली हेरोन मार्क दो ड्रोन का भी इस्तेमाल आतंकियों पर बम बरसाने में किया जा रहा है। कश्मीर में आतंकवाद के खत्म होने के दावों के बीच हुई इस मुठभेड़ में पहली बारी इतने बड़े रैंक के अफसरों के मारे जाने के बाद सुरक्षाबलों के दावों पर भी शक पैदा होता था। अभी तक यह भी कहा जा रहा था कि घुसपैठ पर पूरी तरह से रोक लगा दी है, पर कश्मीर में पिछले एक साल के भीतर मारे गए 40 के करीब ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# ग्रेटर नोएडा में निर्माणाधीन इमारत की लिफ्ट गिरी, चार की मौत

- 8 फीट की ऊंचाई से गिरी लिफ्ट

**ग्रेटर नोएडा,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। बिसरख कोतवाली क्षेत्र के ड्रीम वैली प्रोजेक्ट ग्रेनो वेस्ट में शुक्रवार को सुबह निर्माणाधीन बिल्डिंग में पैसेन्जर लिफ्ट गिरने से उसमें फंसे 9 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए जिनमें से चार मजदूरों की उपचार के दौरान मौत हो, जबकि पांच व्यक्तियों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। काम करने वाले मजदूर निर्माण सामग्री के साथ ऊपर से नीचे की तरफजा रहे थे। इसी दौरान अचानक लिफ्ट टूट गई। अचानक हुए हादसे से लिफ्ट में सवार चारों मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर, हादसा होते ही मौके पर अफ़रा-तफ़री मच गई। वहां मौजूद अन्य कर्मियों ने सूचना पुलिस और सोसाइटी वालों को दी। जिसपर ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के सीईओ रवी कुमार एनजी, डीएम मनीष कुमार वर्मा और पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। फिलहाल पुलिस निर्माणाधीन इमारत में लिफ्ट के टूटने की वजह का पता लगा रही है।

**मिशन चंद्रयान** — चंद्रयान-1 के आंकड़ों का अध्ययन कर वैज्ञानिकों का दावा

# चंद्रमा पर पानी बना रहे पृथ्वी के उच्च ऊर्जा वाले इलेक्ट्रॉन

**नई दिल्ली/वॉशिंगटन, 15 सितम्बर (एजेंसियां)। चंद्रयान-1 के डेटा की स्टडी कर रहे अमेरिका की हवाई यूनिवर्सिटी के साइंटिस्ट्स ने दावा किया है कि पृथ्वी के हाई एनर्जी इलेक्ट्रॉन चांद पर पानी बना रहे हैं। ये इलेक्ट्रॉन पृथ्वी की प्लाज्मा शीट में हैं, जो मौसमी प्रक्रिया के लिए जिम्मेदार है, यानी इनके होने से ही पृथ्वी के मौसम में बदलाव होता है।**

*साइंटिस्ट्स का दावा है कि ये इलेक्ट्रॉन चांद पर मौजूद चट्टानों और खनिजों को तोड़ या घोल रहे हैं। इससे चांद के मौसम में भी बदलाव आ रहा है। नेचर एस्ट्रोनॉमी जर्नल में पब्लिश स्टडी में कहा गया कि इन इलेक्ट्रॉन्स ने चांद पर पानी बनाने में मदद की होगी। इससे पहले 2008 में लॉन्चिंग के बाद चंद्रयान-1 मिशन ने चंद्रमा की सतह पर पानी की मौजूदगी का संकेत दिया था। उस मिशन की एक रिसर्च के आधार पर चांद पर बर्फ होने का दावा किया गया था। इसके बाद साइंटिस्ट्स ने अनुमान लगाया कि चांद के पोलर रीजन में सूरज की रोशनी नहीं पहुंचने से वहां का तापमान -200 डिग्री सेल्सियस से नीचे हो सकता है, जो बर्फ के फॉर्म में पानी की मौजूदगी की ओर इशारा करता है। इसलिए पानी की खोज के लिए 14 जुलाई 2023 को चंद्रयान-3 लॉन्च किया गया।*

**चंद्रयान-3 का लक्ष्य भी पानी खोजना**

***सौर हवाएं हो सकती हैं पानी का कारण***

*शोध के अनुसार सौर हवा जो प्रोटॉन जैसे उच्च ऊर्जा कणों से बनी है, चंद्रमा की सतह पर बमबार्डिंग करती है और इसे चंद्रमा पर पानी का प्रारंभिक कारण माना जा सकता है। टीम ने सतह के अपक्षय में परिवर्तन की जांच की क्योंकि चंद्रमा पृथ्वी के मैग्नेटोटेल से गुजरता है, एक ऐसा क्षेत्र जो सौर हवा से तो चंद्रमा को लगभग पूरी तरह से बचाता है लेकिन सूर्य के प्रकाश फोटॉन से नहीं। यूएच मनोआ स्कूल ऑफ ओशन के सहायक शोधकर्ता शुआई ली ने कहा, यह चंद्र सतह के पानी की निर्माण प्रक्रियाओं का अध्ययन करने के लिए एक आधार प्रदान करता है। चांद पर 14 दिन तक रात और 14 दिन तक उजाला रहता है। यानी 14 दिन ही यहां पर सूरज की रोशनी होती है। जब यहां सूरज की रोशनी नहीं होती तो सोलर विंड की बौछार होती है। इसी दौरान पानी बनने का दावा किया गया है।*

***2008 में लॉन्च हुआ था चंद्रयान-1***

*मिशन-इसरो ने 22 अक्टूबर 2008 को चंद्रयान-1 की कामयाब लॉन्चिंग की थी। ऐसा करने* ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# हाथी अलर्ट ऐप के माध्यम से जनहानि रोकने वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

## हाथी विचरण की सूचना ग्रामीणों तक पहुंचाने हाथी अलर्ट ऐप का किया जा रहा उपयोग

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा नए तकनीक का प्रयोग करते हुए हाथी एवं मानव संघर्ष के नियंत्रण तथा एनीमल अलर्ट एप्लीकेशन का उपयोग किया जा रहा है। वन विभाग पिछले तीन महीने से उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में इस ऐप का सफलता पूर्वक उपयोग कर रहा है और जल्द ही इस ऐप को पूरे राज्य में लागू किया जाएगा।

मरवाही वनमण्डलाधिकारी शशि कुमार ने बताया कि इस ऐप के माध्यम से आने वाले समय में जीपीएम जिले में हाथी मानव द्वंद पर नियंत्रण किया जा सकेगा और जन हानि, जन घायल, मकान एवं फसल क्षति की प्रकरणों में कमी आएगी। उन्होने बताया कि मरवाही वनमण्डल पेण्ड्रारोड के अंतर्गत 12 सितंबर को मरवाही परिक्षेत्र में और 13 सितंबर को गौरेला, पेण्ड्रा, खोड्री परिक्षेत्र के अधिकारी-कर्मचारियों को छत्तीसगढ़ एनीमल ट्रेकर एवं एलर्ट का प्रशिक्षण दिया गया। एप्प में जोड़े गये सभी ग्रामीणों को हाथी के 5 किलोमीटर की दूरी में होने की सूचना मोबाईल कॉल तथा मेसेज के माध्यम से प्राप्त होगी। मरवाही वन मंडल द्वारा व्यापक स्तर पर ग्रामीणों को जोड़ने का काम किया जा रहा है। ऐप में प्राथमिकता से सरपंच, पंचायत सचिव, पटवारी, प्राथमिक शाला के अध्यापक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं कोटवार को जोड़ा जायेंगा। इससे हाथी आने पर सभी ग्रामीणों को सूचित किया जाना सुनिश्चित किया जा सकेगा। प्रत्येक परिक्षेत्र स्तर पर तीन-तीन मास्टर ट्रेनर तैयार किये गये है, जो एप्प के संचालन का प्रशिक्षण समय-समय पर देते रहेंगे।



### ऐप के माध्यम से जनहानि पर लगेगा अंकुश

राज्य शासन द्वारा वनांचल क्षेत्रों में हाथियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में घुसने और जान-माल की क्षति पहुंचाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा हाथी विचरण की सूचना ग्रामीणों तक पहुंचाने ''हाथी अलर्ट ऐप'' का उपयोग किया जा रहा है। मरवाही वन मंडल में नव पदस्थ वन मण्डलाधिकारी शशि कुमार ने बताया कि हाथी एवं मानव संघर्ष के नियंत्रण तथा एनीमल अलर्ट एप्लीकेशन का उपयोग करने वन विभाग के अमले को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस ऐप का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों तक विचरण की सूचना का पहुंचाना और जनहानि पर अंकुश लगाना है।

वन मण्डलाधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ पशु ट्रैकर और अलर्ट ऐप के जरिए हाथियों की गतिविधियों का विवरण (स्थान, झुंड, तिथि, व्यवहार, आदि) संबंधित हाथी मित्र दल (हाथी देखने वाले) द्वारा ओपन सोर्स ऐप पर दर्ज किया जाता है जो ऑफलाइन मोड में भी काम करता है। हाथियों के स्थान के आधार पर एआई का उपयोग करके हाथी के स्थान के 10 किलोमीटर के भीतर स्थित ग्रामीणों को वास्तविक समय के आधार पर कॉल एसएमएस, बजर अलर्ट भेजे जाते है। ऐप उपयोगकर्ता किसी भी समयावधि में हाथियों के झुंड की गतिविधियों को ट्रैक कर सकते हैं, जो पर्यावास सुधार कार्यों की योजना बनाने और मानव-हाथी संघर्ष को रोकने में सहायक है। वन विभाग तीन महीने से उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में इस ऐप का सफलता पूर्वक उपयोग कर रहा है और जल्द ही इस ऐप को पूरे राज्य में लागू किया जाएगा। अगले चरण में एप को जुड़े सायरन सिस्टम के जरिए भी ग्रामीणों तक अलर्ट पहुंचाया जाएगा।

# सड़क हादसे में युवक की मौत



**तखतपुर,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। तीजा के लिये बहन को लेने निकले भाई के साथ उसके दोस्त जब वापस लौट रहे थे तब पथरिया मोड़ के पास भारी वाहन की ठोकर से दोस्त की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के नोगेश श्रीवास पिता केजू श्रीवास 30 वर्ष निवासी भटगांव बिलासपुर अपने दीदी को लेने अपने दोस्त परस ध्रुव पिता स्व असरु ध्रुव निवासी भटगांव के साथ गया हुआ था बहन ने दो दिन बाद आने की बात कही दोनों वापस बिलासपुर से आ रहे थे। वापस भटगांव लौटते वक्त पथरिया मोड़ के पास भारी वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे परस ध्रुव की मौके पर ही मृत्यु हो गई। परस ध्रुव पिता स्व असरु ध्रुव 23 वर्ष निवासी भटगांव के शव को स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया मर्ग कायम कर विवेचना मे लिया है।

दोस्त के साथ बहन को लाने के लिए उसके साथ जाना दोस्त को भारी पड़ गया और वह वाहन दुर्घटना में घायल हो गया तथा घटना स्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई। उसके परिजनों को भी इस बात की अंदेशा नहीं था कि जब परस ध्रुव घर से निकला था तो वह शायद लौटकर दोबारा नही आ पाएगा। भारी वाहन की चपेट में दोनों दोस्तों को ले लिया और एक जहां घायल हुआ वहीं दूसरे की मृत्यु हो गई है तीज का त्यौहार परिवार के लिए मातम बन गया।


**कार्यालय, नगरपालिका परिषद जांजगीर-नैला**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
Email id - janjgirnailacmo@gmail.com
क्र./ 2415/ न.पा./ लो.नि.वि./ 2023-24 जांजगीर-नैला, दिनांक 15/09/2023

**निविदा संशोधन सूचना**

कार्यालय नगरपालिका परिषद् जांजगीर-नैला द्वारा ई-निविदा क्र. 145256 दिनांक 22.08.2023 को वार्ड क्र 01 में खेल मैदान का उन्नयन कार्य हेतु ई-निविदा जारी किया गया था। अपरिहार्य कारणों से निविदा की तिथि एवं शर्तों में संशोधन किया जाता है :-
1. निविदा डालने की तिथि - दिनांक 22.09.2023 समय सायं 5.30 बजे
2. लिफाफा पहुंचने की तिथि - दिनांक 25.09.2023 समय सायं 5.30 बजे
3. निविदा खोलने की तिथि - दिनांक 26.09.2023 समय सुबह 11.00 बजे से
4. आमंत्रित ई-निविदा की अतिरिक्त अन्य शर्तों के सरल क्रमांक 24 एवं 25 में आंशिक संशोधन किया गया है जिसे निम्नानुसार पढ़ा जावे -
(A) (पूर्व स.क्र. 24) एल.ई.डी. लाईट अधिकृत डीलर से क्रय करना होगा।
(B) (पूर्व स.क्र. 25) पोल अधिकृत डीलर से क्रय करना होगा।
शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी।
सूचना जाने
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् जांजगीर-नैला

NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN
Paryawas Bhavan North Block, Sector -19, Nava Raipur Atal Nagar 492002, Chhattisgarh Tel No:-+ 91 771 4066010, Fax no:-+ 91 4066188

**Request for Proposal**
**Order No.6575/6/(1)/ Land Section/ 2023, Nava Raipur Atal Nagar Dated 11.09.2023**

NRANVP invites proposal from eligible bidders for selection of Engineering Survey Support Consultant for Land Survey and Allied Warks in Nava Raipur Atal Nagar.
Tenderer shall download tender from webiste.
Pre bid query submission date 27.09.2023
Last date of submission - 04.10.2023
Time of bid submisson 15.00 hrs. on 04.10.2023 opening of bid submission 16.30 hrs on 04.10.2023. The details of application and terms of conditions ar available on the website www.navaraipuratalnagar.com any amendments/ modification in the tender documents, will only be uploaded on website and shall not be published in any newspaers.
(Approved by CEO)
General Manager (Land)
NRANVP Nava Raipur Atal Nagar
Samvad - 38531/2


प्रथम पृष्ठ का शेष

### मोहब्बत की दुकान में बिकता है...

गया है। तुम कहते हो तुम मोहब्बत की दुकान चलाते हो, वहां नफरत सामान बिकता है। क्यों कांग्रेस पार्टी चुप है, मुझे पूछना है भूपेश बघेल से की आपका क्या कहना है। क्या आप कांग्रेस पार्टी के साथ हो। आदिवासी राष्ट्रपति के जी 20 के निमंत्रण में भूपेश बघेल नहीं गए, क्या ये जनजातीय समाज का अपमान नहीं है ? जेपी नड्डा ने आगे कहा कि जिन्होंने गौ माता नहीं छोड़ी वो आपको छोड़ेंगे क्या ? एक मुख्यमंत्री सीडी कांड में बेल में और उनका सचिव जेल में है। ऐसी सरकार को बचाना है क्या ? ऐसी सरकार को उखाड़ फेंको और कमल का फूल खिला दो, यही रास्ता है।'

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की...

सहायिकाओं की मांगों को पूरा करते हुए उनके मानदेय में बढ़ोत्तरी की घोषणा की थी। जारी आदेश के अनुपालन में 01 अप्रैल 2023 से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को बढ़ा हुआ मानदेय दिया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मासिक मानदेय की राशि 6 हजार 500 रूपए प्रति माह से बढ़ाकर 10 हजार रूपए दी जा रही है। इसी तरह आंगनबाड़ी सहायिकाओं का मानदेय 3 हजार 250 रूपए से बढ़ाकर 5 हजार और मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय 4 हजार 500 रूपए से बढ़ाकर 7 हजार 500 रूपए प्रति माह कर दिया गया है। प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की मृत्यु पर अनुग्रह राशि और सेवानिवृत्ति पर एक मुश्त भुगतान का प्रावधान किया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की मृत्यु पर अनुग्रह राशि में वृद्धि करते हुए वर्तमान में 50 हजार रूपये प्रदान किया जा रहा है। इसी तरह सेवानिवृत्ति पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को 50 हजार रूपये तथा सहायिकाओं को 25 हजार रूपये भुगतान का प्रावधान है।

### एडिटर्स गिल्ड के चार सदस्यों को...

को लेकर एडिटर्स गिल्ड ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। ईजीआई ने अपने सदस्यों के खिलाफ दर्ज कराई गई एफआईआर रद्द कराने की मांग की थी। बता दें कि हाल ही में एडिटर्स गिल्ड ने दावा किया था कि मणिपुर की जातीय हिंसा पर एक पक्षीय मीडिया रिपोर्टिंग हुई है। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री पर पक्षपात करने का भी आरोप लगाया। एडिटर्स गिल्ड के जिन सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, उनमें एडिटर्स गिल्ड की अध्यक्ष सीमा मुस्तफा और तीन सदस्य सीमा गुहा, भारत भूषण और संजय कपूर का नाम शामिल है। सीमा गुहा, भारत भूषण और संजय कपूर ने बीते हफ्ते मणिपुर का दौरा कर यहां हुई मीडिया रिपोर्टिंग का अध्ययन किया था। वहीं, एडिटर्स गिल्ड के सदस्यों की रिपोर्ट को मणिपुर सरकार ने फर्जी और स्पॉन्सर बताया था। एफआईआर में बताया गया कि रिपोर्ट में गलत तथ्य बताए गए। जुलाई में भी मणिपुर सरकार ने तीन महिलाओं के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की थी। इन महिलाओं की फैक्ट फाइंडिंग टीम ने भी राज्य में जारी हिंसा को सरकार द्वारा स्पॉन्सर बताया था।

### हैदराबाद में जुटेंगे ...

साथ सीमा पर तनाव और कथित भ्रष्टाचार के मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति पर भी चर्चा हो सकती है। सूत्रों ने यह भी बताया कि 'भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण को लेकर भी इस कार्य समिति में चर्चा हो सकती है। माना जा रहा है कि कार्य समिति की बैठक, जनसभा और मार्च के जरिए कांग्रेस तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रचार अभियान का विधिवत आगाज करेगी। राज्य में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित है। कांग्रेस कार्य समिति की बैठक ऐसे समय होने जा रही है जब उसने और दो दर्जन से अधिक विपक्षी दलों ने मिलकर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का गठन किया है। 'इंडिया' के घटक दलों ने फैसला किया है कि वे अगला लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ेंगे और जहां तक संभव हो सकेगा सीटों पर तालमेल करेंगे।

**तेलंगाना के लिए पांच गारंटी के साथ रैली**

बैठक के बाद हैदराबाद के पास कांग्रेस की एक विशाल रैली होगी, जहां तेलंगाना के लिए पांच गारंटी की भी घोषणा की जाएगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सीडब्ल्यूसी सदस्यों, पीसीसी अध्यक्षों और सीएलपी नेताओं के काफिले को भी हरी झंडी दिखाएंगे जो तेलंगाना के 119 विधानसभा क्षेत्रों में से प्रत्येक का दौरा करेंगे। 18 सितम्बर को कांग्रेस कार्यकर्ता बीआरएस सरकार के खिलाफ अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में घर-घर अभियान चलाएंगे। नेता प्रभावशाली लोगों के साथ सामुदायिक दोपहर के भोजन में भाग लेंगे, जिसके बाद भारत जोड़ो मार्च होगा। रेवंत रेड्डी ने पहले पार्टी के लिए अधिकतम प्रचार हासिल करने के लिए हैदराबाद में कार्यक्रम आयोजित करने की वकालत की थी, जब उसे भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के 9 साल के शासन के बाद वापस आने की बेहतर संभावनाएं दिख रही हैं। कांग्रेस को आंतरिक सर्वेक्षणों पर भरोसा है, जिन्होंने उसके लिए बहुत सकारात्मक तस्वीर पेश की है, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पिछले चार महीनों में लोकप्रिय समर्थन में गिरावट देखी है, खासकर प्रदेश अध्यक्ष बंदी संजय के बदलाव के बाद। उनके प्रतिस्थापन से पार्टी कैडर में गलत संकेत गया, जो अब महसूस करते हैं कि बीआरएस पर हमला करने में पार्टी की मारक क्षमता गायब है।

### अनंतनाग में एक और...

विदेशी आतंकियों की संख्या इसकी पुष्टि करती थी कि घुसपैठ पर रोक नहीं लग पाई है और आतंकी कश्मीर तक पहुंच रहे हैं। माना जा रहा है कि आतंकवादी छिपे हो सकते हैं। दो से तीन आतंकी राजौरी तक फैले पीर पंजाल के घने जंगल में छिपे हैं। इनमें एक लश्कर-ए-तैय्यबा का कमांडर उजैर खान है। इन्हीं आतंकियों के हमले में बुधवार को सेना के कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धौंचक और जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी हुमांयू भट शहीद हुए थे। एक जवान भी शहीद हुआ है। सेना के कमांडोज, स्निफर डॉग्स, ड्रोन, हेलिकॉप्टर आतंकियों को खोज रहे हैं। राकेट लॉन्चर का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। सैन्य अफसरों का कहना है कि आतंकियों को 4 किमी के दायरे में घेर लिया गया है। इन्हें कभी भी ढेर कर दिया जाएगा। ड्रोन से बमबारी की जा रही है। आतंकियों ने मंगलवार को उस वक्त हमला किया था, जब सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस तलाशी अभियान चला रही थी।

कर्नल मनप्रीत व मेजर आशीष का अंतिम संस्कार

मोहाली के रहने वाले कर्नल मनप्रीत का अंतिम संस्कार किया गया। वहीं पानीपत के मेजर आशीष धौंचक के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव बिंझौल ले जाया गया। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। जम्मू-कश्मीर पुलिस के शहीद डीएसपी हुमांयू भट को गुरुवार को उनके पैतृक गांव बडगाम में सुपुर्द-ए-खाक किया गया था।

### चंद्रमा पर पानी बना रहे ...

वाला भारत दुनिया का चौथा देश बना था। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किए गए चंद्रयान-1 में भारत ही नहीं, बल्कि अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, स्वीडन और बुल्गारिया में बने 11 साइंटिफिक इंस्ट्रूमेंट्स लगे थे। वैसे तो यह मिशन दो साल का था, लेकिन जब इसने अपने उद्देश्य पूरे कर लिए तो चांद के गुरुत्वाकर्षण बल से जुड़ा डेटा जुटाने के लिए सतह से इसकी ऊंचाई 100 किमी से बढ़ाकर 200 किमी की गई थी। इसी दौरान 29 अगस्त 2009 को इससे संपर्क टूट गया। तब तक इसने चांद की रासायनिक, मिनरलॉजिक और फोटो-जियोलॉजिकल मैपिंग कर ली थी।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड- बलरामपुर (छ.ग.)**
E-mail : eebalram-phe-cg@nic.in
निविदा क्रं./53/ ले.शा./ज.जी.मि./का.अ./लो.स्वा.यां.वि./2023
बलरामपुर,दिनांक 12.09.2023

**ऑन लाईन चतुर्थ निविदा आमंत्रण**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल प्रदाय योजना के विभिन्न कार्यों के लिए प्रतिशत दर फार्म ''अ'' में निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सि.नि.क्र. | कार्य की अनुमानित लागत (रू.लाख में) |
|---|---|
| 147400 | 182.66 |
| 147401 | 358.39 |
| 147403 | 444.60 |

निविदा एवं कार्य का विस्तृत विवरण यथा धरोहर राशि, बिड वैद्यता की तिथि, कार्य की अवधि, निविदाकार की श्रेणी, एवं कार्यों तथा स्थल संबंधी जानकारी ऑन लाईन ई-प्रोक्युरमेंट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 22.09.2023 से देखी जा सकती है तथा निविदा दिनांक 10.10.2023 तक बिड डाली जा सकती है। निविदा में आगामी संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किए जावेंगे। अत: निविदाकार ऑन लाईन निविदा प्रक्रिया में सतत् संपर्क में रहें। अन्य विवरण कार्यालयीन समय पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड बलरामपुर में देखें जा सकते हैं।
जी- 05325/4
कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खण्ड- बलरामपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कटघोरा, जिला- कोरबा (छ.ग.)**
क्रमांक/ 902/ तक.शा./ न.पा.प./ 2023 कटघोरा, दिनांक 11.09.2023

**मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद कटघोरा द्वारा अंतर्गत कार्यालयीन व्यवस्था हेतु नीचे वर्णित कार्य के लिये पंजीकृत फर्मो/ निर्माताओं अथवा उनके अधिकृत विक्रेताओं से दरें निविदा प्रपत्र 'स' पर त्रिलिफाफा पद्धति से पंजीकृत डाक/ स्पीडपोस्ट द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निविदा आमंत्रित की जाती है।
1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि - 22.09.2023 कार्यालयीन समय 5.30 बजे
2. आवेदन परीक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि - 26.09.2023 कार्यालयीन समय 5.30 बजे
3. पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट से निविदा पहुंचने की अंतिम तिथि - 03.10.2023 कार्यालयीन समय 5.30 बजे
4. निविदा खोलने की तिथि - 04.10.2023 कार्यालयीन समय 4.00 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि (टी.डी.आर) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जलप्रदाय सामाग्री क्रय | 19.50 | 14625/- | 750/- | वित्तीय वर्ष 2023-24 |
| 2. | विद्युत सामाग्री क्रय | 19.50 | 14625/- | 750/- | वित्तीय वर्ष 2023-24 |
| 3. | एलम क्रय हेतु | 19.50 | 14625/- | 750/- | वित्तीय वर्ष 2023-24 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास के वेब साईट www.uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है।
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद कटघोरा

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**
**ई- प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
क्र. 1358 / जलप्रदाय/ 2023 / दिनांक 08.09.2023
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | कोरबा शहर उच्च जलागार से एस.ई.सी.एल. मानिकपुर के सम्पवेल तक पाईप लाईन बिछाने का कार्य (एस.ई.सी.एल. द्वारा डिपॉजिट वर्क) प्रथम निविदा | 168.00 | 29.09.2023 (T.No.147014) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www. korbamunicipal.in एवं www.korba.urbanecg.gov.in पर भी देखी जा सकती है।
।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।
कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)


**न्यायालय तहसीलदार**
**जरहागांव, जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**// उद्घोषणा //**
रा.प्र.क्र. ....../ अ-06/ 2022-23
ग्राम- धनगांव गो.प.ह.नं.05

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम धनगांव गो. वालों को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिहारी साहू पिता जुगरू जाति तेली निवासी ग्राम बरदुली तहसील जरहागांव जिला मुंगेली ने स्वत: उपस्थित होकर इस आशय का आवेदन पत्र पेश किया है कि आवेदक एवं अनरू खातेदारों के संयुक्त नाम पर ग्राम धनगांव प.ह.नं. 05 स्थित भूमि खसरा नंबर 499/6 शामिल 512/6, 511/1 रकबा क्रमश: 0.708, 0.526 हे. भूमि में सहखातेदार बिरोजा बाई, तिहारी राम साहू, चमरू साहू एवं जगमत बाई की मृत्यु हो जाने से उनका नाम विलोपित कर उनके वैध वारिसान के नाम पर फौती नामांतरण हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। उक्त संबंध में जिस किसी आम व खास व्यक्ति को कोई आपत्ति/ दावा या उजर हो तो वे स्वयं या अपने मान्य अभिकर्ता के माध्यम से दिनांक 29/09/2023 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं, बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/09/2023 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं पद सील से हस्ताक्षर कर जारी किया गया।
सील
तहसीलदार
जरहागांव,
जिला-मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**मामले की श्रेणी : राजस्व**
संदर्भ: जिला बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.नं. 39 तालापारा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक CT202223400108500088

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.नं. 39 के अंतर्गत ग्राम तालापारा के वर्तमान भूमिस्वामी निर्मलकुमार पिता सामुएल पता-सादेह, चंद्रप्रकाश कुमार पिता सामुएल पता- अजीत कुमार पिता सामुएल पता- के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 82/1(0.0080), 82/2(0.0240), 82/4 (0.1740) में प्रस्तावित भूमिस्वामी / क्रेता शशीप्रभा समीर, समीत हनीपाल पिता/पति स्व. चंद्रप्रकाश कुमार पता-भिलाई के नाम पर पंजीयन फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिये प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20/09/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अति. तहसीलदार बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिये निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/08/2023 को जारी किया गया है।
सील
(श्री मुकेश कुमार देवांगन)
अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)


**OFFICE OF THE NAGAR PANCHAYAT, RAHAUD, DIST - JANJGIR CHAMPA (C.G.)**
E-Procurement Tender Notice (1st Call)
NIT N0 : 1201 RAHAUD, dated 13-09-2023

Chief Municipal Officer, Nagar Panchayat RAHAUD invites online Tenders on behalf of NAGAR PANCHAYAT, RAHAUD on Form "A" (Percent Rate) From Eligible Class registered contractors in "unified Registration system e-Registration" PWD Chhattisgarh on Govt. of C.G. E-Procurement System (http://eproc.cgstate.gov.in)

| SN | System Tender No. | Name of work | Amount of Estimated (in lacs) | Earnest Money Deposit | Eligible class of contractor/ firm | Time allowed for Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 147393 | वार्ड क्र. 02 एवं 11 मे तीन स्थानों पर विद्युत पोल विस्तार कार्य | 39.70 | Rs. 29800/- (Only Offline in Favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, NAGAR PANCHAYAT, RAHAUD & Tender Document Fee (Non refundable) of Rs. 1500 Offline DD | Class- D & above | 4 month |

The details can be downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in from 13/09/2023 at 17:30 Hours. (IST) onwards.
For more details on the tender and bidding process please visit the above mentioned portal.
CHIEF MUNICIPAL OFFICER
NAGAR PANCHAYAT
RAHAUD (C.G.)

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)**
मुख्य कार्यालय- साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)
(कोसाबाड़ी जोन)
फा.क्र./ 8820/ 8815/ 8814/ 8822/ 8823/ 8821/ कोसाबाड़ी जोन/ 2023 कोरबा, दिनांक 06.09.2023

**निविदा आमंत्रण की सूचना**

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रमुख अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, रायपुर द्वारा प्रचलित PWD Building SOR 01.01.2015 एवं प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग, रायपुर द्वारा प्रचलित PWD Electrical SOR 01.06.2020 से प्रभावशील दर अनुसूची पर (निविदा खुलने के दिनांक तक समस्त संशोधनों के साथ)कम अधिक या समान दरों पर तथा शेड्युल अनुसार आयटम दरों पर निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर त्रि-लिफाफा पद्धति माध्यम से आमंत्रित की जाती है :-
1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने अंतिम तिथि - 29.09.2023 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि - 29.09.2023 सायंकाल 4:30 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि में | धरोहर राशि रू. में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा प्रपत्र | कार्यावधि | ठेकेदार का वर्ग | निविदा खुलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 17 पथर्रीपारा सामुदायिक भवन में अतिरिक्त विकास कार्य। (महापौर मद 2023-24) | 5,00,000/- | 5,000/- | 750/- | Form-A | 03 माह | सक्षम श्रेणी | 29.09.2023 |
| 2 | वार्ड क्र. 22 शिवाजी नगर अंतर्गत आदिवासी सांस्कृतिक भवन में अतिरिक्त विकास कार्य। (महापौर मद 2023-24) | 10,00,000/- | 7,500/- | 750/- | Form-A | 04 माह | सक्षम श्रेणी | 29.09.2023 |
| 3 | वार्ड क्र. 29 पोड़ीबहार काली मंदिर के पास स्थित सामुदायिक भवन में विकास कार्य। (महापौर मद 2023-24) | 5,00,000/- | 5,000/- | 750/- | Form-A | 03 माह | सक्षम श्रेणी | 29.09.2023 |
| 4 | वार्ड क्र.33 रामपुर बस्ती ठाकुरदिया देव स्थल के पास चबुतरा निर्माण। (महापौर मद 2023-24) | 5,00,000/- | 5,000/- | 750/- | Form-A | 03 माह | सक्षम श्रेणी | 29.09.2023 |
| 5 | वार्ड क्र.33 रामपुर बस्ती ठाकुरदिया देव स्थल के पास सामुदायिक भवन अन्य सुविधाओं का विस्तार। (महापौर मद 2023-24) | 10,00,000/- | 7,500/- | 750/- | Form-A | 04 माह | सक्षम श्रेणी | 29.09.2023 |
| 6 | वार्ड क्र. 33 रामपुर में बालिका गृह के पास निर्मित सामुदायिक भवन में अन्य सुविधाओं का विस्तार। (महापौर मद 2023-24) | 10,00,000/- | 7,500/- | 750/- | Form-A | 04 माह | सक्षम श्रेणी | 29.09.2023 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website : www.korbamunicipal.inएवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो विभागीय वेबसाईट पर देखा जा सकता है।
// स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें //
कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम,कोरबा (छ.ग.)

# देश

उवाच “

प्रेस की स्वतंत्रता के साथ प्रेस का ज़िम्मेदार होना भी महत्वपूर्ण है। सकारात्मक समाचार को तरजीह देना आवश्यक है। इससे समाज में हो रहे सकारात्मक बदलाव को गति प्राप्त होती है:–जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 37.6 | 27.8 |
| मुंबई | 31.7 | 25` |
| कोलकाता | 28.5 | 26.7 |
| चेन्नई | 35.9 | 23.5 |

# कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का महंगाई के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर कटाक्ष, कहा

## कमरतोड़ महंगाई की सबसे ज्यादा मार झेल रहे 20 फीसदी गरीब: खड़गे

**नई दिल्ली,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को महंगाई के मुद्दे पर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर कटाक्ष किया और कहा कि सबसे गरीब 20 फीसदी आबादी कमरतोड़ महंगाई की मार झेल रही है। हिंदी में एक ट्वीट में, कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 'मोदी जी, इधर-उधर की बातें कर के जनता का ध्यान, 'महंगाई द्वारा महालूट', से हटाना चाहतें हैं। उन्होंने कहा, 'मोदी सरकार की महालूट के चलते, कमरतोड़ महँगाई का सबसे अधिक खामियाज़ा 20 फीसदी सबसे ग़रीब लोगों को भुगतना पड़ रहा है। खान-पान की चीज़ों के दाम आसमान छू रहें हैं और देश अब ये जान गया है कि उनकी तकलीफ़ों का एकमात्र कारण भाजपा ही है।' आने वाले चुनावों में जनता भाजपा को सबक सिखाकर, इस महालूट का बदला जरूर लेगी।



**'मोदी जी, इधर-उधर की बातें कर के जनता का ध्यान, 'महंगाई द्वारा महालूट', से हटाना चाहतें हैं। 'मोदी सरकार की महालूट के चलते, कमरतोड़ महँगाई का सबसे अधिक खामियाज़ा 20 फीसदी सबसे ग़रीब लोगों को भुगतना पड़ रहा:-मल्लिकार्जुन खड़गे**

## मध्य प्रदेश में सर्वे से तय होंगे कांग्रेस के टिकट : कमलनाथ



**■ राज्य में कांग्रेस के उम्मीदवार सर्वे के आधार पर ही तय होंगे, पैराशूट वाला कोई नहीं होगा:- कमलनाथ**

**अशोक नगर।** कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने एक बार फिर दोहराया है कि राज्य में कांग्रेस के उम्मीदवार सर्वे के आधार पर ही तय होंगे, पैराशूट वाला कोई नहीं होगा। मध्य प्रदेश के अशोक नगर जिले में पहुंचे कमलनाथ से संवाददाताओं ने कांग्रेस की उम्मीदवारी को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा, कोई पैराशूट नहीं होगा, जो दूसरी पार्टियों से कांग्रेस में आ रहे हैं, जब तक स्थानीय संगठन उन्हें स्वीकार नहीं करता है, तब तक कोई भी नहीं आता है। अभी जिन्होंने ज्वाइन किया, उनके साथ मंच पर हमारा स्थानीय संगठन भी बैठा था। स्थानीय संगठन को सबसे पहले उन्हें स्वीकार करना है। टिकट कोई पैराशूट से नहीं मिलेगा। टिकट के लिए हमने सर्वे कराया है। अभी कांग्रेस कमेटी ने सर्वे कराया है, उसी हिसाब से टिकट दिए जाएंगे। राज्य की वर्तमान स्थिति का जिक्र करते हुए कमलनाथ ने कहा, हमारे सामने प्रदेश की तस्वीर है, ज्यादा समझाने की जरूरत नहीं है कि भ्रष्टाचार की क्या सीमा है। आज भ्रष्टाचार का क्या रिकॉर्ड है।

## हिमाचल की त्रासदी को लेकर प्रियंका ने लिखा मोदी को पत्र

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कहा है कि आपदा ने हिमाचल प्रदेश को तबाह कर दिया है और वहां पूरी तरह से पुनर्निर्माण की जरूरत है इसलिए पीड़ितों को राहत पहुंचाने के लिए इस त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाना चाहिए। श्रीमती वाड्रा ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा 'मैं आपसे अपील करती हूँ कि इस आपदा को 213 की केदारनाथ त्रासदी की तरह राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाये और पीड़ितों तथा राज्य को आर्थिक मदद पहुँचाई जाये ताकि हिमाचल के भाई-बहनों को राहत मिले और राज्य का समुचित ढंग से पुनर्निर्माण किया जा सके।



# देश में बने 45` करोड़ रुपए के विमान, अस्त्र-शस्त्र खरीदने के नौ प्रस्ताव मंजूर

**नई दिल्ली,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। सेनाओं के लिए अस्त्र-शस्त्र खरीदने के प्रस्तावों पर निर्णय करने वाली रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने रक्षा आपूर्ति क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने वाले एक निर्णय के अंतर्गत वायु सेना के लिए 12 सुखोई-30 एमकेआई विमान और ध्रुवास्त्र प्रक्षेपास्त्र सहित सेना के तीनों अंगों के लिए कुल लगभग 45000 करोड़ रुपए की हथियार प्रणालियों की खरीद के प्रस्तावों को शुक्रवार को मंजूरी दी। रक्षा मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के मुताबिक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में डीएसी की बैठक में सेनाओं के लिए 45,000 करोड़ रुपए के पूंजीगत पूंजीगत अधिग्रहण की 'आवश्यकता की स्वीकृति'(एओएन) के नौ प्रस्तावों में को मंजूरी दी।' मंत्रालय ने कहा है, यह सभी खरीद भारतीय आपूर्तिकर्ताओं से की जाएगी।' ये सामान भारत में ही डिजाइन किए गए, देश में ही विकसित और विनिर्मित किए गए रक्षा साजो-सामान की खरीद की नीति के तहत की जाएगी। इससे रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। डीएसी ने थल सेना के लिए हल्के बख्तरबंद बहुउद्देश्यीय वाहनों (एलएएमवी) और एकीकृत निगरानी तथा लक्ष्य धारण,



**■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में खरीद के प्रस्तावों को मंजूरी दी**

**■ ये सामान देश में ही विकसित और विनिर्मित किए गए रक्षा साजो-सामान की खरीद की नीति के तहत की जाएगी**

आर्टिलरी गन और रडार को तीव्रता से मार्चे पर स्थापित करने के काम में आने वाले हाई मोबिलिटी व्हीकल (एचएमवी) तथा तोपों को खींच कर ले जाने वाले गन टोइंग वाहनों की खरीद के लिए एओएन को मंजूरी दे दी है। डीएसी की बैठक में नौसेना के लिए अगली पीढ़ी के सर्वेक्षण जहाजों की खरीद को भी मंजूरी दी गयी है जिससे नौसेना की हाइड्रोग्राफिक कार्यों की क्षमताओं में वृद्धि होगी।

### इनकी होगी खरीदारी

डीएसी ने वायु सेना के लिए पूंजीगत खरीद के लिए मंजूर एओएन के अंतर्गत डोर्नियर विमानों की वैमानिक प्रणाली में सुधार, स्वदेशी उन्नत हल्के हेलीकाप्टर (एएचएच एमके-4) के लिए आकाश से जमीन पर प्रहार करने वाली कम दूरी की निर्देशित ध्रुवस्त्र मिसाइल, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से 12 सुखोई -30 एमकेआई और उनके लिए जरूरी उपकरों की खरीद के लिए एओएन की भी मंजूरी दी है।

### स्वदेशी सामग्री का लक्ष्य: राजनाथ

बैठक में श्री सिंह ने कहा कि अब स्वदेशीकरण की दिशा में महत्वाकांक्षाओं को उन्नत करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा, आईडीडीएम परियोजनाओं के लिए 50 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री की सीमा के बजाय, हमें न्यूनतम 60-65 प्रतिश स्वदेशी सामग्री का लक्ष्य रखना चाहिए। रक्षा मंत्री ने साथ ही चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, तीनों सेनाओं के प्रमुखों, रक्षा सचिव और रक्षा अधिग्रहण महानिदेशक को भारतीय विनिर्माताओं से बातचीत कर के देश में विनिर्मित की जाने वाली हथियार प्रणालियों में न्यूनतम स्वदेशी सामग्री की सीमा को और ऊंचा करने की दिशा में कार्य करने को कहा है ।

## सार संक्षेप

### विश्वकर्मा योजना की रविवार को शुरुआत करेंगे मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के लिए 'पीएम विश्वकर्मा' योजना की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की घोषणा इस वर्ष 15 अगस्त को श्री मोदी ने लालकिले की प्राचीर से अपने राष्ट्र संबोधन के दौरान की थी। यह योजना पूरी तरह से केंद्र सरकार की होगी और इसके लिए 13 हजार करोड़ रुपए निर्धारित किये गये हैं। यह योजना पूरे देश में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता प्रदान करेगी। पीएम विश्वकर्मा के अंतर्गत अठारह पारंपरिक शिल्पों को शामिल किया जाएगा।

### दाहोद-आनंद ट्रेन के कोच में लगी आग

दाहोद। गुजरात के दाहोद जिले के जकोट स्टेशन पर शुक्रवार को दाहोद-आनंद मेमू ट्रेन के एक डिब्बे में आग लग गई, जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई। यह घटना तब हुई जब छोटी और मध्यम दूरी के मार्गों के लिए डिज़ाइन की गई मेमू ट्रेन गोधरा जा रही थी। वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों के साथ दाहोद के सहायक पुलिस अधीक्षक के. सिद्धांत घटना स्थल पर आग की सूचना के बाद पहुंचे। एएसपी सिद्धांत के अनुसार, आग मेमू ट्रेन के आखिरी डिब्बे में लगी और उस पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया गया, जिससे बाकी डिब्बों तक फैलने से रोक दिया गया। एक डिब्बे में अचानक आग लगने से यात्रियों में दहशत फैल गई, जिससे उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यात्रियों को बाहर निकलना पड़ा।

### नूंह हिंसा : कांग्रेस विधायक मम्मन खान 2 दिन की पुलिस रिमांड में

गुरुग्राम। कांग्रेस विधायक मम्मन खान को शुक्रवार को नूंह की एक अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। खान पर 31 जुलाई को हिंदू समूहों के जुलूस के दौरान हरियाणा के नूंह में सांप्रदायिक दंगे भड़काने का आरोप है, जिसमें छह लोग मारे गए थे। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट में उनकी जमानत याचिका खारिज होने के बाद कांग्रेस विधायक को हरियाणा पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने गुरुवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के अनुसार, हरियाणा सरकार ने गुरुवार को हाई कोर्ट को सूचित किया था कि, 'एफआईआर संख्या 149 दिनांक 1 अगस्त, 223 में आईपीसी, 186 की धारा 148, 149, 153-ए, 379-ए, 436, 56 के तहत दर्ज की गई है।' 52 आरोपी हैं, जिनमें से 42 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# कलकत्ता हाई कोर्ट ने बंगाल सरकार पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया

**कोलकाता,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय की एकल पीठ ने उसके आदेश का पालन नहीं करने पर शुक्रवार को पश्चिम बंगाल सरकार पर 50 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने राज्य सरकार को अगले दो सप्ताह के भीतर कलकत्ता उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल के कार्यालय में जुर्माना राशि जमा करने का निर्देश दिया। अदालत ने पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले में एक सहकारी समिति द्वारा धन शोधन के एक मामले की जांच संबंधी दस्तावेज केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का निर्देश दिया था, लेकिन राज्य के आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने अब तक आदेश पर अमल नहीं किया है। अदालत ने सीआईडी को जांच से संबंधित सभी दस्तावेज और कागजात 18 सितंबर तक सीबीआई को सौंपने का भी निर्देश दिया। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर इस बार उनके आदेश को लागू नहीं किया गया तो वह राज्य के मुख्य सचिव को अदालत में बुलाएंगे। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने कहा, 'सीआईडी काफी समय से इस मामले के बारे में जांच कर रही है, लेकिन अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि गड़बड़ी के पीछे कौन लोग हैं। लेकिन मुझे पता है कि ऐसा किसने किया। आप गरीबों के पैसे पर मौज कर रहे हैं। जो लोग पहले साइकिल से घूमते थे वे अब चार पहिया वाहन खरीद रहे हैं।' कलकत्ता उच्च न्यायालय की जलपाईगुड़ी सर्किट बेंच ने इस साल 25 अगस्त को अलीपुरद्वार में नकदी-उधार देने वाली सहकारी समिति द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों पर सीबीआई जांच का आदेश दिया।



**■ दो सप्ताह के भीतर कलकत्ता उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल के कार्यालय में जुर्माना राशि जमा करने का निर्देश**

# मुख्यमंत्री केसीआर ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

**हैदराबाद,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। बीआरएस संसदीय दल की शुक्रवार को संयुक्त बैठक में सर्वसम्मति से 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल के साथ 33 प्रतिशत बीसी आरक्षण बिल को विधानसभाओं में पेश करने का संकल्प लिया गया और केंद्र सरकार से संसद में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण और 33 प्रतिशत बीसी आरक्षण देने की मांग की गई। बीआरएस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की अध्यक्षता में शुक्रवार को बीआरएस संसदीय दल की संयुक्त बैठक हुई। इस मौके पर संसदीय दल ने बीसी (ओबीसी) बिल और महिला बिल से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि बीआरएस पार्टी महिलाओं के कल्याण और बीसी के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और बीआरएस देश भर में उनके अधिकारों की रक्षा के लिए समय-समय पर केंद्र तक अपनी आवाज उठाएगी। इस दिशा में केसीआर ने सुझाव दिया कि सांसदों को संसद के विशेष सत्र में पार्टी की मांगों को राज्यसभा और लोकसभा में उठाना चाहिए। उन्हें संसद में अपनी आवाज उठाने का निर्देश दिया गया। बीआरएस प्रमुख और मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर बैठक में चर्चा किए गए निर्णय के अनुसार बीसी आरक्षण विधेयक पेश करने की मांग की है। बीआरएस संसदीय दल की संयुक्त बैठक ने सर्वसम्मति से इस महीने की 18 तारीख से शुरू होने वाले विशेष संसदीय सत्र में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने के लिए प्रधान मंत्री से एक विधेयक पेश करने के लिए आग्रह किया है।



**■ संसद में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण और 33 प्रतिशत बीसी आरक्षण देने की मांग की**

**■ केसीआर ने संसद के विशेष सत्र में विधेयक पेश कर केन्द्र से अपनी ईमानदारी साबित करने की मांग की**

बीआरएस संसदीय दल की संयुक्त बैठक में बीसी के लिए विधान सभा में उचित प्राथमिकता पर विस्तार से चर्चा की गई, जो पीढ़ियों से अपने संबंधित व्यवसायों को बनाए रखते हुए देश निर्माण में प्रमुख भागीदार हैं। इस दिशा में इस संसद ने केंद्र से विशेष सत्र में विधेयक पेश कर अपनी ईमानदारी साबित करने की मांग की है। बैठक में यह विचार व्यक्त किया गया कि केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है कि वह देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बीसी (ओबीसी) जातियों को सामाजिक शिक्षा और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में उत्पादन में भाग लेकर और सदस्य समाज की सेवा करके नेतृत्व प्रदान करे। . बैठक में विश्लेषण किया गया कि तेलंगाना सरकार द्वारा बीसी के विकास और कल्याण के लिए लागू की गई योजनाएं चालू हैं और उन्होंने देश के लिए एक उदाहरण स्थापित किया है।

बीआरएस संसदीय दल ने दोहराया कि राजनीतिक सत्ता में बीसी की भागीदारी बढ़ाने से ही उनका सर्वांगीण विकास संभव है। बीआरएस संसदीय दल ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि बीसी (ओबीसी) के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाना चाहिए।

# सुप्रीम कोर्ट का उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तमिलनाडु सरकार को उसके मंत्री उदयनिधि स्टालिन और 'सनातन धर्म उन्मूलन सम्मेलन' के आयोजकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता दामा शेषाद्री नायडू द्वारा किए गए असूचीबद्ध उल्लेख को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। वकील जी बालाजी के माध्यम से दायर याचिका में यह घोषणा करने की मांग की गई कि 2 सितंबर को आयोजित सनातन धर्म उन्मूलन सम्मेलन में राज्य के मंत्रियों की भागीदारी असंवैधानिक थी और यह भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 का उल्लंघन है। इसके अलावा, इसने यह जानने के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की मांग की कि क्या सीमा पार और भारत के बाहर, खासकर श्रीलंका तमिल लिट्टे फंड से आतंकी फंडिंग का कोई तत्व इसमें शामिल है। साथ ही याचिका में मांग की गई है कि हिजाब मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मुताबिक राज्य के माध्यमिक स्कूलों में किसी भी हिंदू धर्म के खिलाफ ये सम्मेलन नहीं होने चाहिए। इस याचिका पर 22 सितंबर को सुनवाई होने की संभावना है।



इससे पहले, स्टालिन जूनियर के खिलाफ उनके विवादास्पद बयानों को लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू करने की मांग करने वाला एक समान आवेदन दिल्ली स्थित एक वकील द्वारा दायर किया गया था। उस याचिका में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के बेटे द्वारा दिए गए 'घृणास्पद भाषण' के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी में दायर शिकायत पर कार्रवाई न करके शीर्ष अदालत के दिशानिर्देशों को लागू नहीं करने के लिए दिल्ली पुलिस के खिलाफ अवमानना कार्रवाई की भी मांग की गई थी।

## दिल्ली आबकारी नीति मामला
## ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में कहा, 10 दिन तक कविता की पेशी पर जोर नहीं देंगे

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष कहा कि वह दिल्ली आबकारी नीति मामले में चल रही जांच के सिलसिले में बीआरएस की विधान परिषद सदस्?य के. कविता पर 26 सितंबर तक यहां एजेंसी के राष्ट्रीय राजधानी स्थित कार्यालय में पेश होने के लिए जोर नहीं डालेगी। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी. राजू ने न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ के समक्ष उपरोक्त आशय का एक मौखिक वचन दिया। राजू ने कहा, 'वह दो बार आई हैं। अगर वह व्यस्त हैं, तो हम तारीख 10 दिन और बढ़ा देंगे। अदालत ने उनकी याचिका पर सुनवाई 26 सितंबर के लिए टालने का फैसला किया।

# लोकतंत्र की जननी भारत ने दुनियां में लोकतांत्रिक आदर्शों को किया सशक्त : ओम बिरला



**'राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया में युवा अपनी भूमिका निभाएं। रचनात्मकता और ऊर्जा से हर क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाएं, लोकतंत्र की जननी भारत ने सम्पूर्ण विश्व में लोकतांत्रिक आदर्शों को सशक्त किया है:-ओम बिरला, अध्यक्ष, लोक सभा**

**नई दिल्ली,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के अवसर पर आने वाली पीढ़ी को सशक्त बनाने की वकालत करते हुए कहा है कि लोकतंत्र की जननी भारत ने सम्पूर्ण विश्व में लोकतांत्रिक आदर्शों को सशक्त किया है। उन्होंने राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया में युवाओं से अपनी सक्रिय और रचनात्मकता भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए यह भी कहा कि आज के दिन युवा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय सहभागी बनने को संकल्पित हों। बिरला ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस की सभी को शुभकामनाएं। लोकतंत्र की जननी भारत ने सम्पूर्ण विश्व में लोकतांत्रिक आदर्शों को सशक्त किया है। आज जब हम आने वाली पीढ़ी का सशक्तिकरण के ध्येय के साथ यह दिन मना रहे हैं। मेरा विश्वास है कि यह सशक्तिकरण ज्ञान, कर्तव्य बोध और समर्पण से हो।'

उन्होंने राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया में युवाओं से अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आग्रह करते हुए आगे यह भी कहा, 'राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया में युवा अपनी भूमिका निभाएं। रचनात्मकता और ऊर्जा से हर क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाएं। बड़े लक्ष्य प्राप्त करने का युवाओं का संकल्प भारत की प्रगति की उत्प्रेरक शक्ति है। आज के दिन युवा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय सहभागी बनने को संकल्पित हों।

## आंकड़े — शहादत देने में भी सबसे आगे है जम्मू कश्मीर पुलिस

# 1989 से लेकर अब तक 161 अफसरों-जवानों को गंवा चुकी है कश्मीर पुलिस

**■ सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 15 सितम्बर (देशबन्धु)। देश में जब शहादत देने की बात आती है तो जम्मू कश्मीर पुलिस को भूला नहीं जा सकता। पिछले साल देशभर में 287 पुलिस के जवानों और अफसरों की शहादत में जम्मू कश्मीर का नाम सबसे आगे था क्योंकि इनमें 37 प्रदेश से ही थे।**

यही नहीं वर्ष 1989 से लेकर अभी तक प्रदेश में

**■ 1989 से लेकर अभी तक प्रदेश में 1610 पुलिसकर्मी मारे भी जा चुके**

**■ गैर सरकारी तौर पर मरने वाले पुलिसकर्मियों की संख्या 1780 से ज्यादा**

1610 पुलिसकर्मी मारे भी जा चुके हैं। गैर सरकारी तौर पर मरने वाले पुलिसकर्मियों की संख्या 1780 से ज्यादा है।



आधिकारिक आंकड़ों के बकौल, कश्मीर में आतंकी हिंसा में मृत पुलिसकर्मियों में सबसे अधिक कांस्टेबल हैं जिनकी संख्या 565 है तो उसके बाद दूसरा स्थान एसपीओ अर्थात विशेष पुलिस अधिकारियों का आता है। आंकड़ों के मुताबिक, 518 एसपीओ इस अवधि में जान गंवा चुके हैं।

कश्मीर में 34 सालों से फैले आतंकवाद के दौर में जम्मू कश्मीर पुलिस एक डीआईजी, एक एसपी, 23 डीएसपी, 28 इंस्पेक्टर, 39 सब इंस्पेक्टर और 69 एएसआई रैंक के अधिकारियों को भी खो चुकी है। यही नहीं 150 हेड कांस्टेबल, 189 सीनियर ग्रेड कांस्टेबल तथा 26 फालोअर्स भी आतंकी हिंसा में शहादत पा चुके हैं।


जम्मू कश्मीर पुलिस की शहादत की शोर्यगाथाएं भी अपना एक मुकाम रखती हैं। तभी तो इन शहादतों के लिए वे कई बार कई पदकों से नवाजी जा चुकी है। इन शहादतों के लिए उसे अभी तक एक अशोक चक्र, दो कीर्ति चक्र, 18 शौर्य चक्र, 1672 प्रेसिडेंट पुलिस गैलेंटरी अवार्ड तथा 1822 जम्मू कश्मीर पुलिस मेडल फार गैलेंटरी भी प्राप्त हुए हैं।

कश्मीर में फैले आतंकवाद की तस्वीर का एक पहलू यह है कि जम्मू कश्मीर पुलिस कभी सिर्फ लाशें गिनने वाली फोर्स बन रह गई थी पर अब वह सबसे आगे रहकर आतंकवाद का खात्मा करने की ओर अग्रसर है। आतंकी हमलों, चेतावनियों और धमकियों के बावजूद कश्मीर में मारे जाने वाले हजारों आतंकियों में से आधे की मौत में जम्मू कश्मीर पुलिस की प्रमुख भूमिका रही है।

# अभिमत

*बॉलीवुड एक ऐसी जगह है जो गीत और नृत्य के लिए जानी जाती है जिसका घोषवाक्य मनोरंजन और ग्लैमर है। बॉलीवुड हमेशा एक जीतने वाला फॉर्मूला पसंद करता है, खासकर बड़े बजट की फिल्मों में जो मोटी फीस लेने वाले रॉकिंग सितारों से भरी होती हैं। क्या 'जवान' की सफलता के साथ यहां से यह बदल जाएगा? हमारे पास बॉलीवुड के लिए एक नए रास्ते का प्रस्ताव है, एक ऐसा रास्ता जो अपनी विशाल और बेजोड़ सॉफ्ट पावर का उपयोग करके इस तरह के कुछ महत्वपूर्ण संदेशों को घर-घर तक पहुंचा सकता है और एक तरह से बड़े बजट के असाधारण आयोजन में इस तरह का संदेश पहुंचाने का शायद ही कभी ऐसा प्रयास किया गया हो।*

## जनता के सवालों के लिए शाहरुख ने बॉलीवुड में बनाई नई राह



जगदीश रत्तनानी

किंग खान और एसआरके के नामों से भी मशहूर शाहरुख खान अपनी फिल्म 'जवान' के साथ बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रहे हैं। पिछले हफ्ते रिलीज़ हुई इस फिल्म ने कथित तौर पर सप्ताहांत तक 350 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की जिसे बॉलीवुड फिल्म इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग कहा जा रहा है। कुछ लोग जो सोचते थे कि शाहरुख का करियर गिरावट पर है वे देख सकते हैं कि वह एक बड़े धमाके के साथ लौट आया है। शाहरुख के जादू में इस बार दक्षिण भारतीय फिल्मों की नायिका नयनतारा, दक्षिण के ही कलाकार विजय सेतुपति और निर्देशक एटली कुमार जैसे तमिल सिनेमा के सितारों ने उत्तर और दक्षिण की प्रतिभाओं को एक पैकेज में जोड़ा है जिसे पूरे देश के दर्शकों द्वारा पसंद किया जा रहा है। पौने तीन घंटे लंबी फिल्म का वर्णन निर्माता कंपनी रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट इन शब्दों में करती है- 'एक हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर, एक ऐसे व्यक्ति की भावनात्मक यात्रा को रेखांकित करती है जो समाज में गलतियों को सुधारने के लिए तैयार है।'

कहने की जरूरत नहीं है, इसमें से बहुत कुछ ठेठ बॉलीवुड बड़बोलापन है। लेकिन इसमें 'समाज में हुई गलतियों' को रेखांकित किया गया है जो 'जवान' को अलग-अलग राजनीतिक रंग के साथ एक साहसिक कदम बनाता है। इसे कई लोग इस समय के विशेष राजनीतिक माहौल में बड़े जोखिम के रूप में देखेंगे जो आगामी चुनावों से और गर्म हो जाएगा। यह फिल्म एक सार्वजनिक अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडर की कमी के कारण मरीजों की मौत, किसानों की आत्महत्या, घटिया उपकरणों के खराब सौदे जो हमारे सैनिकों की जान को खतरे में डालते हैं, पानी और हवा को प्रदूषित करने वाले हमारे कारखानों या चुनिंदा व्यवसायियों, व्हीलर-डीलरों की सुरक्षा पर प्रकाश डालती है।

इसमें, फिल्म समाज की बुराइयों के खिलाफ सामान्य निंदा से परे जाती है क्योंकि वे अपना हक पाने के लिए संघर्ष करते हैं जिसे आम तौर पर दुष्ट बिचौलिए, भ्रष्ट राजनेता या रोजमर्रा के लोगों की परेशानियों की रूढ़ियों में चित्रित किया जाता है। यह सही है कि 'जवान' में अभी भी बहुत सारी सामान्य बातें हैं लेकिन उचित विषयों को भी उछाला गया है। इस लिहाज से शाहरुख और उनकी टीम ने बेहिचक वास्तविक मुद्दों को खोला है और पलायनवादी मसाला इस्तेमाल करते हुए उन ज्वलंत राजनीतिक सवालों को उभारा है जिन्हें कई लोग देख सकते हैं लेकिन वर्तमान राजनीतिक माहौल में बॉलीवुड के कुछ ही लोग ऐसे सवाल पूछने की हिम्मत करेंगे।

बहुत पहले यह माना जाता था कि बॉलीवुड इसलिए काम करता है क्योंकि हल्के- फुल्के गानों और नृत्यों से मिला मनोरंजन लाखों लोगों के लिए रोजमर्रा की जिंदगी के दुख से मुक्ति दिलाता है। पिछले कुछ दशकों में यह बदल गया। शुरुआती दौर की रोमांटिक कहानियों और अमीर-गरीब टिप्पणी से लेकर एंग्री-यंग-मैन, बोल्ड रोमांस वाली फिल्मों और फिर उदारीकरण के बाद कम लागत वाली फिल्मों का आगमन हुआ जिन्होंने नए विषयों के साथ प्रयोग किया। बदलते समय ने बड़े पर्दे पर आधुनिक समय के मुद्दों को और अधिक मुखर किया जैसे लिव-इन रिलेशनशिप, एलजीबीटीक्यू+ अधिकार और उनके वैवाहिक संबंध, जातीय संघर्ष, 'मुठभेड़' हत्याएं, ग्रामीण-शहरी विभाजन, ऑटिज्म, अकेलापन, मानसिक स्वास्थ्य आदि। पिछले कुछ वर्षों में कई फिल्मों में राजनीतिक संदेश भी रहे हैं और इस अर्थ में बॉलीवुड हमेशा राजनीतिक था लेकिन अप्रत्यक्ष तरीके से। यह ज्यादातर सुरक्षित क्षेत्र में खेला जाता था- बहुत से लोगों ने प्रतिष्ठान की आंखों में नहीं देखा लेकिन विषय पर झुकाव के साथ अपनी बात कही।

बॉलीवुड एक ऐसी जगह है जो गीत और नृत्य के लिए जानी जाती है जिसका घोषवाक्य मनोरंजन और ग्लैमर है। बॉलीवुड हमेशा एक जीतने वाला फॉर्मूला पसंद करता है, खासकर बड़े बजट की फिल्मों में जो मोटी फीस लेने वाले रॉकिंग सितारों से भरी होती हैं। क्या 'जवान' की सफलता के साथ यहां से यह बदल जाएगा? हमारे पास बॉलीवुड के लिए एक नए रास्ते का प्रस्ताव है, एक ऐसा रास्ता जो अपनी विशाल और बेजोड़ सॉफ्ट पावर का उपयोग करके इस तरह के कुछ महत्वपूर्ण संदेशों को घर-घर तक पहुंचा सकता है और एक तरह से बड़े बजट के असाधारण आयोजन में इस तरह का संदेश पहुंचाने का शायद ही कभी ऐसा प्रयास किया गया हो। इन अर्थों में, फिल्म सभी को सतर्क रखती है और नई कल्पनाओं तथा संभावनाओं को खोलती है कि खतरनाक राजनीतिक स्थानों में घुसने के बाद बॉलीवुड क्या कर सकता है।

फिल्म का मुख्य आकर्षण एक भाषण है जिसमें शाहरुख खान प्रत्याशी से पूछता है- 'प्रिय उम्मीदवार, आप अगले पांच वर्षों में हमारे लिए क्या करेंगे? अगर परिवार में कोई बीमार पड़ता है, तो आप उनके इलाज के लिए क्या करेंगे? मुझे नौकरी दिलाने के लिए आप क्या करेंगे? और यह सवाल उठाने के बाद नागरिकों से यह चुनने के लिए कहता है कि वे किसे वोट देंगे?'

फिल्म का संदेश स्वास्थ्य, शिक्षा, नौकरियों के क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन और सेवा के वितरण की मांग करना है। धर्म, नस्ल या जाति के नाम पर ध्यान भंग नहीं करना है। ये बिल्कुल ऐसे सवाल और मुद्दे हैं जो आज के भारत में फोकस में नहीं हैं। फिल्म में इन सवालों और मुद्दों को एक सफल मसाला प्रारूप में प्रस्तुत कर उन्हें किसी भी अन्य माध्यम की तुलना में जनता तक ले जाया गया है। इन ज्वलंत मुद्दों में से किसी पर गहराई से टिप्पणी नहीं की गई है। गहराई में न जाकर मुद्दों को उठाने का यह वही खेल है जो सत्तापक्ष ने किया है। इस रूप में 'जवान' की टक्कर वही रास्ता अपनाकर, उछल-कूद करके जनता के सामने दूसरा पक्ष रख रही है।

जनता तक इस संदेश की सुपुर्दगी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की पृष्ठभूमि में आती है जो 2024 के चुनावों के बहुत ही जीवंत संदर्भ में है।

इनमें से कोई भी प्रगतिशील संदेश नहीं है या हमारे समय के जटिल राजनीतिक मुद्दों की एक महत्वपूर्ण परीक्षा नहीं है। यह एक आधारभूत शैली है लेकिन इसका महत्व यह है कि इसे वितरित किया गया था और इसकी सफलता- इसकी व्यापक पहुंच, इसके स्लीक पैकेज और इसके बड़े सवालों में है।

यह विडंबना पूर्ण है कि यह उन लोगों के अपरिष्कृत दृष्टिकोण से मेल खाता है जिन्होंने राष्ट्रीय एजेंडे को तोड़-मरोड़ कर पेश किया है, राजनीतिक विमर्श को बदल दिया है और अब जो लोग सभी प्रकार के कनेक्शन खींचकर फिल्म का बहिष्कार करने के बेताब आह्वान के साथ सामने आए हैं- सनातन धर्म पर टिप्पणी के वर्तमान विवाद से लेकर शाहरुख खान की हालिया तिरुपति मंदिर की यात्रा तक।

हिंदी फिल्म उद्योग एक ऐसी जगह है जहां का चलन, काम की गुणवत्ता और दर्शकों द्वारा स्वीकृति है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत के नाम पर क्या कहा गया है। हिंदू, मुस्लिम और अन्य सभी धर्मों के कलाकार और टेक्निशियन दर्शकों को सपनों की दुनिया में ले जाने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं।

बॉलीवुड एक कुशल व्यवसाय मशीन है जहां आप चाहे किसी भी विभाग से जुड़े हों, जो आपको हर दिन खुद को साबित करने के लिए चुनौती देती है। पैसा कमाने और सफलता की सीढ़ियां चढ़ने का आनंद लेना खुद को चुनौती देना है, न कि राजनीतिक प्रतिष्ठान को चुनौती देना। शाहरुख की 'जवान' ने बात कहने के लिए उस जगह का विस्तार किया है। इस प्रयास को संरक्षित और पोषित किया जाना चाहिए और बढ़ने का अवसर दिया जाना चाहिए। इसलिए फिल्म की सफलता अच्छी खबर है लेकिन यह देखा जाना बाकी है कि आगे क्या होगा और बॉलीवुड इस नई राह को कैसे अपना सकता है या कैसे इसका अनुसरण करेगा।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट: दी बिलियन प्रेस)*

**हिंदी फिल्म उद्योग एक ऐसी जगह है जहां का चलन, काम की गुणवत्ता और दर्शकों द्वारा स्वीकृति है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत के नाम पर क्या कहा गया है। हिंदू, मुस्लिम और अन्य सभी धर्मों के कलाकार और टेक्निशियन दर्शकों को सपनों की दुनिया में ले जाने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं।**

## बीता सप्ताह

**9 सितंबर**
- जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक तथा जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा सहित कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष दिल्ली पहुंचे।
- टाइम पत्रिका की पहली शीर्ष सौ एआई सूची में अमेरिकी स्नेहा रेवनूर सबसे युवा रहीं।
- हांगकांग में 140 साल के इतिहास में सबसे ज्यादा बारिश हुई।
- 107 अल शबाब लड़ाकों ने सोमाली सरकार के सामने आत्मसमर्पण किया।

**10 सितंबर**
- जी-20 नई दिल्ली घोषणा पत्र आम सहमति से पारित हुआ।
- आंध्रप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू भ्रष्टाचार के मामले गिरफ्तार किए गए।
- मोरक्को में बीती रात 6.8 तीव्रता वाले भूकंप आने से 1 हजार से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई।
- दक्षिण अफ्रीकी के कद्दावर नेता मुखर राजनीतिज्ञ जुलु प्रमुख मैगो बुथेलेजी का निधन हो गया।

**11 सितंबर**
- शांति के संदेश के साथ जी-20 सम्मेलन का समापन हुआ।
- आदित्य मिशन एल-1 ने तीसरी कक्षा में प्रवेश किया।
- बलूचिस्तान के डेटा बुगती जिले में छः फुटबॉल खिलाड़ियों का अपहरण कर लिया गया।
- शोधकर्ता तुर्की के तीन हजार फीट नीचे गुफा में फंसे।

**12 सितंबर**
- एशिया कप-2023 के वन डे मैच में पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने सबसे बड़ी जीत दर्ज की।
- बॉलीवुड के जाने माने लेखक, गीतकार और कवि जावेद अख्तर को लंदन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज की ओर से डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।
- नाइजीरिया में नाव पलटने से 26 लोगों की मौत हो गई।
- केंद्र सरकार ने धान खरीदी के लिए बायोमीट्रिक प्रणाली को अनिवार्य किया।

**13 सितंबर**
- संसद भवन कर्मचारियों को नई ड्रेस की घोषणा की गई जिसमें कमल के फूल और खाकी रंग को जगह दी गई और गुलाबी रंग की नेहरू जैकेट।
- जम्मू-कश्मीर में राजौरी में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया।
- नूंह हिंसा के भड़काऊ पोस्ट के लिए मोनू मानेसर को गिरफ्तार कर लिया गया।
- टीएमसी सांसद नुसरत जहां फ्लैट घोटाला मामले में ईडी के सामने पेश हुईं।
- एशिया कप सुपर फोर मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ भारत ने 213 रन बनाए।

**14 सितंबर**
- जम्मू-कश्मीर के अनंत नाग में आतंकियों और सेना के बीच मुठभेड़ में कर्नल मेजर व डीएसपी शहीद हो गए।
- श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त गोपाल वागले को आस्ट्रेलिया में नये भारतीय उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है।
- द्वितीय विश्वयुद्ध के समय ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल के कार्यालय को हिंदूजा समूह द्वारा लग्जरी होटल बनाया गया जिसका शुभारंभ 20 सिंतबर को होगा।
- फेटएक्स कार्पोरेशन के भारतीय अध्यक्ष व सीईओ राज सुब्रमण्यम को 2023 का पिनेकल अर्वाड दिया जाएगा। जो 2023 आउसोर्सिंग 50 एशियन अमेरिकन्स इन बिजनेस अर्वाड में दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है।

**15 सितंबर**
- छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में प्रधानमंत्री मोदी ने एक कार्यक्रम के भाषण में कहा- छत्तीसगढ़ पावर हाउस के समान, जंगल, जमीन की रक्षा के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास करेंगे।
- इंडिया गठबंधन ने 10 चैनल्स के 14 एंकर्स का बहिष्कार करने का फैसला लिया।
- बॉलीवुड अभिनेता रियो कपाड़िया का निधन हो गया।
- बिहार में बागमती नदी में छात्रों से भरी नाव पलटने से 12 छात्र लापता हो गए।

## क्या है इंडिया गठबंधन साझेदारों के बीच सीट बंटवारे का सबसे अच्छा तरीका?

■ नित्य चक्रवर्ती

28 विपक्षी दलों के इंडिया ब्लॉक की पहली समन्वय समिति ने आखिरकार साल के अंत में होने वाले दोनों राज्यों के विधानसभा चुनावों और 2024 की शुरुआत में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे की प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया है। प्रवक्ता केसी वेणुगोपाल ने बाद में यह स्पष्ट किया 13 सितंबर को समन्वय समिति की बैठक में कहा गया कि राज्य स्तरीय चर्चा को 30अक्टूबर तक पूरा करने का भरसक प्रयास किया जायेगा। प्रक्रिया इतनी जटिल है कि अगर 30अक्टूबर तक सीट बंटवारे की बातचीत पूरी नहीं भी हो तो भी कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम तय करने के लिए पर्याप्त समय है।

भाजपा खेमे से जुड़े कई टिप्पणीकार विपक्षी दलों की एकता और 543 लोकसभा सीटों में से प्रत्येक पर भाजपा और उसके सहयोगियों के खिलाफ गठबंधन से संयुक्त उम्मीदवार खड़ा करने के उनके दृढ़ संकल्प की सफलता पर संदेह करते हैं। उनका तर्क है कि ये अलग-अलग दल अपने परस्पर विरोधी राजनीतिक हितों के कारण कभी भी सीटों के बंटवारे पर सहमत नहीं हो पायेंगे।

हां, मतभेद हैं क्योंकि राजनीतिक दलों के अलग-अलग दृष्टिकोण हैं, लेकिन वे एकजुट हैं तथा भाजपा के खिलाफ वन ऑन वन सीट शेयरिंग फॉर्मूले पर राजी हैं। एक बार जब यह भावना आ गई, तो सीट बंटवारे पर बातचीत निश्चित रूप से आसान हो जायेगी। 543 लोकसभा सीटों पर गौर करने पर पता चलता है कि लगभग 400 लोकसभा सीटों पर, भारत के साझेदार पहले से ही एक ब्लॉक के रूप में काम कर रहे हैं और केवल अन्य 143सीटों पर दावों पर मतभेदों को कम करने के लिए व्यापक बातचीत की आवश्यकता होगी।

गठबंधन की बातचीत की बड़ी समस्या गुजरात, पंजाब, दिल्ली, असम और देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश को लेकर होगी। इन सभी राज्यों में कुल मिलाकर 140 सीटें हैं। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर में 6 सीटें हैं जिन पर भारत के तीन शक्तिशाली सहयोगियों कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी के बीच बातचीत होनी है। दिल्ली और पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी और कांग्रेस मिलकर ज्यादातर सीटों पर भाजपा को हराने की क्षमता रखती हैं। आप भले ही इन दोनों राज्यों में खुद को कांग्रेस के मुकाबले बड़ी राजनीतिक पार्टी समझ रही हो, लेकिन लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को फायदा मिलेगा और आप को इस बारे में सोचना होगा।

गुजरात में कांग्रेस के पास शून्य और भाजपा के पास सभी 26 सीटें हैं। इस बात के कोई संकेत नहीं हैं कि 2019 के लोकसभा चुनावों के बाद सत्तारूढ़ भाजपा के मुकाबले कांग्रेस अपने समर्थन आधार में उल्लेखनीय सुधार कर पाई है, जबकि आपने गुजरात के कई शहरों में अपना आधार बढ़ाया है। भाजपा के खिलाफ कांग्रेस और आप का गठबंधन भाजपा की झोली में सीटों की कमी सुनिश्चित कर सकता है।

80सीटों वाला उत्तर प्रदेश भारत के लिए असली समस्या है। समाजवादी पार्टी और आरएलडी दोनों इंडिया गठबंधन के सक्रिय सदस्य हैं और लोकसभा चुनाव में भाजपा से लड़ने के लिए कांग्रेस के साथ पूर्ण गठबंधन करना अच्छी राजनीतिक समझ है। इस महीने की शुरुआत में घोसी उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार की जीत इस बात की पुष्टि है कि अगर इंडिया गठबंधन के सहयोगी एकजुट हो जायें तो वे उत्तर प्रदेश में भी बड़ी संख्या में सीटों पर भाजपा को हरा सकते हैं।

चार राज्य हैं, तमिलनाडु, बिहार, झारखंड और महाराष्ट्र जहां पहले से ही गठबंधन की पार्टियां मिलकर काम कर रही हैं। पहले तीन सत्तारूढ़ गठबंधन हैं। इन चारों राज्यों में 141 सीटें हैं। मानदंड तय है और इसे केवल बेहतर करने की आवश्यकता होगी।

त्रिपुरा को छोड़कर मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, हिमाचल, हरियाणा, उत्तराखंड और उत्तर पूर्वी राज्यों में सीट बंटवारे के संबंध में कांग्रेस निर्णायक पार्टी होगी। कुछ राज्यों में जहां कांग्रेस निर्णायक है, वहां सपा, सीपीआई और सीपीआई (एम) हैं जिनके पास कुछ समर्थन आधार है। कांग्रेस को इस बात पर विचार करना होगा कि 2024 के लोकसभा चुनावों में और यदि संभव हो तो विधानसभा चुनावों में भी भाजपा के खिलाफ विपक्ष की कुल लामबंदी सुनिश्चित करने के लिए इन इंडिया साझेदारों के समर्थन का उपयोग कैसे करे।

आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा में भी कांग्रेस अपने दम पर भाजपा और क्षेत्रीय पार्टियों से मुकाबला करेगी। इन तीन राज्यों में सीपीआई और सीपीआई (एम) दोनों का प्रभाव है। आंध्र प्रदेश में वाईएसआरसीपी और ओडिशा में बीजेडीएनडीए या भारत के किसी भी मोर्चे से जुड़े नहीं हैं, लेकिन बीआरएस के नेतृत्व वाला तेलंगाना एक अलग श्रेणी का है। पश्चिम बंगाल और केरल एक अलग श्रेणी के हैं। केरल में, कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ बनाम सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले एलडीएफ का वर्तमान पैटर्न जारी रहेगा क्योंकि केरल की 20 लोकसभा सीटों में से भाजपा के पास कोई सीट नहीं है। जो भी यूडीएफ या एलडीएफ से जीतता है वह इंडिया गठबंधन का है।

बंगाल में, सीपीआई (एम) के पास राज्य से कोई लोकसभा सीट नहीं है, जबकि कांग्रेस के पास दो सीटें हैं। इस बात की पूरी संभावना है कि ममता बनर्जी कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे पर राष्ट्रीय समझौते पर बातचीत करेंगी। इसके तहत, तृणमूल कांग्रेस को कुल 42सीटों में से चार या पांच सीटों की पेशकश करेगी, जबकि केंद्रीय स्तर पर कांग्रेस को असम में टीएमसी को एक सीट, मेघालय में एक सीट और मणिपुर में एक सीट पर सहमत होना होगा।

त्रिपुरा में, लोकसभा चुनाव में सीपीआई (एम) के पास अभी भी कुछ संभावनाएं हैं और कांग्रेस और टिपरामोथा के साथ स्थिर मोर्चा बन सकता है। हाल के विधानसभा उपचुनाव में, सीपीआई (एम) दोनों सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों से हार गई। राज्य पार्टी ने भाजपा द्वारा बड़े पैमाने पर धांधली की शिकायत की और मतगणना का बहिष्कार किया। पार्टी के पास सुनहरा मौका था क्योंकि आदिवासियों की पार्टी टिपरामोथा ने सीपीआई (एम) उम्मीदवारों का समर्थन किया था। प्रचार के आखिरी दिनों में कांग्रेस और टीएम के साथ सीपीआई (एम) के बीच बहुत कम समन्वय था।

कांग्रेस और टीएम दोनों के नेता राज्य सीपीआई (एम) की संगठनात्मक विफलता से चिंतित हैं। इसे ठीक करना होगा। त्रिपुरा में लोकसभा की दो सीटें हैं। यदि कांग्रेस और टीएम के साथ सीपीआई(एम) के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे का मजबूत गठबंधन होता है, तो भारत की लोकसभा सीटें जीतने की संभावना उज्ज्वल है।

पूर्वोत्तर भारत में असम की 14सीटों सहित 25 सीटें हैं। असम सहित पूर्वोत्तर राज्यों में कांग्रेस निर्णायक पार्टी होगी। कांग्रेस को भाजपा विरोधी क्षेत्रीय दलों, एआईडीयूएफ, तृणमूल कांग्रेस के साथ-साथ सीपीआई और सीपीआई (एम) के साथ मिलकर एक स्थिर मोर्चा बनाना होगा, जिनके कुछ प्रभाव क्षेत्र हैं। इसी तरह कांग्रेस को उन गैर-एनडीए दलों से भी संवाद करना होगा जो राज्यों में सक्रिय हैं। मणिपुर घटनाक्रम के बाद पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा विरोधी भावना है।

कुल मिलाकर, लगभग 140 से 150 सीटों पर सीट बंटवारे की प्रक्रिया काफी समय लेने वाली होगी, लेकिन धैर्य और दृढ़ संकल्प से एक साथ लड़ने के लिए, इसे सफलता पूर्वक सम्पन्न करना होगा। केंद्रीय नेताओं को मुख्यालय में एक तंत्र बनाना होगा। यदि राज्य स्तर पर बातचीत रुक जाती है, तो केंद्र के पास इस मुद्दे को सुलझाने में मदद करने की शक्तियां होंगी। सीट बंटवारे की प्रक्रिया में यह एक बड़ा सूत्रधार होगा। समय बीत रहा है। लोकसभा चुनाव समय से पहले हो सकते हैं। इंडिया गठबंधन के साझेदारों को भाजपा और उसके सहयोगियों से लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए।

**कुल मिलाकर, लगभग 140 से 150 सीटों पर सीट बंटवारे की प्रक्रिया काफी समय लेने वाली होगी, लेकिन धैर्य और दृढ़ संकल्प से एक साथ लड़ने के लिए, इसे सफलता पूर्वक सम्पन्न करना होगा। केंद्रीय नेताओं को मुख्यालय में एक तंत्र बनाना होगा। यदि राज्य स्तर पर बातचीत रुक जाती है, तो केंद्र के पास इस मुद्दे को सुलझाने में मदद करने की शक्तियां होंगी। सीट बंटवारे की प्रक्रिया में यह एक बड़ा सूत्रधार होगा।**

## जोशीमठ के जखम

■ श्रुति जैन

जोशीमठ में भू-धंसाव की खबर ने सबका ध्यान खींचा था। इससे उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों के अलावा, दूसरे हिमालयी राज्यों में भी भय और चिंता पैदा हो गई थी कि कहीं उनका भी ऐसा ही हश्र न हो जाए। अधिकांश हिमालयी इलाके जोशीमठ क्षेत्र की तरह एक ऐसे 'विकास' के शिकार हैं, जिसने पहाड़ को खुर्द-बुर्द, खोखला और तबाह कर रखा है। यही वजह है कि इन इलाकों में आपदाओं की आशंका हमेशा बनी रहती है।

जोशीमठ का धंसना अभी रुका नहीं है। घरों और खेतों में नई दरारें आ रही हैं और पुरानी दरारें चौड़ी होती जा रही हैं। यहां के लोगों को डर है कि भारी बारिश में ज़मीन के बड़े-बड़े हिस्से नीचे खिसक सकते हैं। पुनर्वास की मांग को लेकर उनका धरना जनवरी से अप्रैल की शुरुआत तक जारी रहा। तब उन्हें त्वरित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए धरना बंद करने के लिए कहा गया।

इसकी एक बड़ी वजह सरकार की तरफ से बद्रीनाथ यात्रा को बिना किसी झंझट के शुरू करना था। स्थानीय लोग विरोध प्रदर्शन फिर से शुरू करने की तैयारी में हैं क्योंकि उचित पुनर्वास योजना के अभाव में उनके पास अपने क्षतिग्रस्त घरों में रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। यह स्थिति ऐसे प्रश्न उठाती है जो अधिकांश हिमालयी क्षेत्रों के लिए प्रासंगिक हैं।

पहला सवाल ये है कि ऐसी आपदाओं के लिए कोई जवाबदेही तय क्यूं नहीं होती? हिमालयी क्षेत्र के पारिस्थितिक, भू-वैज्ञानिक रूप से संवेदनशील और भूकंप की दृष्टि से अत्यधिक सक्रिय होने के बावजूद हिमालयी राज्यों में जलविद्युत परियोजनाओं को बड़ी संख्या में बनाया जा रहा है। अध्ययनों से पता चला है कि इन परियोजनाओं के हरित ऊर्जा के दावे सही नहीं हैं। ये 'जोखिम भरे ढांचे' हैं जो सामाजिक और पारिस्थितिक रूप से अन्यायपूर्ण साबित हुए हैं।

विभिन्न शोध यह भी बताते हैं कि उत्तराखंड में 2013 और 2021 की बाढ़ जैसी आपदाओं को पैदा करने और बढ़ाने में इन परियोजनाओं की भूमिका है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित 'रवि चोपड़ा विशेषज्ञ समिति' ने भी ये पाया था। समिति ने तर्क दिया था कि ग्लेशियरों के घटने से बनी जोशीमठ जैसी कच्ची जमीनों पर ऐसी परियोजनाओं का निर्माण आपदा को निमंत्रण देने जैसा है।

जोशीमठ में 'तपोवन-विष्णुगाड परियोजना' 2005 में अपने शुरू होने के बाद से ही पूरे क्षेत्र में सामाजिक-पारिस्थितिक समस्याओं का कारण बनी है। 2021 की बाढ़ में सैकड़ों श्रमिक इसकी सुरंग में जिंदा दफन हो गए थे। यहां आपदा से आगाह करने के लिए कोई अलार्म सिस्टम तक नहीं लगाया गया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह परियोजना जोशीमठ शहर के साथ-साथ आसपास के कई गांवों में भी नुकसान के लिए जिम्मेदार है। वे करीब दो दशकों से इसका विरोध कर रहे हैं।

वर्ष 1976 की 'एमसी मिश्रा समिति' की रिपोर्ट ने यह सिफ़ारिश की थी कि यहां भारी मशीनरी का प्रयोग, ब्लास्टिंग, ड्रिलिंग और पेड़ों की कटाई नहीं होनी चाहिए। फिर भी इस परियोजना ने यहां सुरंगों का एक जाल बनाया, बोरिंग मशीन और विस्फोटकों का उपयोग करके इस नाजुक भूगोल और इलाके की स्थिरता पर प्रतिकूल प्रभाव डाला। यह परियोजना भूवैज्ञानिक रूप से सही नहीं है। बार-बार आने वाली आपदाओं के कारण इस परियोजना का काम भी खटाई में पड़ता रहा है। यही वजह है कि इसके कार्यान्वयन में एक दशक से भी ज्यादा की देरी हो चुकी है। ऐसी परियोजना से होने वाले विनाश का बोझ स्थानीय लोग क्यों और कब तक झेलते रहेंगे?

दूसरा सवाल, स्थानीय लोगों को इलाके की सुरक्षा के बारे में अंधेरे में क्यों रखा जा रहा है, जबकि वे अपने क्षतिग्रस्त घरों में जागकर रातें काटने को मजबूर हैं। सात महीने के बाद भी जोशीमठ में भूमि धंसाव के कारणों, प्रभावों और भविष्य के खतरों के बारे में कोई व्यापक रिपोर्ट सामने नहीं आई है। सरकार ने जनवरी में सभी विशेषज्ञ संस्थाओं को भूस्खलन के बारे में कुछ भी जानकारी देने पर रोक लगा दी थी और अब तक आपदा का अध्ययन करने के लिए अपने द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट साझा नहीं की है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में आपदा की स्थिति से निपटने का यह तरीका कभी नहीं होता।

तीसरा सवाल, यदि सरकार सभी जोखिमों के बावजूद ऐसी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने पर आमादा है तो उसे प्रभावित लोगों का पुनर्वास सुनिश्चित क्यों नहीं करना चाहिए? हिमालयी राज्यों में ऐसी परियोजनाओं को चलाते बरसों हो गए हैं, लेकिन सरकार ने इनके प्रभावों और प्रभावितों के पुनर्वास के प्रति जिम्मेदारियों को परिभाषित करने के लिए कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी नहीं किए हैं।

पर्वतीय जगहों पर ऐसी परियोजनाओं का प्रभाव तुरंत नहीं दिखता, बल्कि उनके प्रभाव दीर्घकालिक और व्यापक होते हैं। वे कुछ अंतराल के बाद भी प्रकट होते हैं और उन क्षेत्रों को भी प्रभावित करते हैं जो परियोजना से एकदम सटे हुए नहीं होते। इसलिए ऐसी परियोजनाओं के 'प्रभावितों' की पहचान और पुनर्वास के प्रति परियोजना की जिम्मेदारियों को सही ढंग से परिभाषित करना जरूरी है।

विकास परियोजनाओं द्वारा अनैच्छिक विस्थापन की स्थिति में एक उचित पुनर्वास नीति बनाने का उत्तराखंड सरकार द्वारा कोई प्रयास नहीं किया गया है। पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, सरकार के प्रयास 'एकमुश्त निपटान' तक ही सीमित हैं। जोशीमठ में तो मुआवजे का भुगतान केवल घरों के लिए ही किया जा रहा है। यह राशि अपर्याप्त है और अधिकांश अभी भी इसका इंतजार कर रहे हैं। चूंकि लोग कहीं और जाकर बस पाने की स्थिति में नहीं हैं इसलिए अधिकांश लोग असुरक्षित घरों में रहने के लिए वापस आ गए हैं।

सरकार का ज़ोर आपदा के बाद भी यात्रा पर्यटन को सुचारू रूप से चलाने पर ही रहा, इसलिए आपदा को कम करके भी दिखाया जाता रहा। आपदा के बावजूद पर्यटकों की संख्या पर कोई सीमा नहीं रखी गई। इससे बड़ा सवाल उठता है- इस तरह अगर पहाड़ रहने के लिए अनुपयुक्त स्थानों में तब्दील कर दिये जाएंगे तो पहाड़ के निवासी आखिर कहां जाएंगे? ऐसे 'विकास' की उत्तराखंड के लोगों के लिए क्या प्रासंगिकता रह जाती हैं जिसने उनके घरों को रहने लायक नहीं छोड़ा है।

*(लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। फिलहाल वे हिमालय की पारिस्थितिकी पर शोध कर रही हैं।)*

**विकास परियोजनाओं द्वारा अनैच्छिक विस्थापन की स्थिति में एक उचित पुनर्वास नीति बनाने का उत्तराखंड सरकार द्वारा कोई प्रयास नहीं किया गया है। पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, सरकार के प्रयास 'एकमुश्त निपटान' तक ही सीमित हैं। जोशीमठ में तो मुआवजे का भुगतान केवल घरों के लिए ही किया जा रहा है। यह राशि अपर्याप्त है और अधिकांश अभी भी इसका इंतजार कर रहे हैं।**

उल्टा पुल्टा

लड़का- तुम लडकियां इतनी खूबसूरत क्यों हो?
लड़की- क्योंकि भगवान ने हमें अपने हाथों से बनाया है।
लड़का- ले, बोल तो ऐसे रही है जैसे हमें तो बनाने के लिए मजदूरों को ठेके पर दिया था।

## बाएं हाथ में स्वीप, दाएं हाथ में क्रिएटिविटी की मेंहदी रचाकर जीतें आकर्षक पुरस्कार



### स्वीप के तहत मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन आज से

**बिलासपुर** , 15 सितंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित एवं जागरूक करने विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध हरितालिका तीज पर्व को ध्यान में रखते हुए मतदाता जागरूकता के लिए एक मेंहदी स्वीप की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसमें महिला मतदाताओं को केंद्र में रखकर एक मेंहदी स्वीप की शीर्षक से मेहंदी लगाकर मतदान के लिए जागरूक किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 16 से 19 सितम्बर तक होगी।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिला मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक और प्रेरित करने के दृष्टिकोण से बाएं हथेली पर स्वीप बिलासपुर लिखकर मेंहदी लगाने और दाहिने हथेली पर अन्य रचनात्मक आकृति बनाकर मेंहदी लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जागरूकता कार्यक्रम में भागीदारी करने वाली महिलाओं एवं युवतियों को मेंहदी लगाकर व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से फोटो लेकर जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराये गये व्हाट्सअप नंबर पर भेजना होगा। इन प्राप्त फोटोग्राफ्स में से सर्वश्रेष्ठ 20-20 प्रविष्टियों को व्यक्तिगत व सामूहिक श्रेणी में जिला प्रशासन द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इसके साथ ही सोशल मीडिया में शेयर किये गए सर्वश्रेष्ठ 10 प्रविष्टियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। रिल्स तैयार कर शेयर करने वाले सर्वश्रेष्ठ 10 प्रतिभागियों को भी पृथक से पुरस्कार प्रदान किया जाएंगे। प्रतिभागियों को व्हाट्सअप नंबर 70005-44033 पर फोटो शेयर करना होगा। सोशल मीडिया पर फोटोग्राफ्स शेयर करने के दौरान प्रतिभागियों को भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़, जिला प्रशासन बिलासपुर के अधिकारिक पेजों पर टैग करना एवं निर्धारित हैश टैग के साथ शेयर करना अनिवार्य होगा। प्रतियोगिता में 19 सितम्बर तक उपलब्ध और शेयर किये गये फोटोग्राफ्स ही मान्य होंगे। जागरूकता कार्यक्रम हेतु नवाचार करने वाली निजी, गैर शासकीय संस्था अथवा संगठनों के सर्वश्रेष्ठ तीन प्रयासों को चिन्हांकित एवं पुरस्कृत किया जाएगा।

# स्मार्ट सिटी का अधूरा निर्माण, कई इलाके जलमग्न

### उसलापुर के साईं नगर में जलभराव का हाल, अपनी बला टालने कालोनी को ही अवैध बता रहा निगम

### महापौर सभापति ने जलमग्न इलाकों का किया दौरा






**बिलासपुर** , 15 सिंतबर (देशबन्धु)। गुरुवार को हुई भारी बारिश से पूरा शहर जलमग्न हो गया। साईं नगर उसलापुर में यह नजारा देखने को मिला। नगर निगम इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है। सकरी जोन का कहना है कि यह क्षेत्र अवैध कॉलोनी में आता है इसलिए यहां कोई भी सीसी रोड, नाली, पानी की कोई भी व्यवस्था नहीं की जाएगी। जबकि यह क्षेत्र पूर्व ग्राम पंचायत उसलापुर में आता था और यहां जो मकान बने हैं वह उस समय ग्राम पंचायत से एनओसी नक्शा पास करवा कर बने हैं। यह क्षेत्र निगम तो अभी कुछ साल पहले हुआ है। यहां के रहवासी नगर निगम को टैक्स भी देते हैं। 15 सितंबर बीती रात लगातार तेज बारिश के बाद शहर के कई इलाके जलमग्न हो गए। तोरवा, दयालबंद पुराना बस स्टैंड इमलीपारा, श्रीकांत वर्मा मार्ग विनोबा नगर, सरकंडा कपिल नगर बंधवापारा सहित निचले इलाकों में पानी भर गया लोग रात भर परेशान हुए। वहीं दूसरी ओर अरपा नदी महानदी शिवनाथ नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है घूमने नाल में भी तेजी के साथ पानी का जलस्तर बढ़ने से त्रिपुरा तथा सकरी उसलापुर क्षेत्र में लोग परेशान दिखे भी आज निचल इलाकों में पानी भर गया है। बंधवा पारा कपिल नगर में तो मोटर लगाकर पानी निकाला जा रहा है नहीं देर रात मरीमाई रोड में स्मार्ट सिटी की नाली से बोरा हटाकर पानी निकासी की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। शहर का शायद ही ऐसा कोई क्षेत्र पानी का प्रभाव नहीं है परवाह नहीं है वहां पर को मिली लेकिन ठेके कई पंचायत में पूर्व में कॉलोनी एवं के लिए कोई भी बचा हो जहाँ इस बरसात के पानी ने अपना कहर नहीं बरसाया पानी निकासी को व्यावस्था की जा रही है। आज निगम की निकासी के लिए छूटा गली में जमका निर्माण गरी कमोडी हो चारों तरफ पानी पानी दिखा सरकंडा क्षेत्र के बसंती बिहार की कोई यह क्षेत्र पूर्व ग्रामपंचायत उसलापुर जुटा रहा। सावन के बाद भादो महीने में पहली अन् टर पर लगाए जा रहे हैं और में पानी भरने के बाद कहा है का ने रोकने के लिए था और यहाँ लिए काफी परेशान होना पड़ा वसंती विहार कॉलोनी जोपा नदी नालों में पानी का बहाव तेज हो गया है। निर्देश दिए। स्मर्ट सिटी का कहना है कि क्षेत्र में हुआ है और भगा और लोगों को मिलेगी इसके उसे समय ग्राम वाला क्षेत्र है यहां के रहने वाले नागरिक गणों ने नगर निगम ने लोगों को राहत दिलाई मेयर के निर्देश पर निगम निचले इलाकों में पानी भर गया कुछ का निर्माण किया जा रहा है । कई और वहीं दूसरी ओर बापाने पर इसी पर है। निगम का हमला आज सुबह से ही जलमग्न का काम है और कई करके लोगों को हमें में आजतक इलाकों में पहुंचकर पानी निकासी की व्यवस्था में जहाँ पर निर्माण किया।

## सार-संक्षेप




### पॉवर कंपनी में मनाया गया राष्ट्रीय अभियंता दिवस

**बिलासपुर** , 15 सिंतबर(देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी लिमिटेड बिलासपुर क्षेत्र में भारतरत्न डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय अभियंता दिवस का आयोजन तिफरा स्थित कल्याण भवन में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य अभियंता (बि.क्षे.) ए.के. धर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बी.एल.वर्मा द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि श्री धर ने उपस्थित अभियंताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतरत्न महान इंजीनियर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की उपलब्धियों एवं कार्यकुशलता को अंगीकार करते हुये समाज के प्रति समर्पित भाव तथा टीम भावना से कार्य करना ही एक कुशल अभियंता का दायित्व होता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य अभियंता श्री वर्मा ने सभी को इंजीनियर्स डे की बधाई देते हुये कहा कि वर्तमान में नवीन तकनीकों के उपयोग से कार्यों को सुगम एवं उच्च गुणवत्तापूर्ण बनाया गया जा सकता है। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता सी.एम.बाजपेयी, ए.के.लखेरा, जी.पी.सोनवानी, सुरेश जांगड़े, श्रीमती मधु मिंज कार्यपालन अभियंता पी.आर.साहु, राजेश चौहान, पी.व्ही.एस.राजकुमार, मुख्तार, एच.के.मंगेशकर, मकेश्वर साय, सी.एम.कुमार, सुश्री सोनल दवे, प्रदेश महासचिव, पत्रोपाधि अभियंता संघ बी.बी.जायसवाल, सचिव गिरीश श्रीवास्तव, प्रमोद चौबे, दीप्तेन मुखर्जी एवं बडी संख्या में अभियंतागण उपस्थित रहे।

### द्रोणा बचपन पब्लिक स्कूल में बच्चों का डेंटल चेकअप



**बिलासपुर** , 15 सिंतबर (देशबन्धु)। द्रोणा बचपन पब्लिक स्कूल सकरी पेंडारी बिलासपुर में बच्चों का डेंटल चेकअप का आयोजन किया गया । जिसमें डॉक्टर भावना बरीक व डॉक्टर देबोलीना साहू ने बच्चों का चेकअप कर उन्हें प्रॉपर ट्रीटमेंट की समझाइस दी । तथा बच्चों को दांतों से संबंधित आवश्यक जानकारियां प्रदान की व दातों को किस तरह से क्लीन रखना है यह बच्चों को समझाया।

संस्था संस्थापक डॉ अशोक पांडे ने सभी डॉक्टरों का हार्दिक अभिनंदन किया । वह प्राचार्या डॉक्टर मीनू पांडे ने आभार व्यक्त किया । वहीं संस्था की उपप्राचार्या डॉक्टर एकता शुक्ला ने बच्चों को दांतों से संबंधित विभिन्न जानकारियां दी । संपूर्ण कार्यक्रम शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में पूर्ण हुआ। जिसमें राम मिश्रा, राहुल देवांगन, श्रद्धा, प्रीति, संजू और अन्य शिक्षक शिक्षिकाओ ने उपस्थिती दी ।

## हिंदी राजभाषा हमारे देश की एकता और अखंडता को सशक्त करने का माध्यम-रेखा गुल्ला

**बिलासपुर** , 15 सिंतबर (देशबन्धु)। नेहरू युवा केंद्र बिलासपुर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में 14 सितंबर को हिंदी को बढ़ावा देने के लिए हिंदी दिवस में हिंदी भाषा का महत्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र नाइसटेक कम्प्यूटर एजुकेशन, ईदगाह चौक बिलासपुर में किया गया।



कार्यक्रम का आयोजन सौरभ कुमार निषाद जिला युवा अधिकारी एवं एम एल सोनी लेखा एवं कार्यक्रम सहायक के मार्गदर्शन में किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में श्रीमती रेखा गुल्ला नेशनल हॉकी खिलाड़ी (पूर्व प्राध्यापक) विशिष्ट अतिथि रविन्द्र प्रताप सिंह संस्थापक नाइस टेक ,कार्यक्रम का अध्यक्षता धनेश कुमार पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक किया किया। मुख्य अतिथि ने अपने विचार व्यक्त किए एवं मातृभाषा हिंदी को बढ़ाने के लिए सभी युवाओं को प्रेरित किया हिंदी राजभाषा हमारे देश की एकता और अखंडता को सशक्त करने का माध्यम है,

विशिष्ट अतिथि रविन्द्र सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए हिंदी दिवस के महत्व को समझाया,उन्होंने यह भी बताया कि 14 सितंबर 1949 को संविधान द्वारा हिंदी को राजभाषा के रूप में अंगीकृत किया गया, धनेश कुमार ने युवाओं से प्रण लेने की अपील की कि हिंदी के विकास के लिए वह निरंतर प्रयत्नशील रहेंगे,उन्होंने नेहरू युवा केंद्र की गतिविधियों एवं कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया एवं राजभाषा हिंदी पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। जिसमे भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शगुन यादव ,द्वितीय स्थान अदिति जैस्वाल एवं तृतीय स्थान पिंटू कुमार रहे जिसमे सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं माउस पेड से अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आभार व्यक्त शारदा श्रीवास एवं कार्यक्रम का संचालन तमेश रजक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित राम राजपूत,अभिषेक, सुमन, देवेंद्र,दीप्ति, विनीत, आदर्श, स्वाति,याशमीन, हिमांशु,हर्षिता, रितु,नसीमा, आदि भाषण के माध्यम से अपने विचारों को प्रस्तुत किया।

### बरसते पानी में हंगर फ्री ने यात्रियों को पहुंचाया भोजन

**बिलासपुर** , 15 सिंतबर (देशबन्धु)। मिशन कोई भी न सोएं भूखा के ध्येय वाक्य को लेकर विगत 5 वर्ष पूर्व गठित संस्था हंगर फ्री बिलासपुर कई नाजुक अवसरों पर अपनी भूमिका पर खरी उतरी है।आज भी अचानक आ बरसे पानी में हंगर फ्री बिलासपुर के सदस्य ऑक्सीजन मेन राजेश खरे को सूचना मिली कि कुछ यात्री गण अपने बाल बच्चो के साथ फंस गए है । जिनके लिए भोजन व्यवस्था की समस्या हो रही है मैसेज मिलते ही तत्काल भोजन व्यवस्था कर समुचित राहत पहुंचाई गई । इस नेक कार्य में चंदर मंगतानी , विष्णु अग्रवाल व राजेश खरे तथा सतराम जेठमलानी का विशेष सहयोग रहा।



### पटाखा लायसेंस के लिए आवेदन 6 अक्टूबर तक

बिलासपुर , 15 सिंतबर (देशबन्धु)। दीपावली पर्व के दौरान अस्थायी पटाखा लायसेंस लेने हेतु जिला कार्यालय बिलासपुर के लायसेंस शाखा में 6 अक्टूबर तक आवेदन किये जा सकते है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने बताया कि अस्थायी पटाखा लायसेंस के नवीन एवं पूर्व से जारी लायसेंस के नवीनीकरण के लिए आवेदन पत्र संबंधित कार्यालय में निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदक नियत तिथि तक जमा कर सकते हैं। अंतिम तिथि के पश्चात आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## प्रदेश की जनता परिवर्तन के लिए आतुर- कौशिक




**बिलासपुर** , 15 सिंतबर (देशबन्धु)। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कांग्रेस सरकार के कुशासन एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध भारतीय जनता पार्टी द्वारा जशपुर में आयोजित द्वितीय परिवर्तन यात्रा के शुभारम्भ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर आयोजित आमसभा की सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ये परिवर्तन का शंखनाद है। कांग्रेस की गलत नीतियों की वजह से प्रदेश में शहरों से लेकर गांव तक की जनता परेशान है, इसलिये भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने लिये परिवर्तन यात्रा की शुरुआत की है। इस बार परिवर्तन करना है और भारतीय जनता पार्टी का कमल खिलाना है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण बीजेपी ने किया। पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटलबिहारी वाजपेयी ने किया। गांव-गांव में प्रधानमंत्री सड़क बीजेपी सरकार ने बनवाई, समूची जनता जानती है कि पूरे प्रदेश का विकास करने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया परंतु भारतीय जनता पार्टी के सालों के विकास को कांग्रेस की सरकार अपने इन 5 सालों ने तबाह कर रही है। प्रदेश के विकास को बाधित करने का काम कांग्रेस सरकार ने किया है। श्री कौशिक ने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार आंकठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। इसलिए विगत पौने 5 साल में विकास की किरण कही भी नहीं पहुंच पाई है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि यह भूपेश सरकार नहीं, झूठेश सरकार है, जिसने केवल सत्ता हसील करने के लिये पूरे प्रदेश के हर वर्ग के साथ छलावा किया है। आज केवल ग्रामीण क्षेत्रों में ही 55 हजार पम्प कनेक्शन पेंडिंग है जिनकी प्रक्रिया पुरी हो गयी है 1 लाख 5 हजार अस्थाई कनेक्शन चल रहे है और 1 हजार ट्रांसफार्मर जले हुए है जिनके कारण किसान सिंचाई नहीं कर पा रहे है और प्रदेश की यह सरकार ट्रांसफार्मर को मरम्मत कराने के स्थिति में भी नहीं है। जिसके कारण किसानों में विवाद की स्थित बन रही है। उन्होंने कहा की इस भ्रस्टाचार में डूबी कांग्रेस सरकार को जनता की कोई चिंता नहीं है। आज प्रदेश में अनेकों अवैध कारोबार हो रहे है पर यह कांग्रेस सरकार के कानों में जूँ तक नहीं रेंग रही है, दुनिया इधर की उधर हो जाए पर इनका अवैध कारोबार नहीं रुकना चाहिए। यह परिवर्तन यात्रा केवल भारतीय जनता पार्टी के लिये नहीं बल्कि पुरी प्रदेश की जनता के लिये महत्वपूर्ण है और यह प्रदेश की जनता ने ठान लिया है कि इस भ्रष्टाचारी कांग्रेस सरकार को सत्ता से उखाड़ कर फेकना ही है।

## पितृपक्ष 28 सिंतबर से 15 दिन का होगा तर्पण

**बिलासपुर, 15** सितंबर (देशबन्धु)। पितृपक्ष भाद्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि के साथ शुरू होकर कृष्ण पक्ष की अमावस्या तक चलता है।इस साल 15 दिनों तक होगा पितृपक्ष की शुरुआत 28 सितंबर से हो रही है जो 14 तक अक्टूबर रहेगा। पंडितों का कहना है कि सनातन धर्म में पितृपक्ष का बड़ा महत्व है। पितृ से लोग अपने पितरों को प्रसन्न करने के लिए कई तरह के उपाद करते है। इतना ही नहीं पितृपक्ष के दरमियान पितरों का दान वर्पण करने कभी विधान बताया गया है कि करने के लिए कुछ उपाय करने से पितृ बहुत कठिन नहीं है। अगर पितरों को प्रसन्न करना चाहते है तो पितृपक्ष में अपने घर के पिता की तस्वीर लगाते समय इसका ध्यान की तस्वीर दक्षिण दीवार या कोने में ही हो। अगर आप ऐसा करते हैं तो जा ही प्रसन्न होते है और आपके घर की निरंतर तरक्की होगी। पितृपक्ष के दौरान महूर्त में स्नान ध्यान करने के बाद पितरों को प्रणाम करना चाहिए ऐसा करने से पितृ जल्द प्रसन्न होते हैं और अपने परिजनों को आशीर्वाद देते हैं। पितरों को प्रसन्न करने के लिए पितर की जयता तथा पुष्णतिरूचाहिए। ऐसा करने से होते गरीब और मंद लोगों को इस दिन भोजना चाहिए। अपनी समता के मुताबिक दिन दान भी देता में पितरों को करने के लिए गरीब लोगों को जूते से दाहिए। ऐसा करने से पितृ जल्द प्रसन्न होते हैं।



## खाने पर महंगाई की मार, सब्ज़ियों के बाद अब दालों के भाव बढ़े

**बिलासपुर,** 15 सितंबर (देशबन्धु)।सब्जियों के साथ-साथ दालों की कीमत में भी जबरदस्त उछाल आने से रसोई का बजट गड़बड़ा गया है। त्योहारी सीजन में महंगाई की मार इस कदर पड़ रही है कि गरीब ही नहीं संपन्न तबके के लोगों की जेब पर रसोई का खर्च भारी पड़ रहा है। हालत यह है कि मार्च-अप्रैल में 120-125 रुपये किलो बिकने वाली अरहर दाल की कीमत 175-180 रुपये किलो तक पहुंच गई है। यानी चार माह में ही यह 55 से 60 रुपये किलो महंगी हो गई है। इसका असर अन्य दालों पर भी पड़ा है। चना दाल की कीमत 90 रुपये, मूंग दाल 120 रुपये और उड़द दाल 110 रुपये किलो पहुंच गई है।



अनाज कारोबारियों का कहना है कि दालों की कीमत में तेजी का मुख्य कारण यह है कि इस वर्ष इसका उत्पादन बहुत कमजोर है। त्योहारी सीजन भी शुरू होने को है। ऐसे में मांग और बढ़ेगी तो दाम में भी और तेजी आएगी। अनाज कारोबारी प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि आने वाले दिनों में भी दालों की कीमतों में गिरावट के आसार नहीं हैं। अभी नई फसल आने में लगभग चार माह का समय है। मांग की तुलना में आवक काफी कम है। बता दें कि चार-पांच वर्ष पहले भी त्योहारी सीजन में राहर दाल की कीमत 200 रुपये किलो तक पहुंच गई थी। केंद्र सरकार द्वारा अंकुश लगाए जाने के बाद कीमत गिरी थी।

## सार-संक्षेप

### मवेशियों को खोजने जंगल गए ग्रामीण पर भालू का हमला



**कोरबा,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। कोरबा वनमंडल के पसरखेत रेंज अंतर्गत ग्राम पतरापाली में एक भालू ने वृद्ध को गंभीर रूप से घायल कर दिया है। अपनी जान बचाने के लिए वृद्ध भालू से ही भिड़ गया। दोनों के बीच संघर्ष के बाद भालू जंगल की ओर भाग गया। इस संघर्ष में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसे कोरबा मेडिकल कॉलेज में प्रारम्भिक उपचार बाद बिलासपुर सिम्स रेफर कर दिया गया।

बताया गया कि पतरापाली के आश्रित ग्राम बोइरझूमर टिकरा का निवासी जोतराम राठिया पिता साधराम राठिया 64 वर्ष 14 सितंबर की देर शाम तक अपने मवेशियों के घर नहीं लौटने पर तलाश के लिए जंगल की ओर गया था। इसी बीच बारिश शुरू हो गयी। बारिश से बचने जोतराम घर लौट रहा था कि रास्ते में भालू ने जोतराम पर हमला कर दिया। अपनी जान बचाने के लिए जोतराम भालू से ही भिड़ गया। भालू ने उसके हाथ-पैर और सिर, चेहरा,आंख पर नाखून से नोंच कर जख्म दिए लेकिन जोतराम की हिम्मत के सामने टिक नहीं पाया और भाग गया। इसके बाद खून से लथपथ जोतराम किसी तरह घर पहुंचा। सरपंच ने वन विभाग तक जानकारी पहुंचाई। मौके पर पहुंचे वन अमले ने तत्काल सहायता राशि 2000 रुपये देते हुए जोतराम राठिया को एंबुलेंस के जरिए कोरबा मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद बिलासपुर सिम्स रेफर कर दिया गया।

### आत्मानन्द अंग्रेजी स्कूलों में शिक्षकों के पदों पर संविदा भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

**कोरबा,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल संचालन एवं प्रबंधन समिति जिला- कोरबा छ.ग. के विज्ञापन क्र / 427 / स्था0 / सेजेस / 2023-24 कोरबा दिनांक 13.09.2023 के द्वारा जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के रिक्त पदों पर संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 22.09.2023 तक कार्यालयीन दिवसों में समय प्रात- 10-00 बजे से शाम 5-30 बजे तक स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक / स्वयं उपस्थित होकर बंद लिफाफे में जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा कोरबा (छ.ग.) आई.टी.आई के पीछे जमा किया जा सकता है। व्याख्याता हिन्दी एवं संस्कृत विषय के पदों को छोडक़र अन्य पदों पर अभ्यर्थियों की सम्पूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से होना अनिवार्य है। अंतिम तिथि के बाद में प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जाएगा। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाईट पर भी देखी जा सकती है।

### मिनीमाता कॉलेज में हिन्दी दिवस पर विविध प्रतियोगिताएं




**कोरबा**, 15 सितंबर (देशबन्धु)। हिन्दी दिवस पर शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी साहित्य की छात्राओं के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं तात्कालिक भाषण का आयोजन किया गया। हिन्दी विभागाध्यक्ष श्रीमती संध्या पांडेय की उपस्थिति में प्रतियोगिता का संचालन डॉ. डेज़ी कुजूर सहायक प्राध्यापक, हिन्दी ने किया।

प्रतियोगिता में महाविद्यालय की हिन्दी साहित्य की 26 छात्राओं ने भाग लिया। इसके पश्चात तात्कालिक भाषण में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हिंदी दिवस की उपयोगिता विषय पर 10 छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत किये। हिन्दी साहित्य की छात्राओं के लिए आयोजित उक्त प्रतियोगित के निर्णायक मंडल में हिन्दी साहित्य की छात्राएं रेणुका केसरी, यशोदा और अवंतिका ने अपने विवेक और ज्ञान के आधार पर प्रतिभागियों का परीक्षण कर निष्पक्ष निर्णय दिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कु. पूर्णिमा यादव बी.ए. अंतिम वर्ष, कु. श्रद्धा जांगड़े एम.ए.(हिंदी) प्रथम सेमेस्टर द्वितीय स्थान पर रहीं जबकी कु. वंदना पंडित बी.ए. अंतिम वर्ष, तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्य डॉ. राजेंद्र सिंह ने सभी प्रतिभागियों एवं विजेताओं को बधाई दी। साथ ही हिन्दी विभाग के द्वारा अपनाए गए नवाचार की सराहना भी की।

### खदान में गिरी बिजली, डम्पर व कैंपर क्षतिग्रस्त

**कोरबा,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश के साथ ही कोरबा में लगातार हो रही बारिश के बीच वज्रपात होने का दौर जारी है जिससे जान माल का भी नुकसान हो रहा है। बीती रात एसईसीएल की दीपका खदान के भीतर खड़ी वाहनों पर बिजली गिरी। दीपका एक्सपेंशन के डंपर यार्ड में खड़े वाहनों पर वज्रपात होने से प्रबंधन को काफी नुकसान उठाना पड़ा। आकाशीय बिजली की तीव्रता इतनी अधिक थी,कि 240 टन क्षमता वाले दो डंपरों के टायर सहित ग्लास के परखच्चे उड़ गए और पास में ही खड़ा कैंपर वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है,कि डंपर का टायर फटने से कैंपर वाहन उसकी चपेट में आ गया। फिलहाल इस घटना की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है।

### कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा धान में पेनिकल माईट प्रबंधन पर दी गई सलाह

रायगढ़, 15 सितंबर (देशबन्धु)। इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ ने फसलों में होने वाले पेनिकल माईट के प्रकोप के संबंध में सलाह दी है। उन्होंने कहा कि सही समय में सही कृषि दवाई का उपयोग किया जाए ताकि फसलों को नुकसान होने से बचाया जा सके। पेनिकल माईट का प्रकोप सितम्बर-अक्टूबर माह में अधिक होता है। यदि पिछले वर्ष धान में पेनिकल माईट का प्रकोप हुआ है तो वर्तमान फसल मौसम में माईट प्रबंधन उपाय आवश्यक है। पेनिकल माईट नग्न ऑखों से दिखाई नहीं देता है।

# एसडीओ को जान से मारने की कोशिश, कमरा बंद कर बचाई जान

*कोरबा-कटघोरा, 15 सितंबर (देशबन्धु)। पीडब्ल्यूडी के एसडीओ को अपनी जान बचाने के लिए खुद को कमरे में बंद करना पड़ा। घटिया निर्माण पाए जाने के दौरान उसे दुरुस्त कराने से हुए नुकसान से आक्रोशित होकर ठेकेदार के प्रतिनिधि ने इस घटनाक्रम को अंजाम दिया। उसके विरुद्ध थाना में अपराध पंजीबद कर लिया गया है।*

*जानकारी के कटघोरा न्यायालय परिसर में पीडब्लूडी के माध्यम से सीसी रोड का निर्माण कार्य ठेकेदार मेसर्स बीआर कन्स्ट्रक्शन डी वर्ग ठेकेदार, ग्राम चिताघुटरी रजकम्मा के द्वारा कराया*



*जा रहा है। इस कार्य को स्थल पर ठेकेदार प्रतिनिधी राजू अग्रवाल उर्फ राजू नारियलवाला के द्वारा किया जा रहा है। पीडब्ल्यूडी के उप संभाग क्रमांक-1 कटघोरा में पदस्थ एसडीओ सतीश चंद पाण्डेय द्वारा 13 सितम्बर को पर्यवेक्षण के दौरान कार्य निम्न स्तर का देखते हुए कार्य आदेश में प्रावधानित क्रांक्रीट का कार्य मानक अनुपात एवं मोटाई में गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने हेतु प्रतिनिधी राजू अग्रवाल को निर्देश दिया गया एवं किये गये कार्य में स्थल पर सुधार भी कराया गया। इसके बाद 14 सितम्बर को सुबह लगभग 9.15 बजे एसडीओ शासकीय रेस्ट हाउस कटघोरा में था तब राजू अग्रवाल उसे जान से मार दूंगा की धमकी दिया। एसडीओ ने कमरा नं 4 को अंदर से बंद कर लिया व घटना की सूचना कार्यपालन अभियंता जीआर जांगड़े को दिया जिसने सूचना एसडीएम कटघोरा को फोन से दिया और एसडीएम ने थाना प्रभारी कटघोरा को सूचना दी। दो आरक्षक रेस्ट हाउस आए तब तक राजू अग्रवाल उर्फ राजू नारियलवाला वहां से भाग गया था। एसडीओ की रिपोर्ट पर राजू अग्रवाल के विरुद्ध धारा 294,506 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।*

# अभियंता दिवस पर याद किए गए डॉ. विश्वेश्वरैय्या

कोरबा, 15 सितंबर (देशबन्धु)। देश को आधुनिक रूप से तैयार रखने और टेक्नोलॉजी के साथ कदमताल मिलाने का श्रेय इंजीनियर्स को ही जाता है। तकनीक के विकास और नए अविष्कार के साथ जीवन को सुविधाजनक बनाने में इनका बड़ा योगदान होता है।

डॉ. मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैय्या के जन्मदिवस 15 सितंबर को इंजीनियर्स दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस कार्यक्रम के तहत ही जिले के सभी इंजीनियर्स के द्वारा अप्पू गार्डन सीएसईबी चौक स्थित डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैय्या की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। छत्तीसगढ़ डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन, कोरबा एवं इंजीनियर्स एंड आर्किटेक्ट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में पुष्पांजलि अर्पित कर प्रशांति वृद्धाश्रम सर्वमंगला मंदिर में दैनिक उपयोग की सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर इंजीनियर्स एलएल द्विवेदी, रामनरेश दुबे, गोरेलाल साहू, झीलन प्रसाद कुर्रे, डीसी सोनकर, प्रदीप कश्यप, अशोक सिंह, अल्का उपाध्याय, महेन्द्र धीर्रे, संतोष नायक, एमएन सरकार, एनके नाथ, राकेश मसीह, लीलाधर पटेल, यशवंत जोगी, योगेश राठौर, पियूष राजपूत, सुनील सोनी, अभय मिंज, विजय गोयल, रमेश कुमार सूर्यवंशी, सुनील तांडे, प्रमोद जगत, विनोद गोंड, अखिलेश शुक्ला, एचआर बघेल, एमके वर्मा, भूषण उरांव, राहुल मिश्रा उपस्थित थे।

**अप्पू गार्डन स्थित प्रतिमा के समक्ष इंजीनियरों ने किया माल्यार्पण**




### अभियंता दिवस पर भोग-भंडारा

प्रशासनिक विभाग के ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना और लोक निर्माण विभाग ने संयुक्त रूप से कार्यालय में भोग-भंडारा कार्यक्रम का आयोजन कर डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैय्या को जन्मदिन पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि, जल संसाधन विभाग, खनिज विभाग, जनपद, निकाय, एसईसीएल सहित समस्त विभाग के इंजीनियरों ने भी उन्हें याद किया।

### समस्त संगठनों ने मनाया अभियंता दिवस

छत्तीसगढ़ डिग्री इंजीनियर्स एसोसिएशन के संरक्षक नयन रंजन चौधरी, केटीपीएस कोरबा पूर्र्व, सीएसईबी कोरबा पश्चिम, डीएसपीएम कोरबा पूर्व, सीएसईबी आरक्षित वर्ग अधिकारी एवं कर्मचारी संघ के समस्त इंजीनियर्स राजकुमार रात्रे, बालेश्वर अनंत, अमित भारद्वाज, सोनित कुमार, बरूण धृतलहरे, मंजूलता चौहान, हेमलता जांगड़े, विशाल केलकर, आरके चौहान, संतोष नाग, श्री तिर्की ने भी डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैय्या को उनके जन्मदिवस पर याद किया। रविन्द्र सांस्कृतिक भवन कोरबा पश्चिम में प्रबंध निदेशक एसके कटियार की उपस्थिति में अभियंता दिवस मनाया गया।

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास के अभियंताओं ने याद किया मोक्षगुण्डम को

भारत रत्न सर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैय्या की जयंती अभियंता दिवस के अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अभियंताओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मोक्षगुण्डम की मूर्ति स्थापना कर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इसके पश्चात जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरण कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कार्यपालन अभियंता संतोष नाग, अंतोनी तिर्की सहित जीएस राठौर, प्रदीप साहू, नरेन्द्र सरकार, दीपक साहू आरईएस पाली, पीएमजीएसवाय से अमित सिंह, चमन मिश्रा, भीम कुर्रे, संजय चंद्राकर, अनुज भार्गव, सुनील प्रजापति, यामिनी देवांगन, मदनलाल पुरे तथा झिलन प्रसाद व स्टाफ उपस्थित थे। आयोजन को सफल बनाने में जीएस सिंह राठौर अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा उप संभाग पोड़ी-उपरोड़ा तथा पीडब्ल्यूडी, आरईएस एवं पीएमजीएसवाय परिवार की अहम भूमिका रही।

### सप्तदेव मंदिर में नानी बाई को मायरो कार्यक्रम आयोजित



**कोरबा,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। सप्तदेव मंदिर में गुरूवार को नानी बाई को मायरो कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कोलकोता के अनिल लाटा एंड पार्टी द्वारा शाम 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक नानी बाई का मायरो का मंचन नृत्य नाटिका के साथ किया गया जो अत्यंत ही अनुपम एवं मनमोहक था जिसे देखने मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे। सप्तदेव मंदिर परिवार के प्रमुख ट्रस्टी अशोक मोदी ने बताया कि इसका प्रमुख उददेश्य है कि इस प्रकार के कार्यक्रम किये जाने से आने वाली पीढ़ी को अपने सनातन धर्म को जानने का अवसर प्राप्त होता है। हमारे संस्कार, हमारी संस्कृति और हमारे धर्म की रक्षा होती है साथ ही साथ उनकी जिम्मेदारी बनती है कि वे इस परम्परा को अक्षुण्य एवं जीवंत रखें। कार्यक्रम की सभी ने प्रशंसा की।

# महापौर के जाति प्रमाण पत्र को चुनौती की याचिका खारिज

**कोरबा,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। महापौर राजकिशोर प्रसाद के जाति प्रमाण पत्र को फर्जी बताते हुए न्यायालय में दर्ज की गई याचिका को खारिज कर दिया गया है। इसके साथ ही महापौर को बड़ी राहत मिली है वहीं भाजपा को मुंह की खानी पड़ गई।



नगर पालिक निगम में 10 जनवरी 2020 को कांग्रेस के राजकिशोर प्रसाद महापौर निर्वाचित हुए थे। भाजपा के अधिक पार्षद जीतकर नगर निगम क्षेत्र से निर्वाचित हुए थे लेकिन इसके बावजूद वह अपना महापौर नहीं बनवा सके। इसके बाद भाजपा की ओर से महापौर पद की उम्मीदवार रितु चौरसिया ने हार के तुरंत बाद महापौर राजकिशोर प्रसाद के जाति प्रमाण पत्र को चुनौती दी थी। रितु ने एक चुनाव याचिका कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत की थी। गुरुवार को इस याचिका को जिला न्यायाधीश ने खारिज कर महापौर के जाति प्रमाण पत्र को वैध करार दिया। बता दें कि चुनाव याचिका जिला न्यायाधीश के समक्ष पेश किया था जिसमें लगातार सुनवाई चली। 3 साल तक सुनवाई के बाद अंतत- जिला न्यायाधीश डीएल कटकवार ने 14 सितंबर को निर्णय सुनाया। महापौर की ओर से पैरवी करने वाले अधिवक्ता संजय शाह ने बताया कि न्यायालय ने चुनाव याचिका को खारिज कर कहा कि ऐसा कोई भी प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया है जिससे कि महापौर के जाति प्रमाण पत्र को अवैध ठहराया जा सके। बता दें कि कोर्ट के निर्णय के बाद अब महापौर के जाति को लेकर तमाम चर्चाओं पर पूरी तरह से विराम लग चुका है। भाजपा संगठन को एक बड़ा झटका भी लगा है। महापौर की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता निर्मला शुक्ला और कोरबा के अधिवक्ता संजय शाह ने पैरवी की।

### अंत में सत्य की जीत हुई

महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि चुनाव में हार के बाद भाजपाई अपना होश खो बैठे थे। वह लगातार झूठ और गलत तथ्यों का सहारा लेकर विकास कार्यों में व्यवधान उत्पन्न करने का प्रयास कर रहे थे। अब न्यायालय का निर्णय आ चुका है। सत्य परेशान जरूर हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं। यह न्यायालय के निर्णय से एक बार फिर प्रमाणित हो चुका है। भाजपाइयों का सारे हथकंडे धरे के धरे रह गए और अंत में सत्य की जीत हुई है।

# नाबालिग से अनाचार, आरोपी को आजीवन कारावास से आधा की कैद

### आधी रात खिडक़ी तोडक़र घर में घुसा था आरोपी

**कोरबा,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। आधी रात घर में घुसकर पीड़िता का मुंह दबाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाने तथा मारपीट करने वाले आरोपी को विशेष न्यायाधीश (पाक्सो) विक्रम प्रताप चंद्रा ने कठोर दण्ड का फैसला सुनाया है।



घटना दिनांक 16 नवंबर 2021 को नाबालिग पीड़िता की मां फैक्ट्री में काम करने गई हुई थी तथा पीड़िता घर में अकेली थी कि आरोपी पीड़िता के घर खिडक़ी जो कच्चे ईंट की बनी थी, उसे तोडक़र रात्रि 2 बजे घर में घुसकर सो रही पीड़िता के मुंह को अपने हाथ तथा तकिया से दबाकर शारीरिक संबंध बनाया। पीड़िता द्वारा विरोध करने पर अपने साथ पास रखे चाकू को दिखाकर जान से मार देने की धमकी देकर बलात्कार किया। किसी तरह पीड़िता घर के बाहर निकलकर जोर-जोर से चिल्लाई तब आरोपी शोर-शराबा सुनकर वहां से फरार हो गया। घटना की शिकायत पीड़िता द्वारा पुलिस से की गई तब पुलिस ने अभियुक्त के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध करते हुए उसके विरूद्ध न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया। विशेष न्यायालय (पाक्सो)ने मामले का विचारण किया तथा मामले में प्रस्तुत अभियोजन साक्षियों एवं पीड़िता के बयान के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त चंदन उर्फ पीरू गुप्ता को धारा 457, 354, 354 (क) (2), 354 ख भादवि एवं धारा 04 (1) सहपठित धारा 18 पाक्सो अधिनियम के तहत अभियुक्त को दोषसिद्ध ठहराया गया है। विशेष न्यायाधीश (पाक्सो) विक्रम प्रताप चंद्रा ने आरोपी चंदन गुप्ता को धारा 457 में 5 वर्ष एवं 500 रुपए अर्थदण्ड, धारा 354 में 5 वर्ष व 500 रुपए, धारा 354 (क) (2) में 3 वर्ष व 500 रुपए, धारा 354 ख में 7 वर्ष व 500 रुपए तथा धारा 04 (1) सहपठित धारा 18 पाक्सो अधिनियम में आजीवन कारावास से आधा तक की सजा व 500 रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई है। सभी सजा मूल सजा के साथ-साथ चलेगी। विशेष लोक अभियोजक अरूण कुमार ध्रुव ने राज्य की ओर से पैरवी की।

# पानी-नाली-फुटपाथ के कार्यों को एमआईसी ने दी मंजूरी

### निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित

**कोरबा,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। महापौर राजकिशोर प्रसाद की अध्यक्षता एवं आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई की उपस्थिति में नगर पालिक निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित एमआईसी कक्ष में मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित हुई। मेयर इन काउंसिल सदस्यों द्वारा विभिन्न जनोपयोगी विकास व निर्माण कार्यो से जुड़े हुये मुद्दों पर चर्चा करते हुये प्रस्तुत प्रस्तावों पर निर्णय लिया गया।




एमआईसी की बैठक में टी.पी.नगर जोन अंतर्गत वार्ड क्र. 16 में सरायपाली बस्ती से महेन्द्र ठाकुर घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 29 में खरमोरा स्वागत द्वार से ट्रांसफार्मर तक सीमेंट कांक्रीट रोड व 03 बाक्स पुलिया का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 01 ओव्हरब्रिज से सर्वमंगला पुल तक फुटपाथ व आर.सी.सी. नाला का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 14 में गेरवाघाट पुल से पम्प हाउस मुक्तिधाम तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य, टी.पी.नगर जोन अंतर्गत गायत्री मंदिर से अनमोल मोटर्स तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य, 14वें वित्त आयोग अंतर्गत तैयार किये गये कार्य योजना, 15वें वित्त आयोग अंतर्गत आयोग अंतर्गत तैयार किये गये कार्य योजना, निगम क्षेत्र के चिन्हित मुख्य सडक़ों की मैकेनाईज्ड/मैनुअल सफाई कार्य, वार्ड क्र. 64, 67 घुड़देवा, भैरोताल की सफाई कार्य, जल आवर्धन योजना फेस-1 का संधारण एवं संचालन कार्य, संकेत शर्मा सहायक प्रोग्रामर की व्यक्तिगत, मुस्लिम/क्रिश्चन समुदाय हेतु कब्रिस्तान के लिये जमीन आबंटन करने के संबंध में, आंगनबाड़ी सहायिकाओं की पद से पृथक की कार्यवाही की नस्ती, जल आवर्धन फेस-1 का संधारण एवं संचालन कार्य के साथ अन्य प्रस्तावों पर एम.आई.सी. की मुहर लगाई गई।

बैठक में मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, कृपाराम साहू, पालूराम साहू, मस्तुल सिंह कंवर, फूलचंद सोनवानी, सुखसागर निर्मलकर, प्रदीप राय, रोपा तिर्की, सपना चौहान, सुनीता राठौर, सुरती कुलदीप, अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, उपायुक्त पवन वर्मा, अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा, कार्यपालन अभियंता ए.के.शर्मा, आर.के.माहेश्वरी, एम.एन.सरकार, विनोद शांडिल्य, अखिलेश शुक्ला, भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, संपदा अधिकारी श्रीधर बनाफर, लेखा अधिकारी अशोक देशमुख, प्रकाश चन्द्रा, सहायक अभियंता पीयूष राजपूत, सहायक कार्यालय अधीक्षक रामेश्वर सिंह कंवर आदि के साथ निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित

# हिन्दी भाषा हमारी संस्कृति की धरोहर है- डॉ. सचदेवा

**कोरबा,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व में 21 सितंबर तक हिन्दी दिवस सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। उद्धघाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. हेमंत सचदेवा मुख्य अभियंता (उत्पादन) एवं विशिष्ट अतिथि अंजना कुजुर अतिरिक्त मुख्य अभियंता (एस.एण्ड पी.) राजेश्वरी रावत अतिरिक्त मुख्य अभियंता (एस. एंड एस. सी.), भुवनेश्वर पाटले, अतिरिक्त मुख्य अभियंता (ईंधन प्रबंधन), आशीष श्रीवास्तव, अतिरिक्त मुख्य अभियंता (टीएसएस), संजीव कंसल, अतिरिक्त मुख्य अभियंता (संचालन एवं संधारण) एवं मालती जोशी, मुख्य रसायनज्ञ के आतिथ्य में सपंन्न हुआ।

इस अवसर पर डॉ. सचदेवा एवं अन्य के द्वारा सरस्वती माता के चित्र पर माल्याअर्पण एवं दीप प्रजव्वलित किया गया। डॉ. सचदेवा ने कहा कि हिन्दी भाषा हमारी संस्कृति की धरोहर है एवं हमारी राष्ट्रीय भाषा के रूप में महत्वपूर्ण भी है, हिन्दी दिवस के अवसर पर हमें अपने मातृभाषा के प्रति समर्पित रहना चाहिए। हमें हिन्दी की बढ़ती उपयोगिता को समझना चाहिए ताकि हम अपने विचार को सही ढंग से व्यक्त कर सकें। सप्ताह भर चलने वाले इस हिन्दी दिवस के विभिन्न कार्यक्रमों में हम सभी को अपनी सहभागिता निभानी चाहिए एवं हिन्दी भाषा के प्रति सभी को जागरूक करना हम सभी का कर्तव्य है। सप्ताह के दौरान कर्मियों में हिन्दी भाषा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिये निबंध, नारा एवं कविता प्रतियोगिता का अयोजन किया गया है। कार्यक्रम का संचालन नीलम शर्मा, कार्यपालन अभियंता द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन दिलेश्वर सिंह, प्रशासनिक अधिकारी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हेमलता गुरूपंच, सुहिर्द कुमार डेविड, महिपाल कैवर्त एवं राजकुमार का सहयोग रहा।

# सार-संक्षेप

## मशाल रैली व संकल्प सभा का किया गया आयोजन

**कोरिया** 15 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देशन व मार्गदर्शन में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 14 सितम्बर को विद्यानसभा क्षेत्र क्रमांक-01 (भरतपुर-सोनहत) व 03 बैकुण्ठपुर में मशाल रैली व संकल्प सभा का आयोजन किया गया। जिले के समस्त ग्राम पंचायतों व वार्डों में सायंकाल मशाल रैली निकाली गई। विकासखण्ड स्तर पर रैली का आयोजन घड़ी चौक बैकुण्ठपुर व मजार चौक सोनहत से प्रारंभ किया गया वहीं ग्राम पंचायतों में रैली निकाली गई। रैलियों के समापन उपरान्त प्रमुख चौराहों पर संकल्प सभा का आयोजन भी किया गया। नवीन मतदाता चिन्हाकन व मतदाता सम्मान कार्यक्रम के तहत पंचायत व नगरीय निकायों में वार्ड स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। कलेक्टर व मुख्य कार्यपालन अधिकारी कोरिया के निर्देशानुसार समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत व नगरपालिका अधिकारी नगरीय निकाय द्वारा समस्त कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु व्यक्तिगत रूचि दिखाई जा रही है जिससे सभी मतदाता विशेष कर ग्रामीण क्षेत्र व कोल माईन्स क्षेत्रों को मतदान हेतु प्रेरित करते हुए आगामी विधानसभा मतदान में अभूतपूर्व मतदान प्रतिशत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। मतदाता जागरूकता के क्रम में जिले के प्रमुख स्थानों पर स्लोगन व नारा लेखक का कार्य भी जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा किया जा रहा है, प्रमुखत: विभिन्न कार्यालय व मुख्य चौक चौराहोँ के दिवारों का चयन कर मतदाताओं को विभिन्न प्रलोभनों से दूर रह कर निष्पक्ष व गुप्त मतदान हेतु स्लोगन व नारों का लेखन किया जा रहा है। स्वीप कैलेण्डर अनुसार विभिन्न कार्यक्रम विकासखण्ड स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, नोडल अधिकारी (स्वीप) व अन्य अधिकारीयों के द्वारा व ग्रामीण क्षेत्रों में सरपंच सचिव ऑगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, रोजगार सहायक एवं मितानिनों के द्वारा निरंतर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ लिपिक कर्मचारी संघ ने कलेक्टर को किया धन्यवाद ज्ञापित

**अम्बिकापुर** 15 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को कलेक्टर श्री कुंदन कुमार को पुष्पगुच्छ भेंट कर कलेक्टर कार्यालय के अधीनस्थ 45 लिपिकों का समयमान वेतनमान स्वीकृत किए जाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कलेक्टर श्री कुंदन ने सभी को इस हेतु शुभकामनाएं दीं तथा कार्य के प्रति ईमानदार रहते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने प्रोत्साहित किया। संघ के पदाधिकारियों ने इसी प्रकार अन्य लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण कर समयमान वेतनमान आदेश जारी किए जाने की मांग रखी। संघ के प्रांतीय संरक्षक श्री कौशलेंद्र पांडेय ने कलेक्टर श्री कुंदन के समक्ष परामर्शदात्री समिति की बैठक आहूत करवाए जाने की मांग रखी ताकि कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण समय पर किया जा सके, कलेक्टर ने जल्द बैठक आयोजित कराए जाने आश्वस्त किया। इस दौरान संघ के प्रांतीय महामंत्री श्री प्रमोद कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष श्री दुर्गेश सिन्हा, संरक्षक सुधीर कुमार सिन्हा तथा दिलीप सिन्हा, सदस्य हर्षा प्रजापति, हेमवंती, प्रिया सिंह तथा अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## खाद्य अधिकारी ने चावल के साथ मसाला खरीदने की बाध्यता संबंधी खबर का किया खंडन

**अम्बिकापुर** 15 सितंबर (देशबन्धु)। खाद्य अधिकारी ने बताया कि विभिन्न समाचार माध्यमों से मिली 35 रूपये के चावल के साथ 70 रूपये का मसाला लेने की खबर जांच कराई गई है। उन्होंने बताया कि नगर निगम के 04 शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में उपस्थित हितग्राहियों से चावल के साथ मसाला खरीदने की बाध्यता की बात पर संयुक्त कथन लिया गया। जिसमें हितग्राहियों द्वारा बताया गया कि शासकीय उचित मूल्य दुकानों में चावल, शक्कर, चना, एवं नमक के साथ-साथ मसाला का भी विक्रय किया जा रहा है। मसाला का मूल्य बाजार मूल्य से कम होने व अच्छी गुणवत्ता का होने के कारण क्रय किया जा रहा है। दुकान संचालक द्वारा किसी भी प्रकार का दबाव नहीं बनाया जा रहा है। खाद्य अधिकारी ने हितग्राहियों के कथन के माध्यम से स्पष्ट किया है कि जांच के समय दुकान संचालकों को मसाला विक्रय हेतु किसी भी हितग्राही पर मसाले खरीदने हेतु दबाव नहीं बनाने या बाध्य नहीं किया जा रहा है, साथ ही दुकान संचालकों को सुव्यवस्थित संचालन हेतु निर्देशित किया गया है।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वर्ष 2022-23 हेतु बैंक खाते का आधार सीडिंग कराना अनिवार्य

**अम्बिकापुर** 15 सितंबर (देशबन्धु)। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कॉलेज स्तर का पंजीयन, स्वीकृति एवं भुगतान विभागीय पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। जिसमें विद्यार्थियों का बैंक खाते का आधार से सीडिंग कराना है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-23 में पोस्ट मैट्रिक भुगतान हेतु ऑनलाईन पोर्टल पर आधार सीडिंग हेतु 8 सितंबर की स्थिति लंबित पाए गए संबंधित विद्यार्थी तत्काल अपना व्यक्तिगत बैंक खाता को आधार सीडिंग कराकर शैक्षणिक संस्था को सूचित करें। आधार सीडिंग नहीं होने की दशा में छात्रवृत्ति भुगतान किया जाना संभव नहीं होगा।

## गांधी जयंती के अवसर पर होगा मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन

**बलरामपुर** 15 सितंबर (देशबन्धु)। 02 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मद्यपान एवं अन्य मादक द्रवों/पदार्थों तथा नशीली दवाइयों के रोकथाम हेतु समुदाय में व्यापक रूप से जनजागरूकता लाने के लिए जिले में 02 से 08 अक्टूबर 2023 तक मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। मद्य निषेध सप्ताह में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे जिसमें नशा मुक्ति प्रदर्शन, रैली, वाद-विवाद, गोष्ठी, मद्य निषेध की प्रतिज्ञा एवं शपथ पत्र में हस्ताक्षर, दूरदर्शन, आकाशवाणी केन्द्रों से नशा मुक्ति पर प्रेरक कार्यक्रम का प्रसारण ग्राम स्तर पर नशा मुक्ति नारों का दीवार लेखन तथा योग विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में नशा मुक्ति योगाभ्यास का प्रदर्शन किया जायेगा।

## भारतीय वायु सेना अग्निवीर भर्ती रैली के संबंध में कैरियर मार्गदर्शन 21 सितम्बर को

**रायगढ़**, 15 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय वायु सेना भर्ती कार्यालय भोपाल के अनुसार जिला मुख्यालय रायगढ़ में 21 सितम्बर 2023 को भारतीय वायु सेना एवं अग्निवीर भर्ती रैली के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करने के लिए कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन शास.आईटीआई रायगढ़ में समय पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक शास.नटवर इंग्लिश मीडियम उ.मा.वि.रायगढ़ में समय दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर भारतीय वायु सेना एवं अग्निवीर भर्ती रैली के संबंध में विस्तृत जानकारी तथा मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते है।

# अवैध खनिजों के उत्खनन, परिवहन व भण्डारण पर प्रशासन सख्त

## 61 हजार 200 अर्थदण्ड की वसूली



**बलरामपुर** 15 सितंबर (देशबन्धु)। शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का ने जिले में रेत एवं अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की प्रभावी रोकथाम हेतु अंतरिम आदेश पारित करते हुए खनिज विभाग, राजस्व, पुलिस, वन तथा परिवहन विभाग को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। प्राप्त निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए जिला स्तरीय संयुक्त दल द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। अब तक जिले में अवैध परिवहन के कुल 06 प्रकरण दर्ज किये गये हैं, जिनसे कुल 61 हजार 200 रुपये अर्थदण्ड की राशि वसूल की गई है।

कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का ने बताया कि जिले में अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन एवं अवैध भण्डारण पर अंकुश लगाने के लिए खनिज विभाग के अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया गया है कि वे खनिजों के अवैध उत्खनन प्रभावित सीमावर्ती क्षेत्रों को चिन्हांकित कर विशेष निगरानी रखें तथा ऐसे क्षेत्र के लिए समस्त संभाव्य पहुंच मार्ग को बाधित करने के आवश्यक सभी उपाय सुनिश्चित करें तथा आवश्यकता अनुसार अन्य संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए कार्यवाही को नियमित जारी रखें।

जिला खनिज अधिकारी श्री अवधेश बारिक ने बताया कि प्राप्त निर्देशानुसार अवैध परिवहन एवं भण्डारण में संलिप्त एवं आदतन व्यक्तियों को चिन्हांकित करने की कार्यवाही की जा रही है। यदि किसी व्यक्ति या संस्था के द्वारा अवैध उत्खनन व परिवहन कार्य किया जाता है तो खनिज नियमावली अनुसार धारा 21 एवं धारा 22 के तहत् व्यक्ति व संस्था के विरूद्ध सक्षम न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा। इन नियमों के तहत् 02 से 05 वर्ष का कारावास या 5 लाख रूपए प्रति हेक्टयर तक अर्थदण्ड अथवा दोनों से दण्डनीय होगा।

# मुख्य सचिव ने कमिश्नर और कलेक्टर्स से की धान खरीदी की समीक्षा



**अम्बिकापुर**, 15 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने शुक्रवार को मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के संभागायुक्तों और कलेक्टर्स से खरीफ वर्ष 2023-24 में धान खरीदी के सम्बंध में बैठक ली। उन्होंने इस दौरान धान खरीदी की व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। मुख्य सचिव ने बैठक में मुख्यमंत्री की घोषणाओं की क्रियान्वयन और माननीय उच्च न्यायालय के एक प्रकरण में पारित आदेश के अनुपालन के तहत अवैध उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम हेतु जारी दिशा निर्देशों पर की गई कार्यवाही की जिलेवार समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू भी मौजूद थे।

मुख्य सचिव ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को किसानों के खेतों में पहुंचकर गिरदावरी करने के निर्देश दिए है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गिरदावरी की शुद्धि धान खरीदी के लिए महत्वपूर्ण है। मुख्य सचिव ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में किसानों के पंजीयन के कार्य की प्रगति के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। अधिकारियों को एकीकृत किसान पोर्टल पर कृषक केरी फार्वड के कार्य में और प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने किसानों का समितिवार पंजीयन कराने के लिए अभी से समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस विपणन वर्ष में बायोमेट्रिक एथेन्टीकेशन आधारित धान खरीदी व्यवस्था की जा रही है। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को प्रत्येक समिति स्तर पर किसानों के समक्ष इस व्यवस्था के प्रदर्शन करने के निर्देश दिए है, जिससे किसान बायोमेट्रिक एथेन्टीकेशन के संबंध में अच्छी तरह से समझ जाए।

**वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से महत्वपूर्ण योजनाओं की चर्चा**

खरीफ विपणन 2023-24 में धान उपार्जन के लिए बारदाने की व्यवस्था के संबंध में मुख्य सचिव ने जिलेवार कलेक्टरों से जानकारी ली। बारदाने की व्यवस्था के संबंध में खाद्य विभाग के सचिव श्री टोपेश्वर वर्मा ने बताया कि इस वर्ष लगभग 130 मेट्रिक टन धान खरीदी का अनुमान है और इसके लिए करीब साढ़े छह लाख गठान बारदाने की आवश्यकता होगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पंजीकृत किसानों से 20 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी की जाएगी। मुख्य सचिव ने धान खरीदी से पूर्व बारदाने की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। इसी तरह से पीडीएस बचत स्टाक की वसूली के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश खाद्य विभाग के अधिकारियों को दिए गए।

बैठक में मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न अवसरों पर जिलों में की गई घोषणाओं के अनुसार निर्माण कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण के लिए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करें। मुख्य सचिव ने जिला अधिकारियों को 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छ भारत अभियान के तहत चलाए जा रहे स्वच्छता सेवा अभियान के तहत सभी जरूरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए है। बैठक में मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा एक प्रकरण पर पारित आदेश के अनुपालन के संबंध में राज्य शासन द्वारा अवैध उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम हेतु सभी जिलों के कलेक्टरों को निर्देश जारी किए गए है। इस संबंध में मुख्य सचिव ने सभी जिला कलेक्टरों को समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव श्री डी.डी.सिंह, राजस्व विभाग के सचिव श्री एन.एन.एक्का, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के विशेष सचिव डॉ. अयाज तम्बोली, खनिज विभाग के विशेष सचिव श्री जयप्रकाश मौर्य, संचालक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्री जितेन्द्र शुक्ला, संचालक भू-अभिलेख श्री रमेश शर्मा और सभी संभागायुक्त, कलेक्टर एवं अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

बैठक में जिला कलेक्टरेट स्थित एनआईसी कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर श्री कुंदन कुमार तथा सम्बन्धित अधिकारी भी जुड़े। कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने बैठक के अंत मे सभी उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं, इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गिरदावरी कार्य त्रुटिरहित शत-प्रतिशत किए जाने हेतु उन्होंने भू-अभिलेख अधीक्षक को कहा कि रकबे में वृद्धि, गिरदावरी वेरिफाई करवाएं, शासकीय खसरों में लगे फसलों की ऑनलाइन प्रविष्टि करवाएं। बारदाने के सम्बंध में उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के भीतर अभियान चलाकर बारदाने एकत्रित किए जाएं, बारदाने की कमी से जिले के किसी भी धान खरीदी केंद्रों में धान की खरीदी प्रभावित नहीं होना चाहिए। इसके लिए पर्याप्त मात्रा में बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा तथा कहा कि खराब बारदानों को रिजेक्ट कर दिया जाए। कलेक्टर श्री कुंदन ने इस दौरान में जिले में चावल उपार्जन की प्रगति, पीडीएस राशि की वसूली की स्थिति के सम्बंध में समीक्षा की तथा मिलर्स की बैठक आयोजित कराए जाने के निर्देश दिए।

## गणेश चतुर्थी पर्व के अवसर पर पशुबद्य गृह रहेंगे बंद

**अम्बिकापुर**, 15 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम, राजस्व प्रभारी अधिकारी ने बताया है कि गणेश चतुर्थी पर्व के अवसर पर 19 सितंबर 2023 को जिले में पशुबद्य गृह बंद रहेंगे। उन्होंने समस्त मांस, मछली, बकरा, बकरी, मुर्गा, मुर्गी विक्रेताओं को आदेशित किया है कि इस दिन मांस, मछली, बकरा, बकरी, मुर्गा, मुर्गी का वध एवं विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

## कलेक्टर ने राजनैतिक दल के सदस्यों के साथ किया स्ट्रॉग रूम का निरीक्षण

बलरामपुर 15 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का एवं विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशानुसार प्रत्येक माह स्ट्रांग रूम में रखे गए निर्वाचन सामग्रियों तथा ई.व्ही.एम. मशीनों का सत्यापन राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ किया जाता है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों को सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि स्ट्रांग रूम में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराई गई है। उन्होंने ई.व्ही.एम. एवं व्ही.व्ही.पैट मशीनों की संख्यात्मक जानकारी लेते हुए सी.सी.टी.वी. कैमरा एवं अग्निशमन व्यवस्था सहित सुरक्षा गार्डों की ड्यूटी का अवलोकन किया।

# लाहिड़ी महाविद्यालय में हिन्दी दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम




**चिरमिरी** 15 सितंबर (देशबन्धु)। लाहिड़ी स्नातकोत्तर महाविद्यालय चिरमिरी के हिंदी विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में आज 14 सितंबर 2023 को हिंदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञानदयानी माता सरस्वती की वंदना द्वारा की गई। छात्र छात्राओं के मध्य सुलेख, स्लोगन एवं भाषण के माध्यम से कार्यक्रम की शुरुवात की गई। इसके पश्चात व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा शिवानी खटकर ने हिंदी भाषा के इतिहास पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में अन्य छात्राओं रुचि मिश्रा, पूजा खुंटे, सरिता कुर्रे, भूमि, ज्योति चौहान और तानिया गुप्ता ने क्रमश: हिंदी पर कविता पाठ किया। भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष सुभाष चंद्र चतुर्वेदी ने भी हिंदी को समर्पित अपनी स्वरचित कविता पाठ किया। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राम किंकर पांडेय ने हिंदी भाषा के उद्भव एवं विकास पर प्रकाश डालते हुए हिंदी की ऐतिहासिक यात्रा से छात्र छात्राओं को रुबरु कराया। उन्होंने कहा कि हिन्दी केवल भाषा नहीं बल्कि यह हमारी अस्मिता का प्रतीक भी है। हिंदी के पास एक समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत है। आजादी के आंदोलन के समय देश को एकता के सूत्र में पिरोने का काम हिंदी ने किया था। हिंदी करोड़ों भारतीयों के जन मन की भाषा रही है। कार्यक्रम का मंच संचालन हिंदी विभाग के अतिथि व्याख्याता भागवत प्रसाद जांगड़े ने किया। इस कार्यक्रम में सुश्री प्रेमा कुजूर, विकास खटीक, डॉ. उमाशंकर मिश्र, डॉ.रामनारायण पनिका, विजय बघेल फयाजुल मुस्तफा, गिरीश दास, मोहिनी राठौर और प्रियम्बदा शुक्ला आदि अध्यापगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# 26 हजार विद्यार्थियों ने पत्र लिखकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

## 12 से 15 सितंबर तक प्रतिदिन स्कूलों में किया गया विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**बलरामपुर** 15 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग के मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्वीप के माध्यम से जिले के समस्त स्कूलों में प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन 12 से 15 सितंबर के मध्य किया गया। युवा शक्ति का उपयोग कर मतदाताओं को सशक्त बनाने तथा मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में उनकी भूमिका सुनिश्चित करने के उद्देश्य से युवाओं को जागरूक कर मतदान करने तथा मतदाताओं को जागरूक करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। स्कूली विद्यार्थी भी पूरे उत्साह के साथ ''छोड़हूं बूता काम करहूं पहले मतदान'' थीम के साथ मतदाताओं को जागरूक करने में अपनी सार्थक भूमिका निभा रहे हैं।



गौरतलब है कि जिले के शासकीय हाई एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों के 25 हजार 950 विद्यार्थियों ने स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान 2023 को सार्थक दिशा देते हुए एक साथ अपने माता-पिता को पत्र लिखकर आगामी चुनाव में मतदान हेतु निवेदन पत्र प्रेषित किया। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलरामपुर के युवा मतदाताओं को नजदीकी मतदान केंद्र का भ्रमण कराया गया तथा ईव्हीएम प्रदर्शनी के माध्यम से जीवन्त मतदान प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इसके साथ ही निर्वाचन में ''युवाओं की भूमिका'' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित कर मतदान तथा मतदाता की भूमिका पर विस्तृत चर्चा किया गया। इसी तरह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महाराजगंज में युवा मतदाताओं को सी-विजिल ऐप की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही अपने आस-पास के लोगों को इस ऐप की जानकारी देने तथा इसे उपयोग में लाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। ज्ञातव्य हो कि इस ऐप के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की रिकार्डिंग, रिपोर्टिंग और समाधान को सरल बनाया गया है, इसके उपयोग से भारत निर्वाचन आयोग ने चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और आम आदमी की भागीदारी सुनिश्चित की है।

# 38 वां चक्रधर समारोह का आयोजन 19 से 21 सितम्बर तक

**रायगढ़** 15 सितंबर (देशबन्धु)। 38 वां चक्रधर समारोह का आयोजन 19 से 21 सितम्बर तक सायं 6 बजे से नगर निगम ऑडिटोरियम रायगढ़ में होगा। चक्रधर समारोह महाराजा चक्रधर सिंह के सांगीतिक व्यक्तित्व का स्पंदित रूपांकन है। शास्त्रीयता, लोकरंग और महाराजा चक्रधर सिंह के प्रिय खेल कुश्ती के संयोजन के साथ सुर-ताल-छंद और घुंघरू की यह परम्परा निरंतर जारी है। चक्रधर समारोह के इतिहास में पहली बार युवा सहभागिता के तहत इस वर्ष जिले एवं प्रदेश की बहुसंख्य सांस्कृतिक प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जा रहा है। गायन-वादन और नृत्य के शीर्षस्थ कलाकारों सहित नयी पीढ़ी के प्रतिभाशाली फनकार इस समारोह में शिरकत करते रहे है।

**प्रदेश की बहुसंख्यक सांस्कृतिक प्रतिभाओं को दिया जाएगा मंच**

चक्रधर समारोह में इस वर्ष सुश्री नेहा बनर्जी, डॉ.विनोद मिश्र, डॉ.परितोष पोहनकर सहित इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। युवा सहभागिता में रायगढ़ जिले के स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दोपहर 12 से सायं 5 बजे तक होगी। इसी तरह युवा सहभागिता में रायगढ़ जिले के स्थानीय कलाकारों द्वारा आयोजित प्रस्तुति दोपहर 12 से सायं 4 बजे तक होगी।



19 सितम्बर मंगलवार को चक्रधर समारोह का उदघाटन समारोह श्री गणेश पूजन एवं दीप प्रज्जवलन के साथ होगा। इसी कड़ी में श्री वेदमणि सिंह ठाकुर एवं ग्रुप रायगढ़ द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति देंगे। चक्रधर कला एवं संगीत विद्यालय, रायगढ़ द्वारा राज्यगीत (नृत्य के साथ), पं.परितोष पोहनकर द्वारा शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति देंगे। इसी तरह श्रीमती सोमा दास एवं ग्रुप (चक्रधर बाल सदन रायगढ़ की बालिकाओं द्वारा)कथक नृत्य की विशेष प्रस्तुति, डॉ.विनोद मिश्र (ख्याल एवं ढुमरी)पर शास्त्रीय गायन, सुश्री आर्या नंदे %श्रीधारा% द्वारा ओडिसी नृत्य, सुश्री गीतिका ठेठवार द्वारा बांसुरी वादन, सुश्री मधुमिता नकवी द्वारा शास्त्रीय गायन, सुश्री अंजली शर्मा द्वारा कथक नृत्य, श्री प्रफुल्ल सिंह गहलोत द्वारा कथक नृत्य एवं श्री दीपक आचार्य एवं ग्रुप रायगढ़ छत्तीसगढ़ी लोक संगीत रंग की प्रस्तुति देंगे।

20 सितम्बर बुधवार को सुश्री आनंदिता तिवारी द्वारा कथक नृत्य, श्री मनोज जायसवाल द्वारा सितार वादन, सुश्री ज्योतिश्री बोहिदार (रायगढ़ घराना) द्वारा कथक नृत्य, श्री गरीब दास महंत रायगढ़ द्वारा तबला वादन, सुश्री नेहा बनर्जी द्वारा कथक नृत्य, सुश्री आरती सिंह द्वारा लोक संगीत (लोकचदा), सुश्री घनिष्ठा दुबे (रायगढ़ घराना)द्वारा कथक नृत्य, मो.रौशन अली रायगढ़ द्वारा देशभक्ति एवं भजन गायन, श्री हुतेन्द्र ईश्वर शर्मा रायगढ़ द्वारा लोक रंग नाचा, कु.श्रुतिदास रायगढ़ द्वारा ओडिसी नृत्य, मो.अयान द्वारा पियानो वादन एवं सुश्री ऐश्वर्या पंडित गायन की प्रस्तुति देंगी।

21 सितम्बर गुरूवार को इंदिरा संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ द्वारा विशिष्ट कार्यक्रम की प्रस्तुतियां होगी। सुश्री तब्बू परबीन (रायगढ़ घराना)द्वारा कथक नृत्य, श्री अनिल तांडी एवं ग्रुप भिलाई द्वारा भरत नाट्यम, सुश्री आशना दिल्लीवार द्वारा कथक नृत्य, श्री इबरार अहमद एवं संजय चौहान रायगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ी भजन/लोकगायन, सुश्री सुहानी स्वर्णकार सारंगढ़ द्वारा कथक नृत्य, डॉ.गौरव कुमार पाठक बिलासपुर द्वारा शास्त्रीय गायन एवं

## सार-संक्षेप

### मुख्यमंत्री निवास में तीजा पोला कार्यक्रम में शामिल हुई अनिका



**सारंगढ** 15 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री निवास में आयोजित तीजा पोला कार्यक्रम में सारंगढ क्षेत्र की जिला पंचायत सभापति अनिका बिनोद भारद्वाज शामिल हुईं व अन्य महिला नेत्रियों के साथ छत्तीसगढ़ी नृत्य का आनंद उठाया।

### नगर पालिका मनेन्द्रगढ़ में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ




**मनेन्द्रगढ़** 15 सितंबर (देशबन्धु)। भारत सरकार द्वारा निकाय स्तर पर स्वच्छता ही सेवा 2023 अंतर्गत स्वच्छता अभियान, इंडियन स्वच्छता लीग एवं सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के आयोजन हेतु प्राप्त निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ में अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल के मार्गदर्शन एवं सीएमओ श्री इसहाक खान के निर्देशन में उपाध्यक्ष श्री कृष्ण मुरारी तिवारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर 15 सितंबर से 2 अक्तूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत स्वच्छता रैली का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सम्माननीय जनप्रतिनिधि पार्षदगण पप्पू हुसैन, नागेन्द्र जयसवाल, नोडल अधिकारी नम्रता सिंह, सहा. उप निरीक्षक शिवनारायण मिंज, स्वच्छता प्रभारी विजय मिश्रा, मुनताज अहमद, विनोद चतुर्वेदी, कविता जयसवाल, मो. अजीज, निकाय के अधिकारी कर्मचारीगण एवं स्वच्छता दीदियां तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 17 से 23 तक

**खरसिया** 15 सितंबर (देशबन्धु)। धर्मनगरी खरसिया में 17 सितंबर से 23 सितंबर तक 7 दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, व्यास पीठ सुप्रसिद्ध भागवत कथा वाचक श्री अंकुश तिवारी जी के मुखारविंद से बहेगी भागवत कथा की रसधारा। कथा के आयोजक गर्ग परिवार मांढ़ीवाल ने अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा का आनंद लेंवे एवं पुण्य के भागी बने।



बताते चलें कि धर्मनगरी के नाम से प्रसिद्ध खरसिया में आये दिन धार्मिक आयोजन होते ही रहते है इसी तारतम्य में गर्ग परिवार (मांढ़ीवाल) खरसिया के द्वारा पितृमोक्षार्थ श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 17 सितंबर से 23 सितंबर तक स्थानीय कन्या विवाह भवन में किया जा रहा है। गर्ग परिवार के रामचरण अग्रवाल तथा श्यामसुन्दर अग्रवाल ने जानकारी देते हुये बताया कि औरैया के प्रसिद्ध भागवत मर्मज्ञ पूज्य अंकुश तिवारी जी के श्रीमुख से भागवत कथा का वाचन किया जायेगा। 7 दिवसीय भागवत कथा में 17 सितंबर को श्री गणेश पूजन के साथ भागवत कथा महात्मय, 18 को भगवान के 24 अवतारों की कथा, 19 को शुकदेव जी का आगमन एवं भक्त प्रहलाद की कथा, 20 को समुद्र मंथन की कथा, वामन, राम तथा श्री कृष्ण जन्म की कथा, 21 को बाल लीला, गिरीराज पूजन, 22 को मथुरा गमन, रूक्मणी विवाह की कथा तथा 23 सितंबर को सुदामा प्रसंग, भागवत सार के साथ कथा का समापन किया जायेगा। गर्ग परिवार ने सभी भगवत प्रेमी श्रोताओं से अपील की है कि वे भागवत कथा का आनंद लेने के लिये अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे। भागवत कथा के सफल आयोजन के लिये गर्ग परिवार के अमित अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, विकास अग्रवाल, सुनील अग्रवाल पत्रकार, मनीष अग्रवाल, सतीष अग्रवाल, विवेक अग्रवाल सहित अन्य सदस्य तन मन से लगे हुये है।

### बच्चों के सर्वोत्तम सुरक्षा हेतु प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



**जांजगीर,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पेन्ड्री, जिज्ञासा माध्यमिक विद्यालय जांजगीर, ज्ञान भारती माध्यमिक विद्यालय जांजगीर, स्वामी आत्मानंद इंग्लिस मिडियम उत्तर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर, शासकीय प्रायोगिक माध्यमिक विद्यालय (डाईट) जांजगीर में प्राचार्यों, प्रधान पाठको एवं बच्चों के लिए बच्चों के सुरक्षा से संबंधित सभी बिन्दुओं पर समीक्षा की गई एवं आवश्यक सुरक्षा के उपाय हेतु संवेदीकरण प्रशिक्षण जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी कर्मचारी द्वारा प्रदान किया गया।

कक्षा पहली से बारहवीं तक के कुल 2653 बच्चों को बच्चों के अधिकारों, मिशन वात्सल्य योजना, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, शिक्षा का अधिकार, बाल श्रम, मोबाईल के मोह से होने वाले नुकसान एवं उसके प्रभावी रोकथाम के लिए समस्त आवश्यक उपायों पर जानकारी दी गई तथा बच्चों की पूर्ण सुरक्षा हेतु प्रचार-प्रसार करते हुए विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही प्रशिक्षण में बाल संरक्षण के मुद्दों, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, अनैतिक व्यापार, फास्टर केयर, पालन-पोषण देखरेखर, आफ्टर केयर, दत्तक ग्रहण से संबंध में प्रक्रिया एवं नियम, सुरक्षित स्पर्श असुरक्षित स्पर्श, बच्चों की बली देने पर रोक, नि:शक्त बच्चे, एचआईव्ही एड्स,किशोर न्याय अधिनियम (बालकों के देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 संशोधित अधिनियम 2021 आदर्श नियम 2016 संशोधित अधिनियम 2022 के तहत बाल भिक्षावृत्ति, बच्चों द्वारा नशीली पदार्थो की खरीदी एवं बिक्री, बालको की तस्करी करना कानूनन अपराध के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण प्रदान कर गेम के माध्यम से बच्चों द्वारा उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त की गई एवं कुछ बच्चों द्वारा विशेष फिडबैक प्राप्त होने पर उन्हें अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा उपहार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

# बाल बाल बचे ग्रामीण पक्षकार,कार्यालय को दूसरे जगह स्थानांतरण करने की मांग

### रजिस्ट्री कार्यालय के छत से गिरा प्लास्टर

**डभरा**, 15 सितम्बर (देशबन्धु)। तहसील कार्यालय डभरा एवं उप पंजीयक कार्यालय भवन जर्जर स्थिति में है, बारिश में छत का प्लास्टर कई बार गिर चुका है, जिसमें पक्षकार क्रेता बिक्रेता बाल बाल बचे हैं। वहीं आपको रजिस्ट्री कार्यालय के छत के नीचे टपकते पानी एवं छत का प्लास्टर गिरने से बचने के लिए तिरपाल प्लास्टिक पन्नी का सहारा लिया गया है।



तहसील कार्यालय एवं उप पंजीयक रजिस्ट्री कार्यालय में रोज सैकड़ों लोग जमीन की खरीदी बिक्री करने आते हैं। मगर बरसो पुराने जर्जर भवन में संचालित होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है उप पंजीयक कार्यालय में,पक्षकारों के बैठने की व्यवस्था नहीं होने से खुले आसमान एवं गंदगी के बीच बैठने को मजबूर हैं। रजिस्ट्री कार्यालय से शासन को स्टांप ड्यूटी के नाम पर करोड़ों की आय होती है,पर पक्षकारों को यहां आकर काम कराना जान जोखिम में डाल कर कार्य करा रहे है । जमीन रजिस्ट्री कार्यालय को दूसरे जगह सुरक्षित भवन में स्थानांतरण करने की मांग उठ रही है। जबकि ब्लाक डभरा क्षेत्र मे दो बडी पावर प्लांट संचालित है। हर वर्ष करोडो रुपये का सीएसआर मद जिले मे जा रहा है। परन्तु डभरा तहसील कार्यालय के मरम्मत के लिए सरकार प्रसाशन के पास फन्ड नही है मुलभुत सुविधाओं से भी वंचित है। इस बारे में भाजपा नेत्री संयोगिता सिंह जूदेव ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार में पूरे छत्तीसगढ़ में एक तरफ सरकार लगातार नई नई तहसीलें खोलती जा रही है। वही पुराने और जर्जर हो चुकी तहसीलो के बिल्डिंग की ओर न तो सरकार ध्यान दे रही है। और न ही वर्तमान जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहें रजिस्ट्री कार्यालय का भवन अति जर्जर हो चुका है। भवन के छत से प्लास्टर गिर रहे हैं क्रेता विक्रेता बाल बाल बच रहे हैं। इसके बाद भी शासन प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आज पूरे चन्द्रपुर विधानसभा में आंगनबाड़ी भवन,स्कूल भवन,जैसे अनेकों भवन है। जिसे मरम्मत की जरूरत है फिर भी सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नही दे रहे है। इस संबंध मे प्रभारी उप पंजीयक दयानंद पैकरा ने बताया कि भवन जर्जर हो चुका है बारिश के दिनों में कई बार छत का प्लास्तर गिर चुका है पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी भवन को देखने के लिए आए थे। उप पंजीयक कार्यालय को दूसरे जगह स्थानांतरण किया जा सकता है । नए भवन की व्यवस्था की जा रही है।

# शिक्षकों की कमी से जूझ रहा कन्या उमा विद्यालय कोटमी

### जीव विज्ञान, संस्कृत ,इतिहास, राजनीति शास्त्र के व्याख्याता के पद रिक्त

**डभरा,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत संचालित इकलौता शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटमी शिक्षकों की कमी से जूझ रहा है। इस विद्यालय में जीव विज्ञान, संस्कृत ,इतिहास, राजनीति शास्त्र के व्याख्याता के पद रिक्त है। जहां 300 से अधिक छात्राएं अध्यापन कर रही है।

कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कई वर्षों से शिक्षकों की कमी के कारण छात्राओं की अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है। बता दें कि छत्तीसगढ़ सरकार एक तरफ बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के नारा लगा रही है। तो दूसरी तरफ बेटियों के लिए गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लिए शिक्षकों की कमी है। जब शिक्षक ही नहीं होंगे तो पढ़ाई कहां से होगी और बेटियां आगे कैसे बढ़ेगी बालिका शिक्षा पर ग्रहण लग रहा है।




चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के तहसील डभरा अंतर्गत बरसों पुराने सबसे इकलौता शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटमी बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझ रहा है। जबकि पालकों एवं विद्यालय के प्राचार्य द्वारा कई बार पत्र लिखकर विभागीय अधिकारियों को लिखित रूप में शिक्षकों के कमी के बारे में जानकारी दे चुके हैं। इसके बाद भी शिक्षकों की कमी को आज तक शासन प्रशासन द्वारा पूर्ण नहीं किया गया। अभी जुलाई माह से शिक्षा सत्र चालू है। और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जीव विज्ञान, संस्कृत ,इतिहास, राजनीति शास्त्र के व्याख्याता के पद रिक्त है। इस विद्यालय में लगभग 300 से अधिक छात्राएं अध्यापन कर रही है। व्याख्याता की कमी के कारण छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है । जबकि जबकि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय शक्ति द्वारा कुछ विषयों के लिए व्याख्याता की पद स्थापना की गई थी। जिसे 9 सितंबर 2023 को निरस्त कर दिया गया है। जो व्याख्याता शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटमी में पदस्थ किए गए थे । उनका आदेश को निरस्त कर दिया गया है। उनको पुन: वापस बुला लिया गया है जिस कारण विद्यालय में अध्यापन कर रहे छात्राओं की भविष्य अंधकार में है। इस शिक्षा सत्र में विद्यालय में जीव विज्ञान संस्कृत इतिहास राजनीति विज्ञान के चारों विषयों की व्याख्याता के पद रिक्त है। इस संबंध में शाला विकास समिति के अध्यक्ष किरण जनक आजाद ने बताया कि कई सालों से इन चार विषयों जीव विज्ञान, संस्कृत, इतिहास और राजनीति विज्ञान के शिक्षकों की कमी है । जबकि व्याख्याता की कमी के बारे में शासन प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को कई बार पत्र लिखकर अवगत करा चुके हैं । इसके भी बात भी समस्याएं जस की तस बनी हुई है। विद्यालय के प्राचार्य डीपी चौधरी ने बताया कि कई बार पत्र लिखकर शिक्षा विभाग एवं प्रशासन को शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए अवगत करा चुके हैं। इसके बाद भी इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। जिससे छात्राओं का पढ़ाई प्रभावित हो रहा है ।ऐसे में परीक्षा परिणाम कैसे बेहतर हो सकता है। जिस कारण छात्राओं एवं पालकों में आक्रोश व्याप्त है।

### बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल स्मृति समारोह में मुख्य अतिथि होंगे विस अध्यक्ष

**जांजगीर,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। संविधान निर्मात्री सभा के पूर्ण कालिक सदस्य एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल 67 वीं पुण्य स्मृति में 17 एवं 18 सितम्बर को स्मृति समारोह का आयोजन शहीद स्मारक परिसर (कचहरी चौक) जांजगीर में किया जाएगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत होगें तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्व एवं आपदा प्रबंधन पुर्नावास, पंजीयन, स्टाम्प एवं जिले के प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल करेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, जांजगीर-चांपा सांसद गुहाराम अजगल्ले, अकलतरा विधायक सौरभ सिंह, पामगढ़ विधायक श्रीमती इंदु बंजारे, जैजैपुर विधायक केशव चंद्रा, छ.ग. राज्य गौ सेवा आयोग अध्यक्ष राजेश्री महंत डॉ. रामसुन्दर दास महंत, छ.ग. राज्य शाकम्भरी बोर्ड अध्यक्ष रामकुमार पटेल, अध्यक्ष जिला पंचायत यनिता यशवंत चंद्रा, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला भगवानदास गढ़ेवाल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद चांपा जय थवाईत, सदस्य भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल श्रीमती मंजू सिंह, सदस्य रोजगार गारंटी परिषद् श्रीमती शेषराज हरवंश, सदस्य माटीकला बोर्ड सुश्री पुनिता प्रजापति, सदस्य बाल संरक्षण आयोग पुष्पा पाटले, सदस्य अनुसूचित जाति आयोग रमेश पैगवार, सदस्य अनुसूचित जाति आयोग श्रीराम पप्पू बघेल, सदस्य खाद्य आयोग ज्योति किशन कश्यप आदि शामिल होंगे।

## गाज गिरने से महिला की मौत 2 महिलाएं गंभीर रूप से झुलसी



**जांजगीर,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले के पहरिया गांव में खेत में काम करने के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से 3 महिलाएं झुलस गईं। इनमें से एक महिला की मौके पर मौत हो गई, वहीं 2 महिलाओं को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**खेत में काम करते वक्त अचानक शुरू हो गई थी बारिश**

जानकारी के मुताबिक, ग्राम पहरिया में गुरुवार को लक्ष्मीन चौहान (45), रत्ना बाई (37) और मनमोहिनी रात्रे (38) खेत में काम कर रही थीं। इसी बीच गरज-चमक के साथ तेज बारिश होने लगी। इससे बचने के लिए वे तीनों खेत से निकलकर घर के लिए निकलने लगीं, तभी आकाशीय बिजली गिरी। इसकी चपेट में तीनों महिलाएं आ गईं। तीनों बेहोश होकर खेत में गिर पड़ीं। थोड़ी देर के बाद रत्ना बाई को होश आया, तो उसने खेत में काम कर रहे व्यक्ति को आवाज लगाकर बुलाया। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। परिजन और गांववाले मौके पर पहुंचे। यहां आने पर देखा कि लक्ष्मीन चौहान की मौत मौके पर ही हो गई है। गंभीर रूप से झुलस गईं रत्ना बाई और मनमोहिनी रात्रे को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मनमोहिनी के चेहरे, हाथ की कोहनी और कमर पर जलने का निशान है। वहीं लक्ष्मीन चौहान का पूरा शरीर झुलस गया था। शुक्रवार को उसके शव का पोस्टमॉर्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया गया है। बता दें कि जांजगीर में तेज बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। 2 दिनों तक तेज आंधी, तूफान, बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई गई है।

## एमएमआर महाविद्यालय में मनाया गया हिन्दी दिवस



**चाम्पा,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। एमएमआर स्नातकोत्तर महा. वि.में हिंदी विभाग द्वारा 14 सितम्बर को हिंदी दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ. बीडी दीवान के मार्गदर्शन में हिन्दी दिवस मनाया गया। इस दौरान समाज शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. बीके डहरिया ने हिन्दी हमारी भाषा है, हिन्दी हमारी आशा है, हिन्दी हमारी अभिलाषा है, कहकर अपने विचार व्यक्त किये। अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. एसपी भारद्वाज ने हिन्दी भाषा के विकास के सन्दर्भ में अपने विचार प्रस्तुत किये। वाणिज्य विभाग के सहा.प्रा. डॉ. वी के शर्मा ने हिन्दी में बोली जाने वाली वाणिज्यिक भाषा के संदर्भ में अपने विचार रखे। इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. डीएन बंजारे के उत्तर-भारत एवं दक्षिण भारत में बोली जाने वाली भाषा में अंतर विषय पर अपने विचार अभिव्यक्त किये। हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बीआर महिपाल ने हिंदी भाषा के विकास और प्रगति के संबंध में अपने विचार रखा। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग की सहा डॉ. सुनीता राठौर ने किया, इन्होंने हिंदी भाषा पर समृद्ध एवं गहरी व्याख्यान प्रस्तुत किये, कहा कि हिंदी भाषा का स्थान देश मे ही नही विदेशों में भी है, वर्तमान मे हिन्दी भाषा के विकास के लिए लोगों को जागरुक करने की आवश्यकता है, तभी हिन्दी सफलता की कुंजी साबित होगी। इस कार्यक्रम में अधिक संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष ने ली बैठक

### अपराधों को रोकना और अत्याचार, अन्याय, उत्पीड़न से रक्षा करना हमारी पहली प्राथमिकता

**जांजगीर,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष केपी खाण्डे ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। श्री खाण्डे ने बैठक में बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग एक संवैधानिक संस्था है। उन्होंने कहा कि अपराधों को रोकना और अत्याचार, अन्याय, उत्पीड़न से रक्षा करना हमारी पहली प्राथमिकता है। यह अधिनियम अनुसूचित जाति के लोगों के विरुद्ध उनके साथ जो भी अत्याचार, अन्याय, उत्पीड़न होता है तो उसके निवारण के लिए कार्य करता है। यह आयोग एक विशेष न्यायालय के रूप में कार्य करता है। उन्होंने इस वर्ग के




कल्याण के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा के साथ ही सभी विभागो के अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य शासन द्वारा बनाई गई योजनाओं का लाभ पात्र और जरूरतमंद हितग्राहियों को अवश्य प्रदान की जाए।

आयोग के अध्यक्ष ने अजाक पुलिस थाना में पीड़ित पक्ष द्वारा कार्यवाही हेतु दिए जाने वाले शिकायत पत्र के आधार पर प्रकरण दर्ज करने तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। अध्यक्ष श्री खाण्डे ने बैठक मे उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों से विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य रमेश पैगवार, सहायक आयुक्त अदिवासी विकास विभाग एच के उईके, डिप्टी कलेक्टर वहीदुर्रहमान शाह, समाज कल्याण विभाग, उद्यान विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, अंत्यावसायी, पशु चिकित्सा विभाग, मत्स्य, श्रम विभाग एवं विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### आदतन बदमाश के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई

**जांजगीर,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। बनारी के आदतन बदमाश सुभाष सूर्यवंशी के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की गई है। सुभाष के खिलाफ गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देना, घर में घुसकर कर मारपीट करना, हत्या का प्रयास करना, लूट करना, बलवा करने के मामले दर्ज है। उसकी प्रवृत्ति में सुधार नहीं होने पर जिला व सक्ती, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, बलौदा बजार जिलों में प्रवेश प्रतिबंधित होगा। सुभाष सूर्यवंशी की अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अन्य कोई विकल्प नहीं होने तथा उसके अपराधिक कृत्यों पर नियंत्रण रखने एवं क्षेत्र के जन मानस व जान माल की सुरक्षा तथा अगामी चुनाव के दौरान क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए छ.ग. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 के तहत जिला बदर की कार्रवाई की गई है।

# स्वतंत्र, निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित करें — कलेक्टर

**सक्ती** 15 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में शासन द्वारा संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति तथा समय-सीमा सहित अन्य प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने आगामी विधानसभा निर्वाचन के तैयारीयो के अद्यतन स्थिति की विस्तार से जानकारी लेते हुए जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने डीएमएफ मद अंतर्गत चल रहे विभिन्न कार्यों के मासिक रिपोर्ट उपलब्ध कराने तथा स्वीकृत कार्यों को जल्द शुरू करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारी की समीक्षा करते हुए वन विभाग को चिन्हांकित स्थलों पर नाका लगाने



तथा पुलिस विभाग को चेकिंग प्वाइंट बनाए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विधानसभावार आवश्यक जानकारी लेते हुए निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त सभी अधिकारियों को अवश्यक निर्देश दिए है। उन्होंने सभी मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं जैसे पानी, बिजली, फर्नीचर, शौचालय, रैम्प की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने सभी मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में शांतिपूर्वक चुनाव कराए जाने के लिए मतदान केंद्रों की संपूर्ण व्यवस्था, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान के लिए कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था, निर्वाचन के वैधानिक दायित्व का निर्वहन, नामनिर्देशन, मतदान सामग्री प्रभारी, मतदान सामग्री वितरण, मतदान सामग्री वापसी, मतदाता सूची की चिन्हित प्रति तैयार करना, पोस्टल बैलेट पेपर एवं सर्विस वोटर्स हेतु ईटीपीबी तथा निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र का संपूर्ण व्यवस्था, रूट चार्ट, जोन सेक्टर का निर्धारण एवं मानचित्र निर्माण, अभ्यर्थियों को सूची उपलब्ध कराना, मतदान दल एवं मतगणना दल का गठन सहित चुनाव संबंधी अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को बिना किसी लापरवाही के पूरी गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को गिरदावरी के कार्यों के लिए फ़ील्ड में जाकर गिरदावरी के कार्यों को पूरी शुद्धता और त्रुटिरहित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने राजस्व अधिकारियों से समय सीमा के बाहर के लंबित प्रकरण, विवादित नामांतरण, अविवादित नामांतरण, सीमांकन, नक्शा बटांकन, ई-कोर्ट के प्रकरण सहित अन्य राजस्व कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए समय सीमा में जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम, सीईओ और तहसीलदार को मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना और साथ ही पोलिंग बूथ में मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को सभी विकासखंड में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरण, जनदर्शन तथा जनशिकायत के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर ने केवाईसी, खाद-बीज, आधार सीडिंग, राशनकार्ड, डीएमएफ, बेरोजगारी भत्ता, आरबीसी 6-4, केसीसी, पीएम आवास, पेंशन प्रकरण, जल जीवन मिशन सहित अन्य निर्माण कार्य तथा विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर श्री बीरेंद्र कुमार लकड़ा सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## फ्रांसीसी मंत्रालय, स्वीडिश दूतावास पर अलकायदा ने हमला करने की दी धमकी

**पेरिस,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। फ्रांस में मंत्रालय और स्वीडिश दूतावास पर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन अल-कायदा आतंकवादी समूह के सदस्यों ने हमला करने की धमकी दी है। ले फिगारो ने शुक्रवार को समूह के बयान के हवाले से यह जानकारी दी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अरब प्रायद्वीप में अल-कायदा (एक्यूएपी) ने अपनी पत्रिका सदा अल-मलाहिम के नवीनतम अंक में दूतावास पर हमला करने की योजनाओं के बारे में बताया। इसमें आतंकवादी समूह ने स्वीडन में हाल ही में कुरान जलाने की घटना का जिक्र किया।

# देश विदेश

# चीन यात्रा के दौरान शी से मिलेंगे नेपाल के पीएम प्रचंड

**काठमांडू,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने शुक्रवार को कहा कि वह 22 सितम्बर को चीन की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे जहां वह राष्ट्रपति शी जिनपिंग और कई अन्य शीर्ष नेताओं से मुलाकात करेंगे। प्रचंड ने संसद को संबोधित करते हुए कहा, 'संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र में भाग लेने के बाद, मैं सीधे चीन के हांगझाऊ शहर के लिए रवाना हो जाऊंगा। नेपाल और चीन के बीच सदियों से लंबे, सौहार्दपूर्ण और नजदीकी संबंध रहे हैं। हाल के वर्षों में ये संबंध बहुआयामी और गहरे हो गए हैं। चीन नेपाल का विकास भागीदार बन गया है और नेपाल के समग्र विकास प्रयासों में सहायता कर रहा है। प्रधानमंत्री के रूप में प्रचंड की यह तीसरी चीन यात्रा है। वह इससे पहले 2008 और 2017 में पद पर रहते हुये पड़ोसी देश जा चुके हैं।

उन्होंने कहा, 'इस यात्रा से नेपाल और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंध और मजबूत तथा गहरे होंगे।' हांगझाऊ में प्रचंड शी से मुलाकात करेंगे और 19वें एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह में भी शामिल होंगे।

वह बीजिंग में 25 सितंबर को अपने चीनी समकक्ष ली कियांग से मुलाकात करेंगे जहां दोनों नेता प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। इस दौरान कुछ समझौतों और समझ पर हस्ताक्षर होने की भी संभावना है। बीजिंग में कार्यक्रम पूरा करने के बाद प्रचंड अपने कार्यक्रम के अनुसार चोंगकिंग शहर का दौरा करेंगे जहां वह चोंगकिंग कृषि विज्ञान अकादमी और अन्य संस्थानों की दौरा करेंगे।



**वह 22 सितम्बर को चीन की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे जहां वह राष्ट्रपति शी जिनपिंग और कई अन्य शीर्ष नेताओं से मुलाकात करेंगे। 'संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र में भाग लेने के बाद, मैं सीधे चीन के हांगझाऊ शहर के लिए रवाना हो जाऊंगा :-पुष्प कमल दहल 'प्रचंड', प्रधानमंत्री, नेपाल**

उन्होंने कहा, 'चोंगकिंग में यात्रा पूरी करने के बाद हम तिब्बत के लिए रवाना होंगे जहां हम चीनी सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलेंगे क्योंकि तिब्बत के साथ नेपाल एक लंबी सीमा है। फिर हम काठमांडू लौटेंगे।'

संसद में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि नेपाल के बुनियादी ढांचे के विकास, कृषि, ऊर्जा, पर्यटन, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे क्षेत्रों में चीनी सहयोग और सहायता की मांग पर चर्चा होगी।

हिमालयी राष्ट्र नेपाल-चीन सीमा बिंदुओं को भी खोलने की मांग करेगा जो कोविड-19 महामारी के मद्देनजर बंद थे। वर्ष 2015 के भीषण भूकंप और महामारी के बाद नेपाल और चीन के बीच कई सीमा बिंदु या तो पूरी तरह से बंद हो गए थे या केवल आंशिक रूप से फिर से शुरू हुए थे। प्रचंड ने कहा, 'नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में, यह मेरा विश्वास है कि मेरी यात्रा चीन के साथ पारंपरिक, मैत्रीपूर्ण संबंधों को मजबूत और गहरा करेगी, जहां हम द्विपक्षीय सहयोग के और रास्ते भी तलाशेंगे।'

## विकासशील देशों का सामूहिक उदय अपरिहार्य युगांतर धाराः शी चिनफिंग

बीजिंग। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने शुक्रवार को यात्रा पर आये जांबिया के राष्ट्रपति हाकैनदे हिचिलेमा के साथ वार्ता की। दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने चीन-जांबिया संबंध चौतरफा रणनीतिक सहयोग साझेदारी तक उन्नत करने की घोषणा की। शी चिनफिंग ने कहा कि चीन और जांबिया के बीच परंपरागत मित्रता दोनों देशों की पुरानी पीढ़ी के नेताओं से स्थापित की गयी, जो अंतरराष्ट्रीय परिवर्तन की कसौटी पर खरी उतरी है। चीन जांबिया के साथ द्विपक्षीय संबंध निरंतर नयी मंजिल पर पहुंचाने को तैयार है। शी चिनफिंग ने कहा कि वर्तमान में विकासशील देशों का सामूहिक उदय हो रहा है और अंतरराष्ट्रीय प्रभाव निरंतर बढ़ रहा है। यह अपरिहार्य युगांतर धारा बन चुकी है। हमें एकजुटता व समन्वय मजबूत कर सच्चा बहुपक्षवाद लागू कर अंतरराष्ट्रीय न्याय व निष्पक्षता की डटकर सुरक्षा करनी, विकासशील देशों की आवाज बुलंद करना और दोनों देशों तथा व्यापक विकासशील देशों के समान हितों की रक्षा करनी चाहिए। चीन, अफ्रीका सहयोग दक्षिण-दक्षिण सहयोग और अफ्रीका के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग में नेतृत्वकारी भूमिका निभा रहा है। चीन अफ्रीकी देशों का विश्व में एक महत्वपूर्ण ध्रुव बनने का समर्थन करता है। हिचिलेमा ने बताया कि जांबिया दोनों देशों की मित्रता को मूल्यवान समझता है। चीन के विकास से वैश्विक दक्षिण देशों के विकास को बढ़ावा मिला है और अंतरराष्ट्रीय मामलों में वैश्विक दक्षिण देशों का प्रतिनिधित्व व आवाज भी उन्नत हुई है और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था अधिक न्याय वाली दिशा में बढ़ रही है। जांबिया चीन के विकास के अनुभव से सीखना चाहता है और चीन के साथ बेल्ट एंड रोड सहयोग गहराने और खनिज, कृषि, व्यापार, विज्ञान व तकनीक समेत विभिन्न क्षेत्रों का सहयोग बढ़ाने को तैयार है। वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने बेल्ट एंड रोड, हरित विकास, डिजिटल अर्थव्यवस्था, पूंजी सहयोग जैसे कई क्षेत्रों के सहयोग दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किये।



## सुडोकू 6318


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 2 | 8 | 1 | | | | 3 |
| | | | 4 | | | 5 | 1 | |
| | | 1 | | | | | | |
| | | 4 | | 9 | | | 6 | |
| | | 8 | | | | 2 | | |
| | 6 | | | 7 | | 1 | | |
| | | | | | | 6 | | |
| | 8 | 9 | | | 1 | | | |
| 5 | | | | 3 | 9 | 4 | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6318




**बायें से दायें:-**

१. धीरे-धीरे
३. बाधाओं को दूर करने वाला, गणेश
५. राहगीर, बटोही
६. कड़वी बात
७. हवा में इधर-उधर हिलाना
९. बंदरगाह, पोताश्रय, नगर
१०. आवागमन
१२. जलावन, जलाने की वस्तु
१३. बिलकुल, नितांत
१४. पैरों की धूल
१७. समस्त, संपूर्ण
१८. लेने वाला
२०. बागी
२१. विवेचक, समीक्षक
२३. मनुष्य की खोपड़ी

**ऊपर से नीचे:-**

१. चंद्रकला
२. चंद्रमा के समान सुंदर मुखवाली
३. किसी के खाते में खर्च की ओर कोई रकम लिखना
४. वधिक
५. फिर से स्वस्थ होना, पल्लवित होना
८. हाव-भाव (उर्दू)
१०. स्वतंत्र, मुक्त (उर्दू)
११. उपपति से उत्पन्न संतान
१२. आयताकार सांचे में ढाल कर पकाया गया मिट्टी का टुकड़ा
१३. आवश्यक रकम लेकर वांछित वस्तु देने या काम पूरा करने का लिखित वादा
१४. विकसित, प्रस्फुटित
१५. नीरस
१७. हिम्मत
१८. धन-संबंधी, माली
१९. आज्ञापालन, अमल करना (उर्दू)
२२. तकलीफ

## वर्ग पहेली-6317



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## सुडोकू 6318 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 2 | 8 | 1 | 5 | 9 | 4 | 3 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 6 | 3 | 8 | 2 | 7 |
| 7 | 1 | 4 | 2 | 9 | 8 | 3 | 6 | 5 |
| 9 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 | 7 | 4 |
| 2 | 6 | 5 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 8 |
| 1 | 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 6 | 4 | 1 | 7 | 5 | 2 |
| 5 | 2 | 6 | 7 | 3 | 9 | 4 | 8 | 1 |

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शनिवार 16 सितम्बर , 2023 भाद्र शुक्ल पक्ष 2**

### राशिफल

मेष - लंबी अवधि की आर्थिक योजना के लिए दिन अनुकूल है। आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से दिन लाभदायक होगा। शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों की ओर से उपहार मिलेगा।

वृषभ - आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में सहायक होगी। नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

मिथुन - मानसिक दुविधा में होने के कारण आप महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। वैचारिक तूफानों से मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। अत्यधिक भावनाशीलता आपकी दृढ़ता को कमजोर करेगी।

कर्क - शारीरिक और मानसिक ताजगी के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। मित्रों एवं स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी। दोस्तों से लाभ होगा। शुभ काम का आरंभ करने के लिए आज का दिन अनुकूल है।

सिंह - पारिवारिक सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। स्त्री मित्रों से विशेष मदद मिल सकेगी। दूरस्थ मित्र और स्नेहीजनों के साथ संपर्क लाभदायक साबित होंगे।

कन्या - आज आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। मीठी वाणी से आप लाभप्रद सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट उपहारों और वस्त्रों की प्राप्ति होगी। शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी।

तुला - आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें। वाणी की शिथिलता के कारण उग्र तकरार हो सकती है। सगे- संबंधियों के साथ अनबन होगा।

वृश्चिक - नौकरी- धंधे या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात, प्रवास का आयोजन होगा। विवाहोत्सुक युवक-युवतियों के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। पुत्र तथा पत्नी से लाभ होगा। घर के बुजुर्गों के जरिए लाभ मिलेगा।

धनु - आज आपकी यश, कीर्ति और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी। स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा।

मकर - बौद्धिक काम या साहित्य लेखन जैसी प्रवृत्तियों के लिए आज अनुकूल दिन है। आपके व्यवसाय में नई विचारधारा आपके कामों को नया स्वरूप देंगे। शारीरिक थकान महसूस होगी। संतान की समस्या आपको परेशान करेगी।

कुंभ - आज आपको नकारात्मक विचारों से दूर रहने की सलाह दी जाती है। झगड़े-विवाद से बचें, क्रोध और वाणी पर संयम रखें। पारिवारिक वातावरण दूषित रहेगा। आर्थिक तंगी का अनुभव होगा।

मीन - दैनिक कामों से बाहर आकर आज आप बाहर घूमने-फिरने और मनोरंजन प्रवृत्तियों के लिए समय निकालेंगे। इसमें परिजनों और मित्रों को भी शामिल करेंगे, जो उनके लिए भी आनंदप्रद रहेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1810 - निगवेल हिदाल्गो ने स्पेन से मैक्सिको की आज़ादी के लिए संघर्ष शुरु किया।
1821 - मैक्सिको की स्वतंत्रता को मान्यता मिली।
1908 - 'जनरल मोटर्स निगम' की स्थापना की गई।
1947 - टोक्यो के सईतामा में चक्रवाती तूफान कैथलीन से 1,930 लोगों की मौत हो गई।
1975 - केप वर्डे, मोजाम्बिक, साओ टोमे और प्रिंसिप संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए।
1975 - पापुआ न्यू गिनी ने आस्ट्रेलिया से स्वतंत्रता हासिल की।
1978 - जनरल जिया उल हक़ पाकिस्तान के राष्ट्रपति निर्वाचित।
2003 - भूटान ने भारतीय हितों के ख़िलाफ़ अपनी ज़मीन के इस्तेमाल नहीं होने देने का आश्वासन दिया।
2007 - पाकिस्तान के मुख्य चुनाव आयुक्त ने परवेज मुशर्रफ़ के राष्ट्रपति पद पर दुबारा चुनाव लड़ने के लिए चुनाव से जुड़े क़ानूनों में संशोधन किया।
2007 - वन टू गो एयरलांइस का विमान थाईलैंड में दुर्घटनाग्रस्त होने से 89 लोगों की मौत।
2008 - भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) के कर्मचारियों को विश्वकर्मा पुरस्कार प्रदान किया गया।
2009 - दुनिया भर के समक्ष भारत के एक उत्कृष्ट पर्यटन स्थल के रूप में पेश करने वाले अतुल्य भारत विज्ञान अभियान को ब्रिटिश पुरस्कार मिला।
2013 - वाशिंगटन में एक बंदूकधारी ने नौसेना के एक शिविर में 12 लोगों की गोली मारकर हत्या की।

## किम जोंग उन का नाम यूक्रेनी वेबसाइट पर देश के दुश्मन की सूची में

**कीव,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर कोरियाई शीर्ष नेता किम जोंग उन को यूक्रेनी नव-नाजी वेबसाइट मायरोटवोरेट्स (पीसमेकर) पर दुश्मनों की सूची में शामिल किया गया है जो कथित तौर पर रूस समर्थक व्यक्तियों की हत्या का आह्वान करती है। यह जानकारी वेबसाइट के आंकड़ों से मिली है। वेबसाइट पर लिखा गया है कि परमाणु ब्लैकमेल, अवैध परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों के कार्यान्वयन, साइबर अपराध आदि गतिविधियों में संलिप्तता के कारण उत्तर कोरियाई नेता का नाम शामिल किया गया है। उत्तर कोरियाई शीर्ष नेता किम को छह सितंबर को 'रूस समर्थक आतंकवादियों, अलगाववादियों, भाड़े के सैनिकों, युद्ध अपराधियों और हत्यारों' की सूची में जोड़ा गया था। मायरोटवोरेट्स वेबसाइट पत्रकारों, डोनेट्स्क और लुहान्स्क के अलग हुए गणराज्यों की सेना और अन्य लोगों का व्यक्तिगत डेटा प्रकाशित करती है, जिन्हें वेबसाइट के निर्माता 'यूक्रेन के दुश्मन' मानते हैं।

## अफ्रीकी देशों के साथ व्यापार व निवेश संबंधों को बढ़ावा देना प्राथमिकताः मोमेन

**ढाका,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। बंगलादेश के विदेश मंत्री एके अब्दुल मोमेन ने 'राष्ट्रमंडल व्यापार और निवेश फोरम बंगलादेश 2023' कार्यक्रम में आयोजित एक प्रश्नोत्तर सत्र में कहा कि ढाका तथा अफ्रीकी देशों के बीच व्यापार एवं निवेश संबंधों को बढ़ावा देना देश की प्राथमिकता है। डॉ. मोमेन ने अपने संबोधन में अफ्रीकी देशों के साथ विशेष रूप से फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, ऊर्जा, नीली अर्थव्यवस्था और सूचना तथा संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) जैसे प्रमुख क्षेत्रों में मजबूत व्यापार और निवेश संबंध स्थापित करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर प्रकाश डाला। सत्र में बंगलादेश की दूरदर्शी 'लुक अफ्रीका' नीति पर भी प्रकाश डाला गया जो अफ्रीकी देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने की रणनीतिक प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है।



इसमें व्यापार, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, आईटी, आईसीटी, हवाई व समुद्री कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य देखभाल, अनुबंध खेती, लोगों से लोगों के बीच संपर्क तथा राजनयिक और आधिकारिक पासपोर्ट धारकों के लिए वीजा छूट सहित सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों की रूपरेखा दी गई। उन्होंने कहा कि यह बहुआयामी दृष्टिकोण अफ्रीकी महाद्वीप के साथ गहरे संबंधों को बढ़ावा देने के लिए बंगलादेश के समर्पण को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि बंगलादेश दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

अफ्रीकी देशों के साथ जुड़ाव बढ़ाने पर देश का ध्यान उसके महत्वाकांक्षी आर्थिक और सामाजिक विकास प्रक्षेप पथ के अनुरूप है जिसका उद्देश्य विजन 2041 को प्राप्त करना और एक 'स्मार्ट बंगलादेश' बनाना है। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि नए अफ्रीकी बाजारों ने बंगलादेशी उद्यमों के लिए दरवाजे खोल दिए हैं जिससे निर्यात स्थलों में विविधता आई है। चुनौतियों के बावजूद बंगलादेश और अफ्रीकी देशों के बीच आर्थिक सहयोग की संभावना आशाजनक बनी हुई है। उन्होंने कहा, जनवरी 2024 की शुरुआत में होने वाले हमारे आगामी राष्ट्रीय संसद चुनाव में बंगलादेश अफ्रीकी देशों के किसी भी चुनाव पर्यवेक्षकों का स्वागत करेगा।' इस कार्यक्रम में कई अफ्रीकी देशों के मंत्रियों, उच्च-स्तरीय सरकारी प्रतिनिधियों और व्यापारिक संस्थाओं ने भी भाग लिया।

## दक्षिण लेबनान में फ़िलिस्तीनी शरणार्थी शिविर में नया युद्धविराम लागू

**बेरूत,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। दक्षिणी लेबनानी शहर सिडोन के पास स्थित ऐन अल-हेलवे फिलिस्तीनी शिविर में पिछले सप्ताह के दौरान हुई झड़पों में लगभग 20 लोगों की जान जाने के बाद गुरुवार को संघर्ष विराम समझौता हुआ। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी।



स्थानीय एल 'ओरिएंट टुडे समाचार वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार लेबनानी संसद के अध्यक्ष नबीह बेरी द्वारा शुरू की गई एक दिन की बातचीत के बाद यह बात सामने आई। सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने गुरुवार शाम को बताया कि स्थानीय समयानुसार शाम छह बजे से प्रभावी युद्धविराम ने शिविर के भीतर बंदूकों को तुरंत शांत कर दिया। एनएनए ने कहा कि रात में अलग-अलग समय पर दागे गए कई गोले से शांति टूट गई, और कहा कि संघर्ष विराम समझौते का सीमित उल्लंघन था। शिविर में बुधवार दोपहर और रात को हिंसक झड़पें हुईं, जिसमें आरपीजी और स्वचालित हथियारों जैसे भारी गोला-बारूद का इस्तेमाल किया गया, जिसमें सात लोग मारे गए और 24 घायल हो गए। स्पीकर बेरी ने झड़पों पर चर्चा करने के लिए गुरुवार को फिलिस्तीन के हमास प्रतिनिधियों, फतह केंद्रीय समिति के सदस्य और लेबनान में फिलिस्तीनी राजदूत अशरफ डाबोर से मुलाकात की। स्थानीय मीडिया के अनुसार सात सितंबर से शिविर में हिंसा की नई लहर में लगभग 20 लोग मारे गए और 150 से अधिक घायल हो गए थे।

शिविर में 29 जुलाई और तीन अगस्त के बीच फिलिस्तीनी फतह आंदोलन के सदस्यों और इस्लामी कार्यकर्ताओं के बीच झड़पों में कम से कम 13 लोग मारे गए और 12 से अधिक अन्य घायल हो गए।

## चीन का दो अमेरिकी सैन्य कंपनियों पर प्रतिबंध

बीजिंग, 15 सितम्बर (एजेंसियां)। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने शुक्रवार को बताया कि अमेरिकी लॉकहीड मार्टिन कंपनी की मिसोरी राज्य के सेंट लुइस शहर में स्थित शाखा कंपनी ने मुख्य ठेकेदार के नाते 24 अगस्त को अमेरिका द्वारा थाईवान को हथियार बेचने में हिस्सा लिया और नोर्थरोप ग्रुमान कंपनी ने कई बार अमेरिका द्वारा थाईवान को हथियार बेचने में भाग लिया है। चीन के विदेशी प्रतिबंध विरोधी कानून के मुताबिक चीन ने इन दो अमेरिकी सैन्य कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। प्रेस वार्ता में माओ निंग ने संबंधित सवाल के जवाब में बताया कि अमेरिकी सरकार चीन के विरोध के बावजूद चीन के थाईवान क्षेत्र को हथियार की सप्लाई करने पर अड़ा रहता है, जिसने एक चीन सिद्धांत, चीन-अमेरिका तीन संयुक्त वक्तव्यों और अंतरराष्ट्रीय कानून व अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मूल सिद्धांतों का गंभीर उल्लंघन किया है और चीन की प्रभुसत्ता और सुरक्षा हितों पर गंभीर नुकसान पहुंचाया है। अमेरिका थाईवान को शस्त्रीकरण करने के खतरनाक और गलत रास्ते पर दूर से चला रहा है। प्रवक्ता ने अमेरिका से थाईवान को हथियार बेचना बंद करने का अनुरोध किया, वरना उसे चीन का डटकर जवाबी प्रहार मिलेगा।

## पोल 2024 जीओपी प्राथमिक मतदाताओं के एक नए सर्वेक्षण

# हेली अपने गृह राज्य में डेसेंटिस से आगे हैं, लेकिन ट्रम्प से काफी पीछे

**वाशिंगटन, 15 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय-अमेरिकी रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार निक्की हेली अपने पूर्व बॉस डोनाल्ड ट्रंप से 28 अंकों से पीछे हैं, लेकिन अपने गृह राज्य दक्षिण कैरोलिना में संभावित 224 जीओपी प्राथमिक मतदाताओं के एक नए सर्वेक्षण में फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस के मुकाबले बढ़त में हैं।गुरुवार को जारी मॉनमाउथ यूनिवर्सिटी-वाशिंगटन पोस्ट पोल के अनुसार, साउथ कैरोलिना में संभावित जीओपी प्राथमिक मतदाताओं में से केवल 18 प्रतिशत ने कहा कि वे अपने पूर्व गवर्नर हेली के लिए वोट करने की योजना बना रहे हैं,**

जबकि 46 प्रतिशत ने कहा कि वे ट्रम्प को चाहते हैं। द यूएसए टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, सीनेटर टिम स्कॉट 10 प्रतिशत समर्थन के साथ तीसरे स्थान पर रहे और डेसेंटिस नौ प्रतिशत समर्थन के साथ चौथे स्थान पर रहे।

पिछले महीने की पहली रिपब्लिकन प्राथमिक राष्ट्रपति बहस के बाद, तराजू हेली के पक्ष में झुकना शुरू हो गया, जो फरवरी से एकल अंकों के साथ चुनावों में पिछड़ रही थी।

इस महीने की शुरुआत में जारी सीएनएन/एसएसआरएस पोल में हेली एकमात्र रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार के रूप में उभरीं, जो 2024 के अमेरिकी चुनावों में राष्ट्रपति जो बाइडेन को हराने में सक्षम हैं।

हेली ने हाल ही में सीबीएस न्यूज को बताया कि ट्रंप नहीं, बल्कि वह पार्टी की 2024 की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने जा रही हैं। हेली ने सीबीएस पर 'फेस द नेशन' को बताया, 'मुझे नहीं लगता कि (पूर्व) राष्ट्रपति ट्रंप उम्मीदवार होंगे। मुझे लगता है कि मैं ही उम्मीदवार बनूंगी। लेकिन मैं आपको बताऊंगी कि जो बाइडेन और कमला हैरिस जो कर रहे हैं, उससे कोई भी रिपब्लिकन बेहतर है।' गत 6 से 11 सितंबर के बीच आयोजित सर्वेक्षण में यह भी पता चला कि ट्रम्प के लिए मतदान करने वालों और साउथ कैरोलिना के अन्य जीओपी मतदाताओं से क्या अंतर है। ट्रम्प समर्थक करीब 81 प्रतिशत मतदाताओं का मानना था कि जो बाइडेन ने 2020 का चुनाव धोखाधड़ी से जीता था। कैलिफोर्निया में 27 सितंबर को दूसरी जीओपी प्राथमिक बहस से दो दिन पहले पूर्व राष्ट्रपति समरविल में साउथ कैरोलिना में एक बार फिर अभियान करेंगे। पोलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार, हाल के दिनों में न्यू हैम्पशायर में दक्षिण कैरोलिना के पूर्व गवर्नर के कार्यक्रमों में शामिल हुए रिपब्लिकन ने उन्हें 'बहुत स्मार्ट' और 'स्वाभाविक नेता' बताया।




## दुनिया को जानें

# नीलामी में एक मिलियन डॉलर से अधिक में बिका प्रिंसेस डायना का स्वेटर


**न्यूयॉर्क,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। दिवंगत राजकुमारी डायना द्वारा पहना गया सफेद पंक्तियों के बीच काली भेड़ की तस्वीर वाला लाल स्वेटर न्यूयॉर्क के सोथबी में एक नीलामी में 1.1 मिलियन डॉलर से अधिक में बिका। गुरुवार को एक ट्वीट में, नीलामी घर ने कहा कि राजकुमारी डायना के ऐतिहासिक ब्लैक शीप वार्म एंड वंडरफुल स्वेटर फैशन आइकॉन नीलामी में 1.1 मिलियन डॉलर में बिका। सोथबी के अनुसार, डायना ने यह स्वेटर 1981 में प्रिंस चार्ल्स के पोलो मैच में पहना था।

बोली 31 अगस्त को शुरू हुई थी और नीलामी के अंतिम मिनट तक शीर्ष बोली दो लाख डॉलर से कम रही। सोथबी ने स्वेटर की कीमत 50,000 डॉलर से 80,000 डॉलर आंकी थी। स्वेटर खरीदने वाले की पहचान का खुलासा नहीं किया गया। बीबीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि राजकुमारी डायना से जुड़ी कई अन्य वस्तुओं की तुलना में स्वेटर को अधिक कीमत पर बिका। स्वेटर के डिज़ाइन को अक्सर शाही परिवार में डायना के स्थान के प्रतीक के रूप में वर्णित किया जाता रहा है।

# खेल जगत

## ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर स्टुअर्ट मैकगिल ड्रग डील में बुरे फंसे

**सिडनी,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई स्टार स्पिनर स्टुअर्ट मैकगिल पर पहले कथित अपहरण की पुलिस जांच के बाद बड़े पैमाने पर कोकीन आपूर्ति में उनकी कथित भूमिका का आरोप लगाया गया है। एबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने 52 वर्षीय मैकगिल को मंगलवार रात चैट्सवुड पुलिस स्टेशन से गिरफ्तार किया और उस पर ड्रग डील में शामिल होने का आरोप लगाया। मैकगिल की जांच अप्रैल 2021 में शुरू हुई जब कथित तौर पर उन्हें किडनैप किया गया था। मैकगिल ने अप्रैल 2021 में एक शिकायत दर्ज करने के बाद सुर्खियां बटोरीं, जिसमें उन्होंने पुलिस को बताया कि उनका अपहरण किया गया। इस क्रिकेटर ने खुलासा किया था कि उन्हें अज्ञात लोगों ने गाड़ी में बैठाया और जमकर पीटा। कथित अपहरण का आरोप उसके तत्कालीन साथी के भाई सहित छह लोगों पर लगाया गया है, जो अप्रैल 2021 में सिडनी के निचले उत्तरी तट पर हुआ था।



# बांग्लादेश ने भारत को जीत के लिए दिया 266 का लक्ष्य



### पांच बदलाव के साथ बांग्लादेश के खिलाफ उतरा भारत

एशिया कप में सुपर फोर चरण के आखिरी मैच में भारत ने शुक्रवार को टॉस जीत कर बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया। भारत ने इस मुकाबले के लिये टीम में पांच बदलाव किये हैं। तिलक वर्मा की इस मुकाबले के जरिये एक दिवसीय मैच में पदार्पण हुआ है, उनके अलावा सूर्य कुमार यादव, मोहम्मद शमी, शार्दुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा टीम में आए हैं। भारत एशिया कप के फाइनल में पहले ही पहुंच चुका है। 17 सितंबर को श्रीलंका के खिलाफ खेले जाने वाले फाइनल मुकाबले में चुस्त दुरूस्त रहने के लिये विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव और हार्दिक पंड्या को आराम दिया गया है। बांग्लादेशी टीम से भी एक डेब्यू है। तंज़ीब शाकिब को अंतिम एकादश में जगह मिली है। भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर आज का भी मुक़ाबला नहीं खेल रहे हैं। बीसीसीआई ने एक प्रेस रिलीज़ जारी कर कहा है कि वह पहले से बेहतर हो रहे हैं लेकिन मैच के लिए अभी भी पूरी तरह से फ़िट नहीं हैं।

**कोलंबो** 15 सितंबर (एजेंसियां)। एशिया कप में सुपर फोर चरण के आखिरी मैच में कोलम्बो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में बंगलादेश ने भारत को जीत के लिए 266 लक्ष्य दिया है। इससे पहले भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया था। टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेशी टीम ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 265 रन बनाए।

भारतीय टीम अब तक टूर्नामेंट में अजेय है। भारत ने इस मुकाबले के लिये टीम में पांच बदलाव किये हैं। तिलक वर्मा की इस मुकाबले के जरिये एक दिवसीय मैच में पदार्पण हुआ है, उनके अलावा सूर्य कुमार यादव, मोहम्मद शमी, शार्दुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा टीम में आए हैं। टीम इंडिया 17 सितंबर को इसी स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ होने वाले फाइनल से पहले बंगलादेश के साथ मैच को तैयारी के तौर पर देखेगी।

बंगलादेश ने एक समय 10 ओवर के बाद तीन विकेट गंवाकर 44 रन बनाए थे, लेकिन बाद में महेंदी हसर मिराज और शाकिब हसन ने पारी को संभाला। दसवें ओवर में शार्दुल ठाकुर की तीसरी गेंद पर मिड विकेट पर खड़े तिलक ने मेहदी हसन मिराज का आसान कैच छोड़ दिया। इसके बाद आखिरी गेंद पर सूर्यकुमार यादव ने भी मेहदी का कैच छोड़ा। 14वें ओवर में 59 के स्कोर पर बंगलादेश को चौथा झटका लगा। अक्षर पटेल ने मेहदी हसन मिराज को रोहित शर्मा के हाथों कैच कराया। मिराज ने 23 गेदों पर 13 रन ही बनाए। इसके बाद मिडिल ऑर्डर ने टीम को संभाला और बंगलादेश का पांचवां विकेट 161 रन पर शाकिब के रूप में गिरा। शाकिब शतक बनाने से चूक गये। शाकिब ने 85 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के की मदद से 80 रन की पारी खेली। शाकिब ने तौहिद हृदोय के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 101 रन की साझेदारी निभाई।

इसके ठीक अगले ओवर (35वें) में रवींद्र जडेजा ने शमीम हुसैन को पगबाधा आउट किया। वह एक रन बना सके। इस विकेट के साथ वनडे में जडेजा के 200 विकेट पूरे हो गए हैं। वह इस मुकाम को हासिल करने वाले सातवें भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले अनिल कुंबले (337), जवागल श्रीनाथ (315), अजीत अगरकर (288), जहीर खान (282), हरभजन सिंह (269) और कपिल देव (253) ऐसा कर चुके हैं।

बंगलादेश की टीम में सबसे ज्यादा 80 रन का योगदान कप्तान शाकिब अल हसन ने दिया। उसके बाद तौहिद हृदोय ने 54, नसुम अहमद ने 44 और महेदी हसन ने 29 रन बनाए।

भारत के लिए शार्दुल ठाकुर ने तीन और मोहम्मद शमी ने दो विकेट लिए। प्रसिद्ध, अक्षर और जडेजा के खाते में एक-एक विकेट आया।

# इंग्लैंड की नट साइवर-ब्रंट ने अपने 100वें वनडे में रिकॉर्ड शतक लगाया



**लीसेस्टर,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। इंग्लैंड की ऑलराउंडर नैट साइवर-ब्रंट ने गुरुवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे में 31 ओवर के बारिश से प्रभावित मैच में सिर्फ 74 गेंदों में 120 रनों की शानदार पारी खेली। साइवर-ब्रंट की शानदार पारी और माइया बाउचियर की 65 गेंदों में 95 रनों की पारी की बदौलत इंग्लैंड की महिलाएं 50 ओवरों में 272/8 के विशाल स्कोर तक पहुंच सकीं। श्रीलंका इसके जवाब में 24.5 ओवर में 112 रन पर सिमट गयी और उसे 161 रन से हार का सामना करना पड़ा।

आईसीसी महिला खिलाड़ी रैंकिंग में नंबर 1 रैंक की बल्लेबाज और ऑलराउंडर साइवर-ब्रंट गुरुवार को शीर्ष फॉर्म में थीं और उन्होंने अपने 100वें वनडे में शानदार शतक की राह पर कुछ आक्रामक स्ट्रोक लगाए। लगातार बारिश के कारण, लीसेस्टर में टॉस में देरी हुई, लेकिन जब बारिश कम हुई, तो श्रीलंका ने इंग्लैंड को बल्लेबाजी के लिए बुलाया और पहले पांच ओवरों के अंदर उन्हें 18/2 पर रोक दिया।

साइवर-ब्रंट माइया बाउचियर के साथ आयी और दोनों ने तेजी से आगे बढ़ते हुए शुरुआती झटके के बावजूद टीम को 10 ओवर में 72/2 पर पहुंचा दिया। मंच अच्छी तरह से सेट होने और कार्ड पर एक छोटी पारी के साथ, साइवर-ब्रंट और बाउचियर ने गति को और अधिक बढ़ाया। बाउचियर ने साइवर-ब्रंट को पीछे छोड़ते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया, इसके लिए उन्होंने सिर्फ 38 गेंदों का सामना किया।

इसके बाद साइवर-ब्रंट ने 15वें ओवर में चौके की हैट्रिक ली। 193 रनों की साझेदारी केवल 20 ओवरों में ही पूरी हो गई और तभी टूटी जब बाउचियर को कविशा दिलहारी ने सामने फंसा लिया। तब तक, साइवर-ब्रंट ने 66 गेंदों पर अपना शतक पूरा कर लिया था, जिससे यह इंग्लैंड की किसी महिला खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज वनडे शतक बन गया। हालाँकि, विकेट से इंग्लैंड की ऑलराउंडर पर कोई असर नहीं पड़ा और उन्होंने एक ही ओवर में लगातार तीन चौके मारे। वह अगले ओवर में 120 रन के शानदार स्कोर पर आउट हो गईं, लेकिन वह पहले ही इंग्लैंड को विशाल स्कोर देने के लिए काफी कुछ कर चुकी थीं। श्रीलंका की टीम इसके जवाब में 24.5 ओवर में 112 रन पर सिमट गयी और उसे 161 रन से हार का सामना करना पड़ा। चार्लोट डीन ने 31 रन पर पांच विकेट लिए और इंग्लैंड की सबसे सफल गेंदबाज रहीं। इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज 2-0 से जीती।

**संक्षिप्त स्कोर : इंग्लैंड-महिला** : 50 ओवर में 273/8 (नैट साइवर-ब्रंट 120, माइया बाउचर 95; कविशा दिलहारी 3-42), **श्रीलंका महिला** : 112 (24.5) इंग्लैंड ने 161 रनों से मैच जीता ।

## सीरी ए सीज़न के पहले मिलान डर्बी में इंटर का एसी से मुकाबला; लाज़ियो का सामना जुवेंटस से होगा

**मिलान (इटली),** 15 सितंबर (एजेंसियां)। इटालियन सीरी ए सीजन के पहले मिलान डर्बी के साथ एक्शन में आएगी, जिसमें शीर्ष दो टीमें और क्रॉस-टाउन प्रतिद्वंद्वी- इंटर और एसी शुरुआती जीत की तलाश में भिड़ेंगी।। प्रतिष्ठित मिलान डर्बी एक शानदार मैच का गवाह बनेगा जब इंटर और एसी मिलान शनिवार को टेबल के शीर्ष सीरी ए मुकाबले में आमने-सामने होंगे। दोनों टीमों ने सीजन के अपने पहले तीन मैचों में तीन जीत दर्ज की हैं। दिग्गज क्लबों के बीच आखिरी मुकाबला यूईएफए चैंपियंस लीग सेमीफाइनल में हुआ था, जहां इंटर ने पहला चरण 2-0 से और दूसरा चरण 1-0 से जीतकर इस साल की शुरुआत में फाइनल में प्रवेश किया था। इंटर ने फरवरी में 1-0 से विजेता बनकर अपना आखिरी सीरी ए मैच भी जीता था। दोनों टीमें पिछले सीजन में सीरी ए खिताब पर कब्ज़ा करने में नाकाम रहीं और मौजूदा चैंपियन नेपोली को हराने की कोशिश करेंगी। उनकी नजरें दिन की शुरुआत में होने वाले मुकाबले पर भी होंगी क्योंकि पिछले सीज़न के उपविजेता लाजियो का मुकाबला जुवेंटस से होगा, जो इस समय तालिका में तीसरे स्थान पर है। मिलान की दोनों टीमें शुरुआती दौर में उच्चतम स्कोरिंग टीमों के रूप में बराबरी पर हैं, उनके पहले तीन मुकाबलों में प्रति मैच औसतन 2.7 गोल हैं। पिछले पांच आमने-सामने के मुकाबलों में इंटर मिलान 4-1 से आगे है। दिन के तीसरे मैच में नेपोली जेनोआ की यात्रा करेगा, इस उम्मीद में कि वह सीज़न की शुरुआत में पूरे अंक हासिल करेगा और सीज़न में बाद में खिताब के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेगा। इस सप्ताह के अंत में मिलान डर्बी सहित बहुप्रतीक्षित सीरी ए क्लैश का एक्शन जियोसिनेमा और स्पोर्ट्स 18 - 1 पर लाइव और एक्सक्लूसिव रूप से उपलब्ध होगा।

# नसीम शाह और हारिस रऊफ की फिटनेस स्थिति पर बाबर ने कहा, अभी हम अपना प्लान बी नहीं बता सकते

**कोलंबो,** 15 सितंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने भारत में अगले महीने शुरू होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए महत्वपूर्ण तेज गेंदबाज नसीम शाह और हारिस रऊफ की फिटनेस स्थिति के बारे में कोई स्पष्ट बयान नहीं दिया है। एशिया कप में भारत के खिलाफ पाकिस्तान के सुपर फोर मुकाबले के दौरान तेज गेंदबाज जोड़ी को मामूली चोटें आईं और गुरुवार को श्रीलंका के खिलाफ 2 विकेट से हार (डीएलएस) झेलने के बाद जब टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई तो वे किनारे पर बैठे थे।

ज़मान खान और शाहनवाज़ दहानी उस मैच के दौरान घायल जोड़ी के लिए आगे आए, और अगर नसीम और रऊफ़ समय पर ठीक नहीं होते हैं तो उन्हें विश्व कप में भाग लेने के संभावित विकल्प के रूप में माना जा सकता है। जबकि बाबर को उम्मीद है कि नसीम और रऊफ दोनों 6 अक्टूबर



को हैदराबाद में नीदरलैंड के खिलाफ पाकिस्तान के विश्व कप के पहले मैच के लिए समय पर ठीक हो जाएंगे, लेकिन जब इस जोड़ी के चूकने की स्थिति में आकस्मिक योजनाओं के बारे में पूछा गया तो कप्तान ने ज्यादा कुछ नहीं कहा।

आईसीसी वेबसाइट ने बाबर के हवाले से कहा, मैं आपको बाद में बताऊंगा। उन्होंने कहा, अभी आपको अपना प्लान बी नहीं बता रहा हूं। लेकिन हां, हारिस रऊफ की स्थिति बुरी नहीं हैं। उन्हें बस थोड़ा सा साइड स्ट्रेन हुआ है, लेकिन वह विश्व कप से पहले ठीक हो जाएंगे।

पाकिस्तानी कप्तान ने कहा, नसीम शाह भी... उन्होंने कुछ मैच मिस किए हैं, मुझे नहीं पता (कब तक) रिकवरी होगी, लेकिन मेरी राय में, नसीम शाह भी बाद में विश्व कप में होंगे। लेकिन देखते है। विश्व कप शुरू होने से पहले पाकिस्तान के पास कोई आधिकारिक 50 ओवर का मैच नहीं है, हालांकि उनके पास न्यूजीलैंड (29 सितंबर) और ऑस्ट्रेलिया (3 अक्टूबर) के खिलाफ दो अभ्यास मैच निर्धारित हैं जो आधिकारिक वनडे दर्जा नहीं रखते हैं।

# रोहित शर्मा में हमेशा लड़ने का जज्बा है : डिविलियर्स

**नई दिल्ली,** 15 सितंबर (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा, वह एक फाइटर हैं और कभी किसी चुनौती से पीछे नहीं हटते।

मौजूदा एशिया कप में रोहित ने खुद को शानदार फॉर्म में पाया है क्योंकि उन्होंने नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ एक-एक अर्धशतक जमाया है। श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले में, रोहित शर्मा ने वनडे में एक असाधारण उपलब्धि हासिल की, जिसने उन्हें एलीट वर्ग के क्लब में पहुंचा दिया। वह वनडे में 10000 रन पूरे करने वाले छठे भारतीय बन गए। इसके साथ ही वह सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग, सौरव गांगुली, ब्रायन लारा, क्रिस गेल, एमएस धोनी और भारत के वर्तमान



कोच राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़कर विराट कोहली के बाद इस मील के पत्थर तक पहुंचने वाले दूसरे सबसे तेज सदस्य बन गए। डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, रोहित 2000 रन बनाने में चौथे सबसे धीमे थे, लेकिन 10000 रन बनाने वाले दूसरे सबसे तेज़ खिलाड़ी थे। यह वापसी कैसी है? मेरे मन में उनके लिए बहुत सम्मान है। पहली बार जब मैंने उन्हें खेलते हुए देखा, तो मुझे लगा कि इस आदमी के पास देने के लिए कुछ खास है। मुझे उसके बारे में सबसे ज्यादा पसंद है - बहुत कम उम्र से ही, उसमें हमेशा लड़ने की भावना थी। वह किसी चुनौती से भी पीछे नहीं हटता था। डिविलियर्स ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक मैच को भी याद किया जिसमें रोहित ने डेल स्टेन और मोर्ने मोर्कल जैसे दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाजों का सामना किया था और कहा, मैं डरबन में एक टेस्ट मैच के बारे में सोचता हूं जहां वह डेल स्टेन या मोर्ने मोर्कल और हमारे किसी भी तेज गेंदबाज के सामने टिक नहीं पाएंगे। वह आंखों से संपर्क करता था। अगर कोई उसे चिढ़ाता था। वह सीधे उन पर अटैक करता था। मुझे यह अंदाज हमेशा पसंद आया।

## बावुमा और नार्टजे के चोटिल होने से दक्षिण अफ्रीकी की मुश्किलें बढ़ीं

**केप टाउन** 15 सितंबर (एजेंसियां)। तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्टजे के बाद कप्तान टेम्बा बावुमा के भी चोटिल होने से दक्षिण अफ्रीका की मुश्किलों में इजाफा हुआ है। नार्टजे पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी एकदिवसीय श्रृखंला से बाहर हो गए हैं जबकि कप्तान टेम्बा बावुमा भी चोटिल हाने के कारण शुक्रवार को सेंचुरियन में होने वाले चौथे वनडे में नहीं खेलेंगे।

कप्तान बवुमा की मांसपेशियों में खिंचाव है। ऑस्ट्रेलिया को सीरीज में बने रहने के लिए चौथा वनडे हर-हाल में जीतना होगा। दक्षिण अफ्रीका के इन खिलाड़ियों चोटिल होने से उसकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। दक्षिण अफ्रीका की टीम विश्व कप से पहले अपने दोनों खिलाड़ियों को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहेगी।

एडेन मार्करम अब चौथे वनडे मैच में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी करेंगे। वो इस सीरीज में बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। टी20 सीरीज पहले ही दक्षिण अफ्रीका 3-0 से हार चुकी है। ऑस्ट्रेलिया की टीम पांच मैचों की वनडे सीरीज में 2-1 से आगे है। अगर दक्षिण अफ्रीका को सीरीज में बने रहना है तो फिर ये मुकाबला हर-हाल में जीतना होगा। वहीं ऑस्ट्रेलिया की टीम चाहेगी कि ये मैच जीतकर सीरीज अपने नाम कर ले। मिचेल मार्श की अगुवाई में टीम ने अभी तक काफी अच्छा खेल दिखाया है।

नॉर्टजे पीठ में खिंचाव के कारण इस सप्ताह की शुरुआत में पोटचेफस्ट्रूम में तीसरा वनडे नहीं खेल पाए थे। सीएसए की एक विज्ञप्ति में कहा, इस सप्ताह उनका स्कैन कराया गया और एक विशेषज्ञ से परामर्श लिया गया और वह प्रोटियाज मेडिकल टीम की देखरेख में इस सप्ताह के अंत में फिर से गेंदबाजी करना शुरू करेंगे। नॉर्टजे ने ब्लोमफोंटेन में सिर्फ दूसरा वनडे खेला जहां ऑस्ट्रेलिया ने 8 विकेट पर 392 रन बनाए और नॉर्टजे ने 58 रन देकर पांच विकेट चटकाए थे।

# वनडे में 2 विकेट लेने वाले सातवें भारतीय गेंदबाज बने रवींद्र जड़ेजा

**कोलंबो,** 15 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जड़ेजा वनडे में 200 विकेट लेने वाले सातवें भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। जडेजा ने शुक्रवार को यहां आर. प्रेमदासा स्टेडियम में एशिया कप में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के सुपर फोर मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। दस ओवरों में 1-53 के अपने स्पैल के दौरान शमीम हुसैन को टर्न और बाउंस के साथ एलबीडब्ल्यू करके जडेजा वनडे में 200 विकेट के जादुई आंकड़े तक पहुंच गए। वह वनडे में 200 विकेट लेने वाले भारत के एकमात्र बाएं हाथ के स्पिनर बन गए हैं, उनके अलावा अनिल कुंबले, जवागल श्रीनाथ, अजीत आगरकर, जहीर खान, हरभजन सिंह और कपिल देव इस क्लब में शामिल हैं। 2023 एशिया कप में छह विकेट लेने वाले जडेजा, 1983 वनडे विश्व कप विजेता कप्तान और महान तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर कपिल देव के बाद 2500 रन और 200 विकेट का डबल पूरा करने वाले दूसरे भारतीय क्रिकेटर हैं। इस प्रारूप में, जहां वह इस विशिष्ट क्लब का हिस्सा बनने वाले दुनिया के 14वें खिलाड़ी हैं। 34 वर्षीय जडेजा ने सात बार चार विकेट लिए हैं, जबकि वनडे में उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5-36 है, जो उन्होंने 2013 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत के दौरान ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया था। जडेजा ने 67 टेस्ट में 275 विकेट और 64 टी20 में 51 विकेट भी लिए हैं।



### पाकिस्तान के खिलाफ जीत से मिली ज्यादा संतुष्टि : रवींद्र जड़ेजा

भारत के अनुभवी बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा का मानना है कि एशिया कप के सुपर फोर चरण में पाकिस्तान पर जीत से टीम को अधिक संतुष्टि मिली। साथ ही उन्होंने कहा कि श्रीलंका पर जीत भी शानदार थी। भारत पाकिस्तान और श्रीलंका पर क्रमश- 228 रन और 41 रन से जीत हासिल कर 17 सितंबर को होने वाले एशिया कप के फाइनल में पहुंच गया। सुपर फोर चरण का उनका आखिरी मैच शुक्रवार को बांग्लादेश के खिलाफ है, जिसके बाद वे रविवार को फाइनल में श्रीलंका से खेलेंगे। जडेजा ने प्रसारकों के साथ मैच चैट पर कहा, जब भी हम मैदान पर उतरते हैं, हम हमेशा भारत के लिए खेलने पर गर्व महसूस करते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ जीत ने हमें अधिक संतुष्टि दी, लेकिन साथ ही श्रीलंका के खिलाफ मैच भी एक शानदार खेल था। जड़ेजा ने कहा कि भारत ने हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। हमने हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया, हमने अच्छी गेंदबाजी की और अच्छी फील्डिंग की। हम अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और हमें वहां जाने और अपने देश के लिए खेलने पर गर्व है। मैं अपनी गेंदबाजी पर काम कर रहा हूं। 34 वर्षीय ऑलराउंडर ने कई मैचों में पांच विकेट लिए हैं, जो बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव के साथ एक मजबूत स्पिन जोड़ी साबित हुई है। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, जब भी मैं मैदान पर उतरता हूं तो मैं स्टंप्स पर गेंदबाजी करने की कोशिश करता हूं और उन्हें जगह नहीं देने की कोशिश करता हूं। मैं फील्ड प्लेसमेंट को देखता हूं और इन सभी को ध्यान में रखते हुए, मैं बल्लेबाज के अनुसार गेंदबाजी करता हूं।

## सार संक्षेप

### कैलम विल्सन ने न्यूकैसल यूनाइटेड के साथ एक साल का अनुबंध बढ़ाया

**न्यूकैसल (इंग्लैंड)।** पिछले तीन सीजन में न्यूकैसल यूनाइटेड के प्रमुख गोल स्कोरर, कैलम विल्सन ने क्लब के साथ एक साल के अनुबंध विस्तार पर हस्ताक्षर किए, जो उन्हें 225 तक सेंट जेम्स पार्क में बनाए रखेगा। इंग्लैंड इंटरनेशनल ने 22 में बोर्नमाउथ से आने के बाद से 79 लीग मैचों में 4 गोल किए हैं, जिसमें इस सीज़न में चार मैचों में से दो शामिल हैं। जिससे वो क्लब के सर्वकालिक प्रीमियर लीग गोल स्कोरर चार्ट में पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वह महान लेस फर्डिनेंड से सिर्फ एक गोल पीछे हैं और आठ और गोल के साथ ये खिलाड़ी महान एलन शियरर के बाद सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। कुल मिलाकर, विल्सन ने 25 प्रीमियर लीग मैचों में 81 गोल किए और 22 गोलों में मदद की है। कैलम विल्सन ने कहा, मुझे यहां अपना समय बढ़ाने में खुशी हो रही है। यह एक शानदार फुटबॉल क्लब है। इसलिए अपना भविष्य इसके लिए प्रतिबद्ध करना अच्छा है। हमारे पास आगे देखने के लिए कुछ बेहतरीन चीजें हैं और मुझे लगता है कि यहां, शहर, प्रशंसक आधार के आसपास रहना खिलाड़ियों का सपना होता है। इसलिए, मैं अगले कुछ वर्षों तक यहां रहने का इंतजार नहीं कर सकता।

### शूटिंग विश्व कप में सागर डांगी छठे, सौरभ चौधरी 3वें स्थान पर रहे

**रियो डी जनेरियो।** सागर डांगी ने यहां खेली जा रही इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) विश्व कप राइफल/पिस्टल चरण के पहले दिन गुरुवार को पुरुषों की 1 मीटर एयर पिस्टल में छठा स्थान हासिल किया है। भारत के इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने फाइनल में 157.4 का स्कोर अर्जित किए। शीर्ष आठ चरण में जगह बनाने वाला वह एकमात्र भारतीय है। इस स्पर्धा में इटली के फेडेरिको मालदिनी ने स्वर्ण पदक जीता। रियो विश्व कप में 16 सदस्यीय भारतीय टीम सात ओलंपिक स्पर्धाओं में हिस्सा ले रही है। कल दूसरा स्वर्ण महिलाओं की 1 मीटर एयर पिस्टल में अर्मेनिया को मिला। इस प्रतिस्पर्धा में भारत को कोई खिलाड़ी नहीं था। सागर ने 6-शॉट क्वालिफिकेशन राउंड में 581 का स्कोर किया। पदक की दौड़ में शामिल अन्य भारतीयों में श्रवण कुमार 576 अंक के साथ 15वें स्थान पर रहे, जबकि सौरभ चौधरी 572 अंक के साथ 3वें स्थान पर रहे। केवल रैंकिंग अंकों के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे केदारलिंग उचागांवे ने 576 अंक हासिल किए।

# [अर्थ जगत]

**रुपया 11 पैसे लुढ़का**



**मुंबई,** 15 सितंबर (एजेंसियां)। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 11 पैसे लुढ़ककर 83.15 रुपये प्रति डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.04 रुपये प्रति डॉलर रहा था। कारोबार की शुरूआत में रुपया तीन पैसे की गिरावट लेकर 83.07 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान आयातकों एवं बैंकरों की लिवाली से 83.18 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, बिकवाली होने से यह 82.99 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर भी रहा।

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टीसीएस | 2.91 प्रतिशत |
| एलटी | 1.68 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.66 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 1.49 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.28 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 3.48 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 3.31 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.19 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.68 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.55 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## भारत में इस साल त्योहारी महीने में 90 हजार करोड़ रुपये की ई-कॉमर्स बिक्री की उम्मीद

नई दिल्ली, 15 सितंबर (एजेंसियां)। लगभग 140 मिलियन खरीदारों के कारण, भारत में इस साल त्योहारी महीने में 90 हजार करोड़ रुपये का ऑनलाइन कारोबार की संभावना है, जो पिछले साल के त्योहारी महीने से 18-20 प्रतिशत अधिक है। शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। मार्केट रिसर्च फर्म रेडसीर स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट्स की रिपोर्ट के अनुसार, ई-कॉमर्स त्योहारी सीज़न की बिक्री के 10वें वर्ष को चिह्नित करते हुए, उद्योग को पूरे वर्ष के लिए 5 लाख 25 हजार करोड़ रुपये का जीएमवी हासिल करने की उम्मीद है।



पिछले 10 वर्षों में, भारतीय ई-टेलिंग लगभग पूरी तरह से बदल गई है, क्योंकि समग्र ई-टेलिंग उद्योग का वार्षिक जीएमवी इस अवधि में लगभग 20 गुना बढ़ गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि खपत में हालिया मंदी और अर्थव्यवस्था पर लगभग 3 साल के बाहरी झटकों को देखते हुए इस साल 10वें त्योहारी सीजन की बिक्री अवधि और भी महत्वपूर्ण है। रेडसीर के पार्टनर मृगांक गुटगुटिया ने कहा, पिछली कई तिमाहियों में, हम इलेक्ट्रॉनिक्स से परे श्रेणियों में जीएमवी योगदान में वृद्धि देख रहे हैं। यह पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अच्छा है, क्योंकि यह उपभोक्ताओं की कई श्रेणियों को ऑनलाइन खरीदने की इच्छा दिखाता है और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए अधिक ब्रांड आ रहे हैं।

गुटगुटिया ने कहा, इस प्रवृत्ति को जारी रखते हुए, हम इस त्योहारी अवधि में फैशन, सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल, घरेलू और सामान्य माल व अन्य जैसी गैर-इलेक्ट्रॉनिक्स श्रेणियों से जीएमवी योगदान में वृद्धि की उम्मीद करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, लगातार प्रीमियमाइजेशन के कारण औसत बिक्री मूल्य (एएसपी) बढ़ रहा है, और बढ़ते विज्ञापन और प्रचार राजस्व संभवतः इस साल के त्योहारी सीजन को मार्जिन के नजरिए से सबसे कुशल बना देंगे। डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर (डी2सी) ब्रांड व्यापक ई-टेलिंग बाजार की तुलना में 1.6 गुना तेजी से बढ़ने की संभावना है। शहर-स्तरीय विकास के मामले में, पिछली कुछ तिमाहियों में महानगर टियर 1 और 2 की तुलना में तेजी से बढ़ रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, हालांकि, हमें इस त्योहारी सीजन में सभी शहरों में मजबूत वृद्धि की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त, बिक्री अवधि के दौरान कई उपयोग-मामलों में जेनेरिक एआई जैसे नए युग के प्रौद्योगिकी समाधानों को अधिक व्यापक रूप से अपनाया जा रहा है, इससे बेहतर और नवीन उपभोक्ता अनुभव प्राप्त होंगे और मजबूत विकास गति को बढ़ावा मिलेगा।

## टाइम की वर्ल्ड बेस्ट कंपनीज 2023 की लिस्ट में इंफोसिस शामिल, टॉप-100 में एकमात्र भारतीय कंपनी





**नई दिल्ली,** 15 सितंबर (आईएएनएस)। आईटी की दिग्गज कंपनी इंफोसिस टाइम मैगजीन की वर्ल्ड बेस्ट कंपनीज 2023 की सूची में टॉप-100 में शामिल होने वाली एकमात्र भारतीय कंपनी है। बेंगलुरु बेस्ड इंफोसिस कंपनी को टॉप 100 की सूची में 64वां स्थान दिया गया है। इंफोसिस ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट शेयर कर लिखा, इंफोसिस को टाइम वर्ल्ड की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों 2023 की सूची में शामिल किया गया है।

हम टॉप-3 ग्लोबल प्रोफेशनल सर्विसेस फर्म में से एक हैं और टॉप-100 ग्लोबल रैंकिंग में भारत से एकमात्र ब्रांड हैं। टाइम और स्टेटिस्टा द्वारा तैयार की गई वर्ल्ड बेस्ट कंपनीज 2023 की लिस्ट में टॉप 4 कंपनियों में माइक्रोसॉफ्ट, एप्पल, अल्फाबेट ( गूगल की पैतृक कंपनी है) और मेटा प्लेटफॉर्म्स जैसी तकनीकी कंपनियां शामिल हैं।

सूची में अन्य टॉप कंपनियां एक्सेंचर, फाइजर, अमेरिकन एक्सप्रेस, बीएमडब्ल्यू ग्रुप, डेल टेक्नोलॉजीज, लुइस वुइटन, डेल्टा एयरलाइंस, स्टारबक्स, फॉक्सवैगन ग्रुप, जनरल मोटर्स, फोर्ड और अन्य हैं। यह रैंकिंग राजस्व वृद्धि, कर्मचारी संतुष्टि सर्वेक्षण और कठोर पर्यावरण, सामाजिक और कॉरपोरेट प्रशासन (ईएसजी, या स्थिरता) के आधार पर की गई है। बिग टेक के लिए यह वर्ष कठिन रहा, जनवरी से अब तक हजारों कर्मचारियों की छंटनी हुई है।

टाइम ने बताया कि वैश्विक रैंकिंग में टॉप कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने अपने सबसे हालिया फाइनेंशियल ईयर में 72 बिलियन डॉलर कमाए, जो 2020 से 63 प्रतिशत की ग्रोथ है, जबकि कंपनी के ओवरऑल एमिशन में 0.5 प्रतिशत की कमी आई है।

## पंजाब सीएम ने केंद्र से बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने की मांग की

**लुधियाना,** 15 सितंबर (एजेंसियां)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध, किसानों के हितों के खिलाफ है। सीएम ने इस मनमाने फैसले को तुरंत वापस लेने की मांग की। मुख्यमंत्री ने पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पीएयू) में आयोजित किसान मेले के दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, यह विसंगत फैसला किसानों के साथ व्यापारियों की आर्थिक स्थिति को भी काफी नुकसान पहुंचाएगा। सीएम ने कहा कि केंद्र सरकार ने बासमती का न्यूनतम निर्यात मूल्य 1,200 रुपये प्रति टन तय किया है, जिससे फसल की घरेलू कीमत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। केंद्र सरकार को किसानों के हितों की रक्षा के लिए सभी प्रतिबंध हटाने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कड़ी मेहनत करने वाले किसान पहले ही कृषि लागतों की बढ़ती कीमत और कम एमएसपी के कारण चौराहे पर हैं। पंजाब देश में सबसे ज्यादा बासमती चावल पैदा करता है। केंद्र के फैसले से किसानों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। एक तरफ राज्य सरकार किसानों को मूंग, बासमती और अन्य वैकल्पिक फसलों के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करके फसल विविधीकरण के लिए ठोस प्रयास कर रही है, दूसरी तरफ केंद्र सरकार के ऐसे कदमों से उसे बड़ा झटका लग रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय किसान और राज्य विरोधी है। राज्य सरकार इस कदम का विरोध करेगी। इन प्रतिबंधों के मद्देनजर सरकार बासमती की फसल केरल, पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों को बेचने पर विचार कर रही है।

## 'भारतीय अर्थव्यवस्था में योगदान करें ओटीटी आपरेटर'

**नई दिल्ली,** 15 सितंबर (एजेंसियां)। सेल्युलर मोबाइल नेटवर्क आपरेटर कंपनियों के मंच सीओएआई ने गुरुवार को कहा कि भारत में ऐसे समय जबकि टेलीकॉम कंपनियां नेटवर्क और सेवा को अंतिम छोर तक पहुंचाने के कनेक्शन की तैनाती के लिए बड़े पैमाने पर निवेश का बोझ उठा रही हैं, उनके कंधे पर बैठक कर इंटरनेट आधारित सेवाएं देकर कमाई कर रहे ओवर-दी-टाप (ओटीटी) आपरेटर नेटवर्क खर्चों में कोई योगदान नहीं कर रहे हैं! सीओएआई ओटीटी प्लेटफर्मों (व्हाट्ऐप, फेसबुक, एक्स आदि) के कारोबार और दायित्व से जुड़े इस विषय को इससे पहले भी कई बार उठा चुका है। सीओएआई का कहना है कि वैश्विक ओटीटी आपरेटरों की विज्ञापन तथा ग्राहक से होने वाली कमाई का एक बड़ा हिस्सा भारत से हो रहा है, उन्हें भारतीय अर्थव्यवस्था में योगदान करना चाहिए।





सीओएआई के महानिदेशक ले. जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ एस पी कोचर ने गुरुवार को यहां मीडिया के साथ एक ऑनलाइन चर्चा में कहा कि वैश्विक इंटरनेट ट्रैफ़िक का करीब 81 प्रतिशत ट्रैफिक एलटीजी (तीव्र इंटरनेट प्रौद्योगिकी नेटवर्क) के ओटीटी प्लेटफार्म उत्पन्न कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन एलटीटी ओटी इनका स्वामित्व बड़े पैमाने पर कमाई करने वाली बड़ी वैश्विक कंपनियां हैं जो उपभोक्ताओं और विज्ञापनदाताओं से मोटी कमाई कर रही हैं। सीओएआई महानिदेशक ने कहा, भारत में कमाया उनका राजस्व भारतीय अर्थव्यवस्था के किसी काम नहीं आ रही है, क्योंकि यह उनके मूल देश में पास चला जाता है।

सीओएआई का मानना है कि इन ओटीटी प्लेटफार्म को इस भारतीय बाजार में योगदान करने की जरूरत है।


ले.जनरल कोचर ने कहा, भारत में यहां तक की ग्रामीण इलाकों में भी जहां कि दूससंचार सेवा प्रदाताओं के लिए नेटवर्क फैलाने का कोई व्यावहारिक व्यावसायिक लाभ नहीं है, वहां भी ओटीटी प्लेटफार्मों के कारण डाटा सेवाओं और तेज इंटनेट की मांग बढ़ गयी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से नेटवर्क कंपनियों की प्रति व्यक्ति औसत मासिक आय इतनी कम है कि उससे वहां नेटवर्क विस्तार का कोई अर्थिक औचित्य नहीं दिखता है। उन्होंने कहा कि भारतीय दूरसंचार उपभोक्ताओं के लिए टैरिफ दरें दुनिया में सबसे कम बनी हुई हैं । सीओएआई के महानिदेशक ने कहा कि दूरसंचार नेटवर्क सेवा क्षेत्र डिजिटल इंडिया की सुविधा के लिए प्रतिबद्ध है।

## दूरसंचार, ऑटो, आईटी व टेक समूहों में लिवाली से बाजार गुलजार

**मुंबई** 15 सितंबर (एजेंसियां)। दुनिया के सबसे बड़े केंद्रीय बैंक के दरों में वृद्धि के लंबे चक्र को समाप्त करने के करीब पहुंचने के संकेत से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर सीडी, वित्तीय सेवाएं, आईटी, दूरसंचार और टेक समेत दस समूहों में हुई लिवाली से शेयर बाजार में आज ग्यारहवें दिन भी तेजी रही। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 319.63 अंक की छलांग लगाकर 67838.63 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 89.25 अंक की तेजी लेकर 20192.35 अंक पर पहुंच गया। दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई। इससे मिडकैप 0.09 प्रतिशत की बढ़त लेकर 32,505.37 अंक और स्मॉलकैप 0.27 प्रतिशत चढ़कर 37,828.56 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3786 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1932 में लिवाली जबकि 1701 में बिकवाली हुई वहीं 153 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की 32 कंपनियां हरे जबकि 18 लाल निशान पर रही।

बीएसई के दस समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान दूरसंचार 1.67, ऑटो 1.48, सीडी 0.61, वित्तीय सेवाएं 0.63, हेल्थकेयर 0.37, इंडस्ट्रियल्स 0.12, आईटी 0.76, बैंकिंग 0.42, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.41 और टेक समूह के शेयर 1.07 प्रतिशत मजबूत रहे। विदेशी बाजारों का रुख सकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.62, जर्मनी का डैक्स 0.97, जापान का निक्केई 1.10 और हांगकांग के हैंगसेंग में 0.75 प्रतिशत की मजबूती रही जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट 0.28 प्रतिशत उतर गया।





कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 141 अंक की तेजी लेकर 67,659.91 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 67,614.42 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं लिवाली की बदौलत यह कारोबार के अंतिम चरण में 67,927.23 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 67,519.00 अंक के मुकाबले 0.47 प्रतिशत उछलकर 67,838.63 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी भी 53 अंक बढ़कर 20,156.45 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 20,129.70 अंक के निचले जबकि 20,222.45 अंक के ऊंचे स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले सत्र के 20,103.10 अंक की तुलना में 0.44 प्रतिशत की तेजी के साथ 20,192.35 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान सेंसेक्स की तेजी पर रही 20 कंपनियों में से भारती एयरटेल ने सबसे अधिक 2.37 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.23, एचसीएल टेक 1.66, टाटा मोटर्स 1.57, टेक महिंद्रा 1.51, एचडीएफसी बैंक 1.24, टीसीएस 1.14, विप्रो 1.07, एक्सिस बैंक 0.60, नेस्ले इंडिया 0.59, सन फार्मा 0.53, आईसीआईसीआई बैंक 0.51, अल्ट्रासिमको 0.42, इंफोसिस 0.37, रिलायंस 0.37, मारुति 0.37, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.30, टाटा स्टील 0.30, एसबीआई 0.20 और बजाज फाइनेंस के शेयर 0.05 प्रतिशत मजबूत रहे।

वहीं, एशियन पेंट 1.32, हिंदुस्तान यूनीलीवर 1.26, बजाज फिनसर्व 0.80, एनटीपीसी 0.69, इंडसइंड बैंक 0.49, पावरग्रिड 0.46, कोटक बैंक 0.40, टाइटन 0.38, आईटीसी 0.34 और एलटी के शेयरों ने 0.27 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## स्पाइसजेट ने क्रेडिट सुइस को किया 1.5 मिलियन डॉलर का किया भुगतान

**नई दिल्ली,** 15 सितंबर (एजेंसियां)। स्पाइसजेट ने शुक्रवार को कहा कि उसने क्रेडिट सुइस को 1.5 मिलियन डॉलर ट्रांसफर करके सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का अनुपालन किया है। एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने कहा, स्पाइसजेट लिमिटेड ने क्रेडिट सुइस को 1.5 मिलियन डॉलर भेजकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन किया है। भुगतान गुरुवार को किया गया। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने वैश्विक निवेश बैंक और वित्तीय सेवा फर्म को बकाया भुगतान करने में चूक के लिए स्पाइसजेट के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अजय सिंह को कड़ी चेतावनी जारी की थी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने बजट एयरलाइन को डिफ़ॉल्ट राशि में से अतिरिक्त 1 मिलियन डॉलर के साथ 15 सितंबर तक पांच लाख डॉलर की मासिक किस्त जमा करने का आदेश दिया था। पिछले साल, स्पाइसजेट द्वारा क्रेडिट सुइस को हर महीने पांच लाख डॉलर का भुगतान करने का वादा करने के बाद शीर्ष अदालत ने एयरलाइंस को परिसमापन से वापस ले लिया था। पिछले साल मई में दोनों पक्षों के बीच हुए समझौते के अनुसार, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने समर्थन दिया था, स्पाइसजेट को प्रत्येक महीने की 15 तारीख तक पांच लाख डॉलर की राशि का भुगतान करना होगा।

### सार संक्षेप

#### विदेशी मुद्रा भंडार 4.99 अरब डॉलर घटकर 593.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी आने से `8 सितंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.99 अरब डॉलर घटकर 593.9 अरब डॉलर पर आ गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 4`.4 अरब डॉलर बढ़कर 598.9 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार,`8 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.3 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 526.4 अरब डॉलर रह गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 55.4 करोड़ डॉलर कम होकर 44.4 अरब डॉलर पर आग गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 13.4 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.1 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 3.9 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ पांच अरब डॉलर पर आ गई।

#### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज भी टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 1`6.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी क्रूड`.32 प्रतिशत उबलकर 9.45 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड`.26 प्रतिशत की तेजी के साथ 93.94 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। देश के चार महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत इस प्रकार रही।

#### वैट कटौती की मांग को लेकर राजस्थान में पेट्रोल पंप अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**जयपुर।** पेट्रोल और डीजल पर वैट कम करने की मांग को लेकर पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के साथ राजस्थान में पेट्रोल पंपों ने शुक्रवार सुबह से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। डीलरों ने एक बयान में कहा, शुक्रवार से आउटलेट पूरी तरह से बंद हो जाएंगे। वे न तो खुदरा बिक्री करेंगे न ही डिपो से ईंधन खरीदेंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को केंद्र पर ईंधन पर अतिरिक्त शुल्क लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दरें बढ़ाना केंद्र सरकार पर निर्भर है, इससे पता चलता है कि राज्य सरकार का उन करों को कम करने का कोई इरादा नहीं है, जो राज्य में दूसरे स्थान पर सबसे ज्यादा हैं।

## सोया रिफाइंड व वनस्पति तेल सस्ता

**नई दिल्ली,** 15 सितंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में आई तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल के दाम 1000 रुपये से अधिक गिर गये।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 30 रिंगिट बढ़कर 3690 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.02 सेंट की बढ़त के साथ 61.76 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सोया रिफाइंड 220 रुपये और वनस्पति तेल 1081 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हो गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** चना 6450-6550, दाल चना 7450-7550, मसूर काली 8150-8250, मूंग दाल 10000-10100, उड़द दाल 11000-11100, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

## भारतीय तकनीकी उपभोक्ता सामान बाजार में 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज, तेजी से बिक रहे प्रीमियम फोन

**नई दिल्ली,** 15 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय तकनीकी उपभोक्ता सामान (टीसीजी) बाजार में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में इस साल की पहली छमाही में मूल्य में 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। जर्मन मार्केट रिसर्च कंपनी जीएफके की रिपोर्ट में कहा गया है कि टेलीकॉम (स्मार्टफोन / मोबाइल) सेगमेंट में वॉल्यूम में मामूली 4 फीसदी की कमी आई है, लेकिन कुल मूल्य में 12 फीसदी की बढ़ोतरी से इसकी भरपाई हो गई।

2022 की समान अवधि की तुलना में 2023 की पहली छमाही के दौरान कई क्षेत्रों में मात्रा और मूल्य में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई। जीएफके, टीसीजी-इंडिया के बाजार विशेषज्ञ सौम्या चटर्जी ने कहा, यह पर्याप्त वृद्धि बदलती गतिशीलता के सामने भारतीय उपभोक्ता बाजार के लचीलेपन और अनुकूलन क्षमता को उजागर करती है। इस बीच उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स (सीई) क्षेत्र, यानी ऑडियो-वीडियो कैटेगिरीज में वॉल्यूम में 13 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जो एक मजबूत बाजार उपस्थिति को दर्शाता है। स्मार्टफोन सेगमेंट में वॉल्यूम में 3 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जिसके चलते मूल्य में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई।



डेटा से सबसे महत्वपूर्ण टिप्पणियों में से एक पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 2023 की पहली छमाही के दौरान प्रीमियम स्मार्टफोन (30,000 रुपये से ऊपर की कीमत) में तेजी से वृद्धि है। प्रीमियम स्मार्टफोन की बिक्री की मात्रा में 50 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, साथ ही मूल्य में 54 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि देखी गई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि उपभोक्ता प्राथमिकताओं में बदलाव एडवांस फीचर्स, इनोवेटिव टेक्नोलॉजी और बेहतर स्मार्टफोन एक्सपीरियंस की मांग को रेखांकित करता है। भारतीय उपभोक्ताओं के बीच एक उल्लेखनीय प्रवृत्ति अधिक गहन मनोरंजन अनुभव की बढ़ती इच्छा है। उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में, ऑडियो होम सिस्टम की मात्रा में 21 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, साथ ही मूल्य में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो एक मजबूत बाजार उपस्थिति को उजागर करता है। रिपोर्ट में उल्लेख है कि पीटीवी/एफएलएटी टेलीविजन ने 13 प्रतिशत वॉल्यूम वृद्धि के साथ विकास प्रक्षेपवक्र प्रदर्शित किया, जबकि मूल्य वृद्धि 2 प्रतिशत पर मामूली रही। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में, डेस्कटॉप कंप्यूटिंग सेगमेंट ने स्थिर वृद्धि बनाए रखी, वॉल्यूम में 7 प्रतिशत की वृद्धि और मूल्य में 9 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की, जो इसकी लगातार बाजार स्थिति को दर्शाता है।

# सफाई अभियान

# व्यापार विहार में महापौर और नागरिकों ने लगाया झाड़ू



## स्वच्छता ही सेवा और स्वच्छता लीग 2.0 के तहत दिया गया स्वच्छता का संदेश

**बिलासपुर**,15 सितंबर ( देशबन्धु) । स्वच्छता का संदेश देने तथा इसके प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से आज नगर पालिक निगम द्वारा व्यापार विहार क्षेत्र में साफ-सफाई का विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें नगर निगम के महापौर रामशरण यादव, एमआईसी सदस्य राजेश शुक्ला,एनसीसी कैडेट,एनएसएस के सदस्य,अधिकारी और नागरिकों ने मिलकर व्यापार विहार क्षेत्र में साफ-सफाई किया। सफाई के दौरान सभी ने झाड़ू लगाया तथा कचरे को साफ कर स्वच्छता का संदेश दिया।

देश भर में 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा और इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के तहत स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है,जिसका मुख्य थीम गार्बेज फ्री इंडिया है । बिलासपुर नगर निगम द्वारा आज विशेष सफाई अभियान के साथ पखवाड़े की शुरूआत की गई है। इस अवसर पर महापौर रामशरण यादव उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता का शपथ दिलाते हुए कहा की स्वच्छता किसी एक के करने से नहीं होता इसमें सबकी भागीदारी ज़रूरी है,अगर हम खुद से शुरूआत करें तो बाकी भी खुद से जुड़ते चले जाएंगे। हम सब मिलकर हमारे शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाएंगे। स्वच्छता पखवाड़े के तहत अलग-अलग दिन स्वच्छता से संबंधित विभिन्न प्रकार के आयोजन किए जाएंगे। कल बृहस्पति बाजार में अभियान चलाया जाएगा,23 सितंबर को साइकिल रैली और 2 अक्टूबर स्वच्छता दिवस के दिन पखवाड़े का समापन। इस बीच अलग-अलग दिन निगम द्वारा ड्राइंग,पेंटिंग प्रतियोगिता क्विज प्रतियोगिता और शहर के सार्वजनिक स्थानों में जागरूकता के विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आज के सफाई अभियान में महापौर के अलावा एमआईसी सदस्य राजेश शुक्ला,पूर्णा चंद्रा,अपर आयुक्त राकेश जायसवाल,उपायुक्त सती यादव,जोन कमिश्नर श्रीमती रंजना अग्रवाल,विभा सिंह,प्रवेश कश्यप,खेल कुमार पटेल,स्वास्थ्य अधिकारी अनुपम तिवारी,सहायक अभियंता सोमशेखर विश्वकर्मा,पीआईयू अमित गोस्वामी,एनसीसी और एनएसएस के राज्य सगंठन आयुक्त सी.एल .चन्द्राकर, सहायक राज्य आयुक्त भूपेन्द्र शर्मा, जिला सगंठन आयुक्त विजय यादव, जिला संयुक्त सचिव लता यादव,समेत एनसीसी कैडेट, एनएसएस सदस्य,सामाजिक संगठन एवं आम नागरिक उपस्थित रहें।

### आमजनों की सहभागिता है उद्देश्य

इस लीग में मुख्य फोकस पब्लिक की जागरूकता और उनकी भागीदारी पर किया गया है। जिससे पूरे शहर को स्वच्छ बनाया जा सके। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना और उन्हें स्वच्छता के कार्य में जोड़ना है।इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लेकर आयोजन को सफल बनाने की अपील नगर पालिक निगम द्वारा की गई है।

## महापौर के निर्देश पर हुआ डीपूपारा तालाब की सफाई, मेयर ने कहा-स्वच्छता पर दे विशेष ध्यान

### तालाब को जलकुंभी मुक्त कराने महापौर की पहल

नियमित सफाई न होने से जलकुंभी से तालाब प्रदूषित हो रहा था। जिससे आसपास रहने वाले लोग आए दिन मौसमी बीमारी से ग्रसित रहते थे। तालाब की सफाई और जलकुंभी मुक्त करने महापौर ने पहल की है। उन्होंने निगम अधिकारियों को तालाबों में फैली गंदगी साफ करने का निर्देश दिया है। मेयर ने वार्डवासियों को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की।

वार्ड क्रमांक 29 डीपूपारा तालाब की नियमित सफाई नहीं हो रही थी। जिसके कारण पूरे तालाब में जलकुंभी के पौधे उगे आए थे। वहीं गदंगी के कारण आसपास के लोग परेशान चल रहे थे। बारिश में स्थिति और भी गंभीर हो चुकी थी। लोग लगातार मौसमी बीमारी से ग्रसित हो रहे थे। इसकी सूचना महापौर रामशरण यादव को मिली। उन्होंने सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल निगम के अधिकारियों मशीन द्वारा जलकुंभी को हटाने आदेश दिया। गुरूवार को नगर निगम का अमला एक्वेटिक वीड हार्वेस्टर मशीन से तालाब की सफाई करने में जुट गया। सफाई का जायजा लेने महापौर रामशरण यादव डीपूपारा तालाब पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए नियमित सफाई करने को कहा। साथ ही वार्डवासियों को बारिश में ऐतिहायत बरतने समझाईश दी। इस दौरान उन्होंने तालाब का निरीक्षण कर जर्जर हो चुके पचरी का पुन: निर्माण करने लोगों को आश्वस्त किया। तालाब की सफाई होने से लोगों ने राहत की सांस ली। वार्ड पार्षद शेख असलम ने बताया कि आने वाले समय में तालाब को और सुंदर और साफ किया जाएगा। इस अवसर पर सभापति शेख नजीरूद्दीन, निगम के अधिकारी, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

### धार्मिक आस्था का केन्द्र

डीपूपारा स्थित यह तालाब काफी पुराना है। जिसका उपयोग वार्ड के अधिकतर निवासी निस्तारी के लिए करते है। इसके अलावा सभी धार्मिक आयोजन, रीति-रिवाज, ज्वांरा विसर्जन में उक्त का तालाब का उपयोग किया जाता है।



## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में राजभाषा संबंधी कार्य व उपलब्धियां संतोषजनक-जीएम

### क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बिलासपुर की 67वीं बैठक संपन्न

**बिलासपुर**,15 सितंबर( देशबन्धु) । क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बिलासपुर की 67 वीं बैठक महाप्रबंधक आलोक कुमार की अध्यक्षता में आज ज़ोनल सभाकक्ष, बिलासपुर में सम्पन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य सामग्री प्रबंधक शशि प्रकाश द्विवेदी ने महाप्रबंधक, अपर महाप्रबंधक, सभी विभागाध्यक्षों तथा मंडलों/कारखानों के सभी सदस्यों का स्वागत किया। लोकेश कुमार शर्मा, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी ने जून 2023 को समाप्त तिमाही में हुई राजभाषा प्रगति पर मदवार आंकड़े प्रस्तुत किये जिसपर बैठक में उपस्थित सदस्यों ने विस्तारपूर्वक चर्चा की ।

आलोक कुमार, महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में राजभाषा संबंधी कार्य एवं उपलब्धियां संतोषजनक हैं । क क्षेत्र में होने के कारण इस रेलवे के ज्यादतर मदों में शतप्रतिशत अनुपालन का लक्ष्य रखा गया है। शतप्रतिशत लक्ष्य को हासिल करने के हरसंभव प्रयास किये जाएं । महाप्रबंधक ने सभी को हिंदी दिवस की बधाई देते हुए द.पू.म.रेलवे, बिलासपुर मुख्यालय सहित सभी मंडलों एवं कारखानों में हिंदी पखवाड़ा उत्साहपूर्वक मनाने और राजभाषा हिंदी के विभिन्न प्रेरक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन करने के भी निदेश दिये। उन्होंने हिंदी टंकण के लिए गूगल डॉक स्पीच-टू-टेक्स्ट जैसी नवीनतम तकनीकी टूल्स का अधिक से अधिक प्रयोग करने की बात कही ।विजय कुमार, अपर महाप्रबंधक ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी ऐसी भाषा है जो अन्य सभी भारतीय भाषाओं को साथ लेकर चलती है । रेलों में भी सरल हिंदी की भूमिका को पृथक नहीं किया जा सकता, क्योंकि हम उपभोक्ताओं को सरल भाषा के माध्यम से ही अपनी



कार्यप्रणाली एवं सुविधाओं से अवगत करा सकते हैं ।उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि वे पत्राचार के साथ-साथ रेल यात्रियों की सुविधाओं से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी सरल एवं सुबोध हिंदी में जारी एवं प्रदर्शित करें ।

शशि प्रकाश द्विवेदी, मुख्य राजभाषा अधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि 14 एवं 15 सितंबर को पुणे, महाराष्ट्र में गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में प्रधान कार्यालय, मंडलों एवं कारखानों के राजभाषा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीयों ने द.पू.म.रेलवे, बिलासपुर का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने राजभाषा हिंदी के प्रयोग एवं प्रसार के लिए 14 सितंबर से 03 अक्टूबर तक में प्रधान कार्यालय, मंडलों एवं कारखानों में राजभाषा पखवाड़ा कार्यक्रम से अवगत कराया।

# सार-संक्षेप



## बच्चें और महिलाएं सीख रही मूर्ति बनाना

**बिलासपुर**,15 सितंबर ( देशबन्धु) । हर साल की तरह इस साल भी बिरादरी पंचायत विनोबा नगर मे गणपति बनाना सिखाया गया। हमारे धर्म शास्त्रओं मे मिट्टी को पवित्र ओर शुद्ध मना गया है।ऐसी मान्यता है की इससे इच्छा पूर्ति भी जल्दी होती है ये इको फ्रेंडली भी होते है ।इसी कड़ी में बिरादरी पंचायत में मिट्टी के गणेश बनाना सिखाया गया जिसमे बच्चों ओर महिलाओ ने उत्साह दिखाया बिरादरी पंचायत की अध्यक्ष नीलू गिड़वानी ने बताया आयोजन हम प्रतिवर्ष करते हैं यह सनातन संस्कृति को बढ़ावा देता है।

जिसमे प्रशिक्षण ट्विंकल आडवाणी ओर कोमल शर्मा ने दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में चांदनी तोलानी, हर्षा सुखवानी, रेखा भोजवानी, साधना मंधवानी अन्नू आहूजा, कनक मोटवानी, प्रिया हरयाणी, माया साबवानी,रेशमा तोलानी,भारती सचदेव, बरखा तोलानी,मुस्कान सामनानी, अंजलि , रत्न जग्गा का सहयोग रहा। कार्यक्रम में सीख रहे टीचर का सम्मान किया गया अभी बच्चों ने मूर्तियां बनाकर खुशी जाहिर की वह ऐसे आयोजन के लिए नीलु गिडवानी ने सभी सदस्यों को बधाइयां दी।

## निजात अभियान के तहत कैंसर जागरूकता कार्यक्रम




**बिलासपुर** , 15 सितंबर (देशबन्धु)। बिलासा गुड़ी ऑडिटोरियम पुलिस लाईन में आयोजन बिलासपुर पुलिस और अपोलो हॉस्पिटल के द्वारा पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह आईपीएस निर्देशन में बिलासपुर पुलिस के द्वारा चलाये जा रहे निजात अभियान के द्वारा नारकोटिक्स/ड्रग्स और अवैध नशा के द्वारा होने वाले बीमारी जिसमें कैंसर जैसे गंभीर बीमारी जैसे कैंसर होने के कारण और बचाव के उपाय को डॉ. अमोल पेडेगांवकर, कैंसर सर्जन, अपोलो कैंसर सेंटर बिलासपुर और डॉ. अनिल कुमार यादव वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ, अपोलो हॉस्पिटल्स बिलासपुर द्वारा विस्तार से बताया गया । और उपस्थित लोगो द्वारा अपने मन की जिज्ञासा अनुसार ड्रग्स दवाईया गांजा आदि से होने वाले प्रतिकूल प्रभाव और हानि के संबंध में प्रश्न कर सही जानकारी प्राप्त किए जो उनके और उनसे संबंधित लोगों के लिए भी लाभकारी होगी। अपोलो कैंसर सैंटर की 10 वी वर्षगाठ के अवसर अपोलो कैंसर सैंटर (अपोलो हॉस्पिटल्स बिलासपुर) एवम पुलिस विभाग, बिलासपुर के संयुक्त तत्वाधान में मेगा कैंसर जागरूकता एवम निजात अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें पुलिस परिवार महिला ,एनसीसी बच्चे और पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे ।

## आवास में कब्जा किए लोगों को हटाया गया,हितग्राहियों को सौंपा गया

### राजकिशोर नगर के 15 आवास अतिक्रमण मुक्त



**बिलासपुर**, 15 सिंतबर (देशबन्धु)। राजकिशोर नगर के हर्ष श्रृंगार में आवास योजना के तहत बने मकानों में अवैध रूप से रह रहे 15 परिवारों को नगर निगम द्वारा हटाया गया। अतिक्रमण मुक्त किए गए आवासों को वास्तविक हितग्राहियों को सौंपा गया। निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत ने शहर में लगातार अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इसी तारतम्य में आज अतिक्रमण शाखा द्वारा राजकिशोर नगर के हर्ष श्रृंगार परिसर में बने आवास में लोगों द्वारा 15 मकानों को अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया था। जिसकी वजह से वास्तविक हितग्राही मकान में प्रवेश नहीं कर पा रहे थे। जानकारी मिलने पर आज निगम की टीम द्वारा अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आवास को अतिक्रमण से मुक्त किया गया है।

## 12 ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

**बिलासपुर,** 15 सिंतबर (देशबन्धु)। अधोसंरचना विकास हेतु उत्तर मध्य रेलवे के वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी रेलवे स्टेशन में वाशेबल अप्रोन का कार्य किया जाएगा । यह कार्य 16 सितम्बर से अर्थात 35 दिनो तक वाशबले अप्रोन का कार्य किया जाएगा ।इसके कार्य के फलस्वरुप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली कुछ यात्री गाड़ियो का परिचालन प्रभावित रहेगा । जिसकी जानकारी इस प्रकार है।



***रद्द होने वाली ट्रेनें***

16, 18, 21, 23, 25 एवं 28 सितम्बर को दुर्ग से चलने वाली 12823 दुर्ग-निज़ामुद्दीन संपर्क क्रांति एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 17, 19, 22, 24, 26 एवं 29 सितम्बर को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 12824 निज़ामुद्दीन-दुर्ग संपर्क क्रांति एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 19 एवं 26 सितम्बर, को दुर्ग से चलने वाली 12549 दुर्ग-उधमपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 21 एवं 28 सितम्बर को उधमपुर से चलने वाली 12550 उधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 16 एवं 28 सितम्बर को कोरबा से चलने वाली 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 18 एवं 30 सितम्बर, को अमृतसर से चलने वाली 18238 अमृतसर- कोरबा छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 16, 18, 19, 20, 21, 23, 25, 26, 27 एवं 28 सितम्बर को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 12410 निज़ामुद्दीन-रायगढ़ गोडवाना एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 18, 20, 21, 22, 23, 25, 27, 28, 29 एवं 30 सितम्बर को रायगढ़ से चलने वाली 12409 रायगढ़-निज़ामुद्दीन गोडवाना एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 19, 22 एवं 26 सितम्बर को दुर्ग से चलने वाली 22867 दुर्ग-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 20, 23 एवं 27 सितम्बर को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 22868 निज़ामुद्दीन-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 20 एवं 27 सितम्बर को दुर्ग से चलने वाली 20847 दुर्ग-उधमपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 21 एवं 28 सितम्बर को उधमपुर से चलने वाली 20848 उधमपुर-दुर्ग- एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

## पश्चिम मध्य रेलवे में कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास कार्य हेतु पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में संरक्षा से संबन्धित कार्य किया जायेगा । इस कार्य के फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा । जिसका विवरण इस प्रकार है।

***रद्द होने वाली ट्रेनें***

16 सितम्बर से 18 अक्टूबर तक बिलासपुर से चलने वाली गाडी संख्या 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 18 सितम्बर से 20 अक्टूबर तक भोपाल से चलने वाली गाडी संख्या 18235 भोपाल -बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 16 सितम्बर से 19 अक्टूबर तक कटनी से चलने वाली गाडी संख्या 06617 कटनी-चिरमिरी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी । 17 सितम्बर से 20 अक्टूबर तक बिलासपुर से चलने वाली गाडी संख्या 06618 चिरमिरी-कटनी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में आज से स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ

**बिलासपुर** , 15 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय रेलवे द्वारा स्वच्छ-रेल स्वच्छ-भारत के तहत स्वच्छता ही सेवा-पखवाडा का 16 से 30 सितम्बर तक आयोजन किया जा रहा है ।इस स्वच्छता पखवाडा में रेल यात्रियों से पर एवं यात्रा के दौरान मेरी सीट मेरा डब्बा अभियान के अंतर्गत साफ-सफाई एवं स्वच्छता बनाए रखने का विशेष आह्वान किया जाएगा। इस स्वच्छता-पखवाडा के दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में प्रत्येक दिवसों के थीम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा । स्वच्छता-पखवाडा के दौरान इस आयोजन के सफलतापूर्वक निष्पादन के लिए जोनल एवं मंडल स्तर पर तथा विभिन्न वर्कशॉप में नोडल अधिकारियों को नामित किया गया है, जो अपने क्षेत्र में स्वच्छता को सुनिश्चित करते हुए जोनल एवं मंडल मुख्यालय को अपना रिपोर्ट प्रति दिन प्रस्तुत करेंगे ताकि समग्र जोन की रिपोर्ट मुख्यालय से बोर्ड को भेजी जा सके ।इसके साथ ही साथ विभिन्न स्तरों पर तीनों रेल मंडलो के सभी खंडो पर अनेक कार्यक्रमों के साथ सेमिनार आदि भी आयोजित कर जागरूकता फैलाई जायेगी । रेलवे स्टेशनों पर पीए सिस्टम उदघोषणा सीसीटीवी पर विज्ञापन के माध्यम से भी यात्रियो से स्वच्छता अपनाने एवं उनसे भी जागरूकता फैलाने का अनुरोध किया जा रहा है ।

16 से 30 सितम्बर तक चलने वाले इस स्वच्छ-रेल स्वच्छ-भारत पखवाडा में मुख्यालय के साथ-साथ तीनों रेल मंडलों में भी इसे वृहद् रूप से मनाये जाने की रूपरेखा बना ली गयी है । तीनों रेल मंडलों में स्वच्छ-रेल स्वच्छ-भारत पखवाडा के दौरान स्वच्छता की शपथ एवं पूरे 15 दिनों तक रेलवे के कार्यालय, रेलवे स्टेशन, प्लेटफार्म, ट्रैक, कालोनी, रेलवे तरीकों के दोनो ओर की सफाई आदि सुनिश्चित की जायेगी एवं आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने एवं इसे आदत में शामिल करने सम्बंधित जानकारी एवं जागरूकता फैलाई जायेगी। 16 से 30 सितम्बर तक चलने वाले इस स्वच्छ-रेल स्वच्छ-भारत पखवाडा में पूरे 15 दिनों तक आयोजित कार्यक्रम को प्रतिदिन एक अलग-अलग थीम दी गयी है । पहले से पन्द्रहवें दिवस तक इस पखवाड़े में थीम रहेगी जो क्रमश है । 16को स्वच्छ शपथ और स्वच्छ जागरूकता इस थीम के अंतर्गत जोन मुख्यालय, मंडल मुख्यालय एवं सभी कारखानों में स्वच्छता से सम्बंधित सभी रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियो के द्वारा स्वच्छता पखवाडा का शुभारंभ एवं रेलवे अधिकारियों के कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई जाएगी एवं स्वच्छ रेल-स्वच्छ भारत के स्लोगन के आधार प्रभात फेरी निकालकर, उपस्थित कार्यालयों में कार्मचारियों के द्वारा जागरूकता फैलाई जायेगी ।ट्रेनों पर भी सफाई के लिए जागरूकता फैलाई जायेगी । 17 को स्वच्छ संवाद इस थीम के अंतर्गत सभी रेलवे स्टेशनों




सेमिनार के मध्यम स्टेशनों साफ-सफाई पर ज़ोर देना । विभिन्न जगहों पर प्रभात फेर, नाटक के माध्यम से एवं कालोनियों में घर-घर जाकर कालोनी वासियों, स्टेशन पर यात्रियों, कार्यालयों पर कार्मचारियों के मध्य सेमीनार, भाषण ष्ष्टष्ठ्रञ्जङ्क से एवं स्काउट एवं गाईड के सदस्यों के द्वारा जागरूकता फैलाई जायेगी । 18 तथा 19-09-23 को स्वच्छ स्टेशन इस थीम के अंतर्गत सभी स्टेशन परिसरो में विशेष अभियान चलाया जाएगा कही भी कचरा डंप करने के जगहों को साफ़ किया जाएगा । स्टेशन पर उद्घोषणा कर, नाटक के माध्यम से स्टेशन पर यात्रियों, स्टेशन कार्यालयों में कार्मचारियों के मध्य सेमीनार, भाषण से एवं स्काउट एवं गाईड के सदस्यों के द्वारा जागरूकता फैलाई जायेगी । 20 तथा 21-09-23 को स्वच्छ रेल गाड़ी ऑन बोर्ड हाउस कीपिंग प्रणाली के तहत गाडियों में यात्रियों को उपलब्ध कराई गई सेवाओं में सुधार करने के लिए और स्वच्छ हालत में कोच परिसर को रखने के लिए प्रत्येक गाडियों में सफाई कर्मचारी की नियुक्ति की गई है ।इसका बेहतर प्रबंधन हेतु रेलवे के अधिकारियों द्वारा इसकी मॉनिटरिंग तथा इसका सभी डिवीजन से भी इसकी काउंसलिंग कराई जा रही है ।इसके अलावा यात्रियों को कोच को साफ रखने एवं कचरे को डस्टबिन में डालने के लिए अनुरोध भी किया जाएगा ।22-09-23 को स्वच्छ पटरी इस थीम के अंतर्गत रेल पटरियो पर विशेष अभियान चलाया जाएगा ।इस दौरान यात्रियों से भी स्वच्छता के लिए अपील की जायेगी, अतिरिक्त डस्टबीन रखे जायेंगे ।जिससे रेल यात्रियो के द्वारा कचरा को रेल पटरी पर न डाले और कचरा को डस्टबीन में डालने का जागरूकता आभियान चलाया जायेगी । 23 को स्वच्छ रेल परिसर इस थीम के अंतर्गत स्टेशन परिसर, रिटायरिंग रूम, डोरमेट्री , प्रतीक्षालय, रनिन्गरूम, कार्यालय परिसर, हास्पिटल, स्वास्थ्य केंद्र, डिपो, ट्रेनिंग स्कूल एवं कालोनियों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा कही भी कचरा डंप करने के जगहों को साफ़ किया जाएगा, जिसे कर्मचारियों द्वारा एवं श्रमदान के द्वारा भी किया जाएगा । नाटक के माध्यम से एवं कालोनियों में घर-घर जाकर कालोनी वासियों, स्टेशन पर यात्रियों, कार्यालयों पर कार्मचारियों के मध्य सेमीनार, भाषण से एवं स्काउट एवं गाईड के सदस्यों के द्वारा जागरूकता फैलाई जायेगी । 24 तथा 25-09-23 को स्वच्छ आहार इस थीम के अंतर्गत स्टेशन पर स्टेशनों पर लगे खान-पान के सामानों की नापतौल के साथ उनकी गुणवत्ता के विषय में जांच की जायेगी, स्टेशनों पर खाने के सामन बनाने के जगह, रसोई, केन्टीन, कचरा फेकने के स्थान पर सफाई रखी जायेगी, साथ ही रनिंग रूम के किचन, प्रशिक्षण केन्द्रों के किचन आदि की भी जांच करते हुए सफाई को सुनिश्चित की जायेगी ।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल विश्वकर्मा योजना का करेंगे शुभारंभ

**बिलासपुर** , 15 सितंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर 17 सितंबर, को सुबह करीब 11 बजे इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर, द्वारका, नई दिल्ली में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पीएम विश्वकर्मा नाम से एक नई योजना लॉन्च करेंगे । पारंपरिक शिल्प में लगे लोगों को सहायता प्रदान करना प्रधानमंत्री का निरंतर फोकस रहा है। यह फोकस न केवल कारीगरों और शिल्पकारों को आर्थिक रूप से समर्थन देने की इच्छा से प्रेरित है, बल्कि स्थानीय उत्पादों, कला और शिल्प के माध्यम से सदियों पुरानी परंपरा, संस्कृति और विविध विरासत को जीवित और समृद्ध बनाए रखने की इच्छा से भी प्रेरित है।

### NECC

| 16.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 495 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.00 | 100 | 195 |

डिलीवरी 5.10 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188